वर्ष 69 अंक 76 पृष्ठ 12
भोपाल, रविवार 14 दिसंबर, 2025
पौष कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
Sunday
www.dainikjagranmpcg.com

**मेसी के कार्यक्रम में हंगामा: कोलकाता के स्टेडियम में तोड़फोड़, ममता ने मांगी माफी**

# देर से आये और महज 22 मिनट में चले गये मैसी, प्रशंसक भड़के, मचाया उत्पात

**कोलकाता, जेएनएन।** महान फुटबॉलर लियोनल मैसी के भारत दौरे का कोलकाता पड़ाव अव्यवस्था और नाराजगी की भेंट चढ़ गया। शनिवार को सॉल्ट लेक स्टेडियम में मैसी, उरुग्वे के स्ट्राइकर लुईस सुआरेज और अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल फैंस से मिलने पहुंचे। तीनों महज 22 मिनट में ही स्टेडियम से निकल गए। इससे नाराज दर्शकों ने स्टैंड से कुर्सियां और बोतलें फेंकनी शुरू कर दीं, मैदान पर लगे टेंट उखाड़ दिए और कुछ जगहों पर अफरा-तफरी मच गई। एक फैन के घायल होने की भी सूचना है। कार्यक्रम के लिए 12 हजार रुपये तक के टिकट लेकर पहुंचे कई दर्शकों का आरोप है कि मेसी सामने ठीक से आए ही नहीं। एक फैन ने कहा, 'मैसी के आसपास सिर्फ नेता व सेलिब्रिटी थे। हमें बुलाया क्यों गया? हमने पैसे दिए, पर चेहरा भी नहीं देख पाए।' नाराजगी का बड़ा कारण यही रहा कि जिस इंटरेक्शन और समय की उम्मीद थी, वह नहीं मिला।





### आयोजक गिरफ्तार, जांच के लिए बनाई गई उच्चस्तरीय समिति

हंगामे के बाद सीएम ममता बनर्जी ने घटना पर खेद जताया और मैसी व खेल प्रेमियों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि कुप्रबंधन देखकर उन्हें दुख हुआ है और मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। राज्य के एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने बताया कि मुख्य आयोजक सताद्रू दत्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक आयोजकों ने टिकट राशि लौटाने का वादा किया है।

### आधिकारिक कार्यक्रम नहीं: एआईएफएफ राज्यपाल ने तलब की विस्तृत रिपोर्ट

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ)ने भी स्पष्ट किया कि यह उसका आधिकारिक कार्यक्रम नहीं था। उधर, इस मामले में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संज्ञान लेते हुए पहले ही टिकटों की ऊंची कीमत और व्यवस्थाओं को लेकर राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की थी। राजभवन को फैंस की कई शिकायतें मिली थीं कि टिकट आम दर्शकों की पहुंच से बाहर थे।

### उधर, हैदराबाद में इवेंट शांतिपूर्ण

कोलकाता के उलट, हैदराबाद में 'GOAT इंडिया' टूर का आयोजन शांतिपूर्ण रहा। राजीव गांधी उप्पल स्टेडियम में म्यूजिकल नाइट और लेजर शो के बाद मैत्री मैच खेला गया। मेसी मैदान पर उतरे और सीएम रेवंत रेड्डी के साथ फुटबॉल खेला। मेसी ने गोल भी किया और एक किक फैंस की ओर भेजी, जिसे लेने की होड़ मच गई।

**सुरक्षा बढ़ाई गई:** कोलकाता की घटना के बाद नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 15 दिसंबर को प्रस्तावित सम्मान समारोह के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अंदर की जिम्मेदारी विशेष बलों को और बाहर की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस को सौंपी गई है।

**इसलिए भड़के समर्थक:** कार्यक्रम की रूपरेखा और वास्तविकता में बड़ा अंतर रहा। फैंस लंबे समय तक इंतजार करते रहे, जबकि खिलाड़ियों की मौजूदगी अपेक्षा से बहुत कम रही। कई दर्शक यह भी कहते दिखे कि मंच और मैदान के पास चुनिंदा लोगों को तरजीह दी गई।

**भोपाल-इंदौर मार्ग पर विक्रमादित्य द्वार निर्माण का भूमि-पूजन**

# शादी और मृत्युभोज में न करें दिखावा-फिजूलखर्ची: सीएम

**जागरण, भोपाल।** अपने चिकित्सक पुत्र का विवाह सामूहिक सम्मेलन में कर देश-प्रदेश के लोगों के लिए आदर्श प्रस्तुत करने वाले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेशवासियों से शादी और मृत्युभोज के कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची न करने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस तरह की फिजूलखर्ची बंद होना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों पर दिखावा करने की बजाय बच्चों को पढ़ाना महत्वपूर्ण है। हर परिवार को धन की बचत कर बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करना चाहिए। साथ ही उन्होंने सामाजिक समरसता के लिए प्रयास करने का भी आव्हान किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को भोपाल-सीहोर मार्ग पर फंदा स्थित महाराणा प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह आव्हान किया। कार्यक्रम में भोपाल-इंदौर पर मार्ग पर सम्राट विक्रमादित्य स्वागत द्वार के निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया गया। सीएम ने कहा कि यह अद्भुत संयोग है कि एक तरफ भोपाल में भव्य विक्रमादित्य द्वार का भूमिपूजन कर हम प्रदेश की विरासत संजोने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं शहर को स्वच्छ, सुलभ और प्रदूषण रहित परिवहन सेवा देने के लिए पीएम ई-बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमिपूजन हो रहा है।



### सामाजिक समरसता पर जोर

सीएम ने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि गरीब परिवार कर्ज या जमीन बेचकर कार्यक्रमों में फिजूलखर्च करता है। जमीन कभी नहीं बेचना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों में पैसा बिल्कुल मत उड़ाना।

**भोपाल में बनेंगे नौ स्वागत द्वार:** सीएम ने कहा कि प्रदेश के गौरवशाली अतीत और समृद्ध संस्कृति को अभिव्यक्त करते हुए भोपाल में 9 स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। भोपाल में राजा भोज, सम्राट विक्रमादित्य, श्रीराम, श्रीकृष्ण के नाम पर भी भव्य स्वागत द्वार बनेंगे।

**फंदा का नाम अब हरिहर नगर:** कार्यक्रम में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने फंदा ब्लाक का नाम हरिहर नगर करने की मांग की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इसके प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अंदर के पन्नों पर

हाईप्रोफाइल जुए को लेकर गैंगवार, गुंडे को... ( पेज-04)



परंपरा, विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम... ( पेज-05)
डुप्लीकेट व 85 से अधिक उम्र के लोगों का वेरिफिकेशन...(पेज-06)



तीसरे मैच में गिल की बल्लेबाजी पर रहेंगी नजरें...(पेज-10)
दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री का अंतर बुजुर्ग...(पेज-12)

**पूर्व मुख्यमंत्री के दिल्ली-भोपाल के बंगलों पर हाई अलर्ट**

# इंटेलिजेंस इनपुट: आईएसआई जुटा रही है शिवराज के बारे में जानकारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा व्यवस्था अचानक कड़ी कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार यह फैसला केंद्रीय गृह मंत्रालय को मिली खुफिया जानकारी के बाद लिया गया है। बीते दिनों शिवराज सिंह पंजाब दौरे पर गए थे और यहां किसानों से चर्चा के दौरान खेतों का जायजा लेने पहुंचे थे। खुफिया इनपुट में बताया गया है कि इसी दौरान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने शिवराज के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाना शुरू की थी। इसका खुलासा होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता वाली श्रेणी में डाल दिया है। इसके बाद शुक्रवार देर रात उनके भोपाल स्थित सरकारी बंगले पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने के साथ ही बैरिकेड्स लगा दिए गए। शिवराज को फिलहाल जेड प्लस सुरक्षा हासिल है।



### सुरक्षा को लेकर चिंता के कारण

इंटेलिजेंस के लिए शिवराज की सुरक्षा उनके सीएम पद से हटने के बाद भी प्राथमिकता में थी। शिवराज के समय ही 2016 में आतंकी संगठन सिमी के सदस्यों ने जेल ब्रेक कांड किया था जिन्हें एनकाउंटर में मार गिराया था। इसके बाद 2018-19 में बालाघाट और पड़ोसी नक्सल प्रभावित इलाकों में सक्रिय माओवादी समूहों ने भी उन्हें धमकी दी थी। 2018 में उनकी जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान सीधी और चुरहट में उनकी बस पर पथराव भी हो चुका है। वहीं कुछ राजनीतिक संभावना यह भी जताई जा रही है कि सुरक्षा बढाने से अनुमान लगाया जा सकता है कि उनकी ताजपोशी आने वाले दिनों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर भी की जा सकती है। बहरहाल, इंटेलिजेंस इनपुट मिलने के बाद भोपाल और दिल्ली में चौहान के सरकारी आवासों पर सुरक्षा का घेरा कड़ा कर दिया गया है। भोपाल में 74 बंगला इलाके में लिंक रोड स्थित बंगले के चारों तरफ से बैरिकेड लगाकर कवर कर दिया गया है। पुलिस अफसरों के अनुसार समीक्षा के दौरान बंगले पर कुछ कमियां पाई गई थीं।

# अवैध हिरासत मामले में जेल अधीक्षक पर 25 हजार का जुर्माना

**जागरण, जबलपुर।** सजा खत्म होने के बाद कैदी को 17 दिनों तक अवैध हिरासत में रखना जेल अधीक्षक को भारी पड़ा है। उच्च न्यायालय जबलपुर ने इस लापरवाही पर सख्त रुख दिखाया है। अदालत ने लापरवाही करने वाले सागर के जेल अधीक्षक पर 25 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। इतना ही नहीं, 17 दिन की ज्यादा सजा भुगतने वाले कैदी को छूट दी है कि वह चाहे तो मुआवजे के लिए भी दावा कर सकता है।

जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस रामकुमार चौबे की डिवीजन बेंच ने यह आदेश दिया है। टीकमगढ़ जिले के डीगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मड़वारा निवासी अरविंद कुशवाहा ने अपनी याचिका में दावा किया था कि जेल प्रशासन ने उसे अवैध रूप से कैद में रखा। डीजे वाहन से एम्पलीफायर चोरी के जुर्म में जेल भेजे गए अरविंद की सजा 4 नवंबर 2025 को पूर्ण हो गई थी। मगर जेल प्रशासन ने 20 नवंबर तक कैद में रखा। अधिवक्ता संजना यादव ने कोर्ट को बताया कि उनके याचिकाकर्ता को अब रिहा कर दिया गया है, लेकिन उसे 17 दिनों तक गैरकानूनी रूप से जेल में रखा गया, जो गंभीर लापरवाही का मामला है। मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सागर जेल अधीक्षक पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने निर्देश दिए कि यह राशि उनसे वसूल कर जमा कराई जाए। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी है कि वह 17 दिनों की अवैध हिरासत के लिए उचित मुआवजा पाने के लिए दावा कर सकता है।



**हाईकोर्ट का आदेश, चोरी पर काटी सजा, मुआवजा दावा की भी छूट**

**फर्जी टैक्स कटौती के दावे**

## सीबीडीटी सख्त, टैक्सपेयर्स के लिए 'नज' अभियान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आयकर कानून के तहत फर्जी कटौती और छूट के दावों पर सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स (सीबीडीटी) ने कार्रवाई तेज कर दी है। कर विभाग अब डेटा-आधारित तरीके से संदिग्ध आयकर रिटर्न और टैक्स चोरी में मदद करने वाले बिचौलियों की पहचान कर रहा है। इसके साथ ही करदाताओं को स्वेच्छा से रिटर्न संशोधित करने के लिए 'नज' (एनयूडीजीई) अभियान के जरिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। सीबीडीटी के मुताबिक हालिया अभ्यास में ऐसे कई बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जो कमीशन के बदले आयकर रिटर्न दाखिल कर गलत कटौती और छूट के दावे करवा रहे थे। जांच में सामने आया कि कुछ बिचौलियों ने देशभर में एजेंट नेटवर्क बना रखे थे, जिनके जरिए टैक्स देनदारी कम दिखाने और फर्जी रिफंड लेने के उद्देश्य से झूठे दावे किए जा रहे थे। कर विभाग ने बताया कि फर्जी दावों का बड़ा हिस्सा रजिस्टर्ड राजनीतिक दलों और चैरिटेबल संस्थाओं को दिए गए कथित दान से जुड़ा था। प्रवर्तन कार्रवाइयों के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों से पता चला कि कई संस्था और पार्टियां न तो रिटर्न दाखिल कर रहे थे, न ही अपने पंजीकृत पते पर सक्रिय पाए गए और न ही किसी राजनीतिक गतिविधि में शामिल थे। आरोप है कि ऐसे संगठनों का इस्तेमाल धन की रूटिंग, हवाला लेनदेन, सीमा-पार रेमिटेंस और फर्जी दान रसीदें जारी करने के लिए किया जा रहा था।






## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों की दिल की बीमारियों का परीक्षण आज जेपी में

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** बच्चों के दिल के विभिन्न रोगों की जांच के लिए संभाग स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर रविवार को जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में भोपाल संभाग के सभी जिलों से आरबीएसके टीम द्वारा हृदय रोग के लिए चिन्हित बच्चे जांच के लिए आएंगे। शिविर के लिए क्षेत्रीय संचालक भोपाल द्वारा संभाग के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से समन्वय कर व्यवस्थाएं की गई है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की इको जांच निशुल्क की जाएगी। शिविर में में भोपाल, बैतूल, हरदा , होशंगाबाद , रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा के हितग्राही सम्मिलित होंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशन में संभाग स्तरीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। हृदय रोग से ग्रस्त पाए गए बच्चों का उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निशुल्क किया जाएगा।

### डायल-112 ने की घायलों और वृद्ध महिला की मदद




**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एमपी पुलिस की डायल-112 ने दो अलग-अलग घटनाओं में घायलों और वृद्ध महिला की मदद कीष पहला मामला विदिशा जिले के ग्यारसपुर थाने के धनसिंहपुर चक गांव का है। यहां दो मोटरसाइकिलों में टक्कर में चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल डायल 112 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर पहुंचाया। इसी तरह उज्जैन के थाना महिदपुर में टीम को वृद्ध महिला मिलीं, जो रास्ता भटक गई थीं। महिला ने अपना नाम रेखा देवी निवासी ग्राम डेल्ची बताया। वह अपने गांव से लसूडिया जाने के लिए निकली थी, लेकिन रास्ता भटक गई थी। टीम ने वृद्ध महिला को बाद में उनके परिजनों के हवाले कर दिया।

### गंदगी फैलाने वालों से रेलवे ने वसूला 24 लाख जुर्माना

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे ने भोपाल, जबलपुर और कोटा मंडलों के सभी स्टेशनों पर अप्रैल से नवंबर तक आठ आठ माह में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 12550 व्यक्तियों से 24 लाख 82 हजार 940 रुपए जुर्माना वसूला गया। इनमें रेल यात्री और वेंडर शामिल हैं। नवंबर माह में प्लेटफॉर्म, ट्रेन और सर्कुलेटिंग एरिया गंदा करने वाले 1331 व्यक्तियों को पकड़ कर उनसे 2 लाख 70 हजार 850 रुपए जुर्माने के तौर पर वसूले गए। जुर्माने के साथ इन लोगों को यह समझाइश भी दी गई कि वे आगे से स्वच्छता में सहयोग करें। रेल प्रशासन का दावा है कि स्टेशनों का वातावरण स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

### टलता जा रहा बड़े तालाब के सीमांकन का कार्य

**भोपाल।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के बावजूद भी प्रशासन बड़े तालाब का सीमांकन टालता जा रहा है। दो महीने पहले बैरागढ़ क्षेत्र में बड़े तालाब का सीमांकन 15 पटवारियों, नगर निगम व वन विभाग की टीम ने शुरू किया था, लेकिन कैचमेंट एरिया में दलदल होने की बात कहकर तालाब का सीमांकन रोक दिया गया था। बाकी शहर वृत, टीटी नगर, हुजूर क्षेत्र में आने वाले तालाब क्षेत्र का सीमांकन शुरू ही नहीं किया गया। इससे पता ही नहीं चल पा रहा है कि शहरी क्षेत्र में आने वाले तालाब के 50 मीटर दायरे और ग्रामीण क्षेत्र में तालाब के 250 मीटर दायरे में कितने और किसके अतिक्रमण हैं।

# आईएएस संतोष वर्मा की बर्खास्तगी पर केंद्र जल्द लेगा फैसला, 10 दिन टाला आंदोलन

## सामाजिक तनाव बढ़ाने और आपराधिक मामलों के कारण पद से हटाने का प्रस्ताव

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को बर्खास्त करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र के फैसले का इंतजार है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शुक्रवार को डीओपीटी को भेजे प्रस्ताव में आरोप लगाया गया है कि अजाक्स के अधिवेशन में वर्मा के बयान से राज्य में सामाजिक तनाव की स्थिति बनी है और इसके खिलाफ सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संघों एवं जनप्रतिनिधियों से शासन को कई ज्ञापन मिले हैं। इन सभी में वर्मा के आचरण को अखिल भारतीय सिविल सेवा नियमों के खिलाफ बताते हुए उन्हें सेवा से हटाने (बर्खास्त) करने की मांग की गई। पत्र में लिखा गया है कि 2012 बैच के आईपीएस संतोष वर्मा ने 23 नवंबर को भोपाल में अजाक्स के अधिवेशन में जो भाषण दिया उससे उपजे सामाजिक तनाव के कारण उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया जाए।

### आपराधिक मामलों के कारण संवीक्षा प्रमाणित नहीं हुई थी

शासन ने कार्मिक मंत्रालय को भेजे पत्र प्रस्ताव में बताया है कि वर्मा राज्य



प्रशासनिक सेवा के 1996 बैच के अधिकारी हैं और उन्हें 2020 में आईएएस अवार्ड हुआ था। 2019 में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामला लंबित होने के कारण उनकी संवीक्षा प्रमाणित नहीं हुई थी और 6 अक्टूबर 2020 को उनके द्वारा पेश किए गए एक कोर्ट आदेश में दावा किया गया कि उन्हें इस केस में दोषमुक्त किया गया है। इसी आदार पर राज्य सरकार ने 16 अक्टूबर 2020 को उनकी संवीक्षा प्रमाणित की, जिस आधार पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने 6 नवंबर 2020 को उन्हें आईएएस अवार्ड कर दिया। इस मामले में उजागर हुआ कि कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश जारी ही नहीं किया था। इसे फर्जी पाए जाने पर वर्मा के खिलाफ एक और मामला दर्ज कर उन्हें 10 जुलाई 2021 को गिरफ्तार किया गया। 27 जनवरी 2022 को उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। वर्मा को पुलिस कस्टडी में 48 घंटे से अधिक समय तक रहने के कारण 13 जुलाई 2021 को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही शुरू की गई। बाद में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) जबलपुर के आदेश पर 28 जनवरी 2025 को वर्मा बहाल कर दिया गया। इस प्रस्ताव में लिखा गया है कि वर्मा के खिलाफ विभागीय जांच जारी है और कोर्ट के जिस आदेश के आधार पर उन्हें आईएएस पद पर प्रमोशन मिला था, वह सही नही था। इसी आधार पर वर्मा को आईएएस के पद पर नियुक्त करने के निर्णय पर सरकार फिर से विचार करे।

### आपराधिक मामलों को बनाया कार्रवाई का आधार

राज्य सरकार की सामान्य प्रशासन विभाग की अवर सचिव की तरफ से आईएएस संतोष कुमार वर्मा की बर्खास्तगी के प्रस्ताव में उनके द्वारा ब्राह्मणों की बेटियों को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयानों का विस्तार से जिक्र नहीं किया गया है। इसके अलावा इस प्रस्ताव में वर्मा द्वारा एससीएसटी वर्ग के लोगों का सिविल जज पद पर चयन नहीं होने को लेकर हाईकोर्ट पर पक्षपात का आरोप लगाने वाले बयान का भी उल्लेख प्रस्ताव में नहीं है। सरकार द्वारा वर्मा की बर्कास्तगी का प्रस्ताव भेजे जाने के बाद सवर्ण समाज ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास के घेराव का कार्यक्रम 10 दिनों के लिए टाल दिया है। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के साथ मिलकर कई अन्य सामाजिक संगठन और मंत्रालय अधिकारी कर्मचारी सेवा संघ वर्मा के खिलाफ आंदोलन की तैयारी कर रहे थे।

# इंस्पेक्टर, प्रधान आरक्षक के पदों ने लगाया बैंड की भर्ती पर ब्रेक

## इन पदों पर सीधी भर्ती का प्रावधान ही नहीं



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना के प्रस्ताव के बाद मंजूर दिए गए 932 पदों पर भर्ती अटकने का सबसे बड़ा कारण इस लिस्ट में शामिल इंस्पेक्टर के 10 और प्रधान आरक्षक के 170 पद हैं। गृह विभाग ने कौबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद पुलिस बैंड के लिए इन 932 पदों को भरने की मंजूरी फरवरी माह में ही पुलिस मुख्यालय को भेज दी थी। इसके बाद भी इन पदों पर भर्ती अटकी हुई है कि इन दोनों पदों पर सीधा भर्ती का कोई प्रावधन पुलिस भर्ती मैन्युअल में नहीं है। पुलिस के नियम के अनुसार इंस्पेक्टर का पद सब इंस्पेक्टर के प्रमोशन और प्रधान आरक्षक का पद आरक्षक की पदोन्नति से ही भरा जा सकता है। पीएचक्यू पिछले 10 माह से इस समस्या का समाधान खोजने में जुटा है, जिसके कारण पुलिस बैंड के पदों की नियुक्ति लगातार टलती जा रही है।

### दो साल पहले घोषणा, भर्ती के लिए अब तक इंतजार

दिसंबर 2023 में सीएम बनने के बाद डॉ मोहन यादव ने अपराधों की पहली समीक्षा बैठक में ही अफसरों को निर्देश दिए थे कि हर जिले में पुलिस बैंड होना चाहिए। इसके बाद पुलिस बैंड की संख्या 5 से बढ़ाकर 55 करने के प्रयास शुरू हुए और पीएचक्यू ने पुलिस बैंड के लिए जिलों को ए, बी और सी ग्रेड में बांटा था। इसके बाद तेजी से पुलिस बैंड के लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई लेकिन बाद में इस पर ब्रेक लग गया। गृह मंत्रालय से मंजूरी के बाद इन पदों पर इस साल भर्ती की प्रक्रिया पूरी होकर नियुक्तियां हो जानी थीं, लेकिन नियमों के फेर में उलझे 180 पदों के कारण सभी 932 पदों पर भर्ती अटकी हुई है।

### अब पीएचक्यू में घूम रही फाइल, नहीं निकल रहा समाधान

एमपी के हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना की घोषणा सीएम डॉ मोहन यादव ने की थी। बैंड के लिए जरूरी 932 पदों पर नियुक्ति की फाइल गृह विभाग ने फरवरी माह में ही मंजूर कर पीएचक्यी भेज दी। एमपी में इसके लिए बैंड इंस्पेक्टर के 10, बैंड सब इंस्पेक्टर के 38, बैंड एएसआई के 72, बैंड प्रधान आरक्षक के 170 और बैंड आरक्षक के 642 नए पदों के सृजन को गृह विभाग की मंजूरी मिले 10 माह बीत गए लेकिन इसकी भर्ती प्रक्रिया में नियम आड़े आ गए। पुलिस महकमे में इंस्पेक्टर और प्रधान आरक्षक के पदों पर सीधी भर्ती का प्रवधान नहीं है, इसके कारण लिस्ट में शामिल सब इंस्पेक्टर, एएसआई और आरक्षकों के पदों पर भी भर्ती नहीं हो पा रही है। पुलिस सामान्य तौर पर सब इंस्पेक्टर, एएसआई और आरक्षक के पदों पर ही सीधी भर्ती करती है। इन भर्तियों की जिम्मेदारी देख रही पीएचक्यू की विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) शाखा ने चयन एवं भर्ती शाखा से जानकारी मांगी है कि प्रमोशन के जरिए भरे जाने वाले इंस्पेक्टर और प्रधान आरक्षक के पदों पर सीधा भर्ती की जा सकती है या नहीं। ऐसे में इन पदों फाइल अब पीएचक्यू की शाखाओं में घूम रही है और इसका समाधान नहीं खोजा जा सका है।

> पुलिस बैंड के पदों को लेकर जो क्वेरी आई थीं, उनका जवाब दे दिया गया है। आगे की कार्यवाही एसएएफ से ही होगी।
>
> ■ **वीरेंद्र सिंह, डीआईजी,** चयन एवं भर्ती, पीएचक्यू

# राहतः सेंट्रल पे प्रोसेसिंग सिस्टम से अब समय पर होगा वेतन भुगतान

## नये साल से लागू होगी वेतन भुगतान की नयी व्यवस्था, कर्मचारी हो रहे थे परेशान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** अधिकारी-कर्मचारियों को वेतन मिलने में हो रही देरी को देखते हुए अब नया सिस्टम तैयार किया गया है। इसके लिए सेंट्रलाइज पे प्रोसेसिंग (केंद्रीयकृत वेतन प्रक्रिया) शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि नये सिस्टम से नये साल के प्रथम सप्ताह में सभी को भुगतान हो जाएगा। जनवरी से कर्मचारियों को समय पर वेतन देने कोष-लेखा कमिश्नर ने पत्र लिखते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश के नियमित एवं गैर नियमित कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी होती है। आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा आईएफएमआईएस के पे-रोल मॉड्यूल से वेतन जनरेट किया जाता है। वेतन देयक भुगतान के लिए कोषालय भेजे जाते हैं। कई डीडीओ वेतन जारी करने समय पर कार्रवाई नहीं करते हैं। अब नई व्यवस्था में सभी कैडर के कर्मचारियों को हर माह की एक तारीख को आईएफएमआईएस से सेंट्रलाइज्ड पे प्रोसेसिंग करते हुए वेतन दिया जाएगा।



**लंबे समय से चल रहा था मैदानी अध्ययन :** कोष एवं लेखा ने नई व्यवस्था लंबे समय से चल रहे मैदानी अध्ययन और कर्मचारियों को आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बनाई है। नियम के अनुसार माह के प्रथम सप्ताह की पहली व दूसरी तारीख को ही वेतन का भुगतान होना चाहिए। कई विभागों में दो-दो सप्ताह विलंब से वेतन दिए जाते हैं। समय पर वेतन भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारी और अधिकारी परेशान हैं। भुगतान के अभाव में बैंकों में चेक बाउंस हो जाते हैं। वेतन में विलंब होने से कर्मचारियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### कर्मचारियों का इसलिए लेट हो रहा था वेतन

अभी तक कर्मचारी और अधिकारियों का वेतन भुगतान करने हर विभाग में डीडीओ द्वारा बिल तैयार कर कोषालयों में भेजे जाते थे। कई विभागों में निर्धारित समय पर बिल कोषालयों तक नहीं पहुंच पाते थे। जैसे-तैसे यह देयक ट्रेजरी पहुंचे तो वहां पर कई कारणों से वेतन बिलों की गणना और परीक्षण के नाम पर अटका दिया जाता है। इसके चलते विभाग को समय पर वेतन देने नया रास्ता तालशना पड़ता था। अब माह की 20 तारीख तक हर विभाग के डीडीओ को वेतन तैयार करना होंगे। इसकी प्रतिदिन की स्थिति की जानकारी राज्य मुख्यालय तक देना होगी। केन्दीयकृत व्यवस्था में विभाग उस अधिकारी से तत्काल जवाब भी मांग लेगा। इसमें लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### 15 को धरना-प्रदर्शन करेंगे पशु चिकित्सा अधिकारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** विभाग द्वारा कृत्रिम गर्भाधान को लेकर दिए गए अव्यावहारिक टारगेट से नाराज सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी 15 दिसंबर से अपने कार्यों से विरक्त होकर प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन करेंगे। पशु क्षेत्र अधिकारी संघ की प्रांतीय कार्यालय में हुई बैठक के दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष बीएस वर्मा ने बताया कि एक दिन में 10 कृत्रिम गर्भाधान का टारगेट दिया गया हैं। व्यावहारिक दृष्टि से यह असंभव है। मौसम की अनुकूलता, पारंपरिक मान्यताओं और प्रथाओं पर भी कोई विचार विमर्श नहीं किया गया। आंदोलन नहीं करने के लिए हमने हमने वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर उन्हें कई जरूरी तथ्य बताए । फिर भी हमारी सुनवाई नहीं हुई। किसी स्तर पर कहीं सुनवाई नहीं होने पर ही संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत पहले चरण में सभी जिलों में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपे गए। इसके बाद संभागों में दो दिवसीय धरना दिया गया। तब भी सुनवाई नहीं हुई तो 15 दिसंबर को राजधानी में अंबेडकर मैदान में प्रदेशव्यापी धरना देने का फैसला किया गया है।

# नर्सिंग प्रवेश मामले में हाईकोर्ट सख्त रजिस्ट्रेशन काउंसिल को किया तलब

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में एमएससी नर्सिंग प्रवेश प्रक्रिया एक बार फिर न्यायिक जांच के घेरे में आ गई है। प्रवेश से जुड़ी अनियमितताओं, वेबसाइट के बंद होने और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के कथित उल्लंघन को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल को 15 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब सुप्रीम कोर्ट ने नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दी है, तो एमएससी नर्सिंग को इससे अलग क्यों रखा गया। अदालत ने इसे गंभीर विषय मानते हुए काउंसिल और भारतीय नर्सिंग परिषद से जवाब तलब किया है। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार लंबे समय से सवाल उठाते आ रहे हैं। इससे पहले भी उन्हें प्रवेश परीक्षा देने से रोका गया था, लेकिन हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद वे परीक्षा में शामिल हो सके।

# बिजली बचाने फाइव स्टार रेटिंग वाले बिजली उपकरण व सोलर रूफटॉप का करें प्रयोग



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विभिन्न उपकरणों में ऊर्जा दक्षता की रेटिंग के लिए बीईई स्टार लेबल जारी किए हैं। यह स्टार लेबल ऊर्जा दक्षता के रेटिंग के मानकीकरण और मानक परीक्षण परिस्थितियों में ऊर्जा की खपत को इंगित करने बनाए गए हैं। रेफ्रिजरेटर, एसी तथा अन्य ऊर्जा उपकरण खरीदते समय उपभोक्ता इन बीईई स्टार लेबल को देखकर ही बिजली उपकरण खरीदें। यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी क्षितिज सिंघल ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह पर उपभोक्ताओं से कही है, ताकि बिजली उपभोक्ता ज्यादा से ज्यादा बिजली की बचत कर सकें। इसके अलावा सिंघल ने लोगों से सोलर रूफटॉप को बढ़ावा देने और सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए भी कहा है, ताकि देश में ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया जा सके।

# जीएमसी के 70 साल पूरे प्लेटिनम जुबली एलुमनी मीट 20-21 दिसंबर को

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज को शुरू हुए 70 साल पूरे हो चुके हैं। यह मेडिकल कॉलेज वर्ष 1955 में शुरू हुआ था। तब पहली बार 30 छात्रों का यहां प्रवेश हुआ था। इसके बाद के 65 साल में जीएमसी से अभी तक हजारों चिकित्सक पास आउट हो चुके हैं। यह चिकित्सक देश विदेश में पेशेवर चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जीएमसी के 70 वर्ष पूरे होने पर यहां प्लेटिनम जुबली एलुमनी मीट का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को एलुमनी संगठन के डॉ गुरूदत्त तिवारी, डॉ ललित श्रीवास्तव, डॉ आईके चुघ ने पत्रकारवार्ता में बताया कि 20 एवं 21 दिसंबर को यह आयोजन होगा। समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद आलोक शर्मा द्वारा किया जाएगा। इस एलुमनी मीट के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 1500 डॉक्टर जो कि जीएमसी के पूर्व छात्र भी रहें हैं, उनके पहुंचने की उम्मीद है। सभी पुराने साथी अपने साथियों से मुलाकात कर कॉलेज के दिनों की पुरानी यादों को ताजा करेंगे। समारोह में गायिका मालिनी अवस्थी एवं सुगंधा मिश्रा प्रस्तुति देंगी। वहीं हास्य कलाकार सुनील पाल अपनी कामेडी से लोगों का गुदगुदाएंगे।

# हर साल गिर रहे प्रवेश, पांच हजार से ज्यादा स्कूलों में लगेंगे ताले

## एक किमी दायरे में विद्यार्थी होंगे शिफ्ट, दूरस्थ स्कूलों में भेजे जाएंगे शिक्षक

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में हर साल छात्रों की संख्या कम होती जा रही है। वर्ष 2024-25 के मुकाबले 2025-26 में लगभग साढ़े तीन लाख बच्चों के कम प्रवेश हुए हैं। इसमें कई विद्यार्थी पढ़ाई छोड़ भी चुके हैं। अब कम प्रवेश वाले करीब प्रदेश के पांच हजार स्कूल बंद करने की तैयारी शुरू हो गई है।

ये सांदिपनी विद्यालय में शिफ्ट होने वाले स्कूलों से अलग बताए जा रहे हैं। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को पास के स्कूलों में ही शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा कई स्कूलों में शिक्षकों का भी टोटा है। जानकारी के अनुसार प्रदेश के 20 स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं है। चार हजार 128 स्कूलों में एक-एक शिक्षक ही पदस्थ हैं। सरकारी स्कूलों की दुर्दशा पर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा था कि विद्यार्थी विहीन और 10 से कम प्रवेश वाले स्कूलों को बंद किया जाएगा। उक्त स्कूलों के विद्यार्थियों को एक किमी के दायरे में नजदीकी स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। उक्त स्कूलों के शिक्षकों



की पदस्थापना दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के गत सप्ताह के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में 20 स्कूलों में एक भी विद्यार्थी नहीं है।

पांच हजार 187 स्कूलों में प्रवेशरत विद्यार्थियों की संख्यया दस से कम है।

### दस जिलों की स्थिति बेहद खराब

सूबे के दस जिलों की स्थिति वर्ष 2024-25 के मुकाबले 2025-26 में नामांकन में बेहद खराब है। करीब साढ़े तीन लाख विद्यार्थियों ने पढ़ाई छोड़ दी।

| जिला | नामांकन में गिरावट | पढ़ाई छोड़ी |
|---|---|---|
| भिंड | 20311 | 30033 |
| धार | 18495 | 45508 |
| मुरैना | 16047 | 37252 |
| देवास | 15515 | 28429 |
| खरगोन | 14115 | 33512 |
| विदिशा | 13916 | 28171 |
| सागर | 12260 | 31237 |
| रीवा | 12226 | 28922 |
| सतना | 12136 | 23926 |
| सीहोर | 11073 | 19576 |

विभाग ने अब उक्त स्कूलों को बंद करने की तैयारी शुरू कर दी है।

### अतिशेष होने के बाद भी राजधानी में शिक्षकों का टोटा

भोपाल के स्कूलों में पदों से ज्यादा शिक्षक पदस्थ हैं। इसके बाद भी कुछ स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। भोपाल के आठ स्कूलों में एक-एक शिक्षक अपने कंधों पर पढ़ाई का बोझ उठाए हुए हैं। 147 स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या 10 से कम है। उक्त स्कूलों के विद्यार्थियों को नजदीक के स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। यहां के शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में भेजा जाएगा।

**अनदेखी**

## एसटीआर के कोर एरिया में 12 बोर की बंदूक ले जाते दिखाई दिया शिकारी

# देश के एक तिहाई बाघ मध्यप्रदेश में मारे गए, कई लापता

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** इस साल जनवरी से अब तक देशभर में विभिन्न कारणों से मारे गए बाघों में से एक तिहाई की मौतें मध्य प्रदेश में हुई है। नेशनल टाइगर कन्जर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) के आंकड़ों के अनुसार इस साल देशभर में 157 बाघों की मौतें रिकॉर्ड हुई हैं, जिनमें से 52 बाघ केवल मध्य प्रदेश में ही मारे गए हैं। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में हर महीने किसी न किसी टाइगर रिजर्व या बफर एरिया में बाघों की मौत हुई है। हालांकि सितंबर, मार्च और नवंबर माह में बाघों की सबसे कम मौतें रिकॉर्ड हुई हैं। जबकि सबसे ज्यादा मौतें फरवरी और अक्टूबर माह में रिकॉर्ड की गई हैं। आंकड़ों के अनुसार मारे गए बाघों में से 32 की मौत सबसे सुरक्षित माने जाने वाले टाइगर रिजर्व के अंदर हुई है। जबकि 20 बाघों की मौत सामान्य वन मंडल, बफर एरिया या सड़क आदि के किनारे हुई है।




इसके अलावा मध्य प्रदेश के कई बाघ लापता भी बताए जा रहे हैं, जिनका अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। इस कारण वन बल प्रमुख बाघों की मौत पर चिंता जताते हुए वन अमले को सक्रिय रहने के निर्देश जारी कर रहे हैं। दूसरी तरफ शनिवार को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरा में एक शिकारी जंगल के अंदर 12 बोर की बंदूक ले जाते हुए कैद हुआ है।

**इस माह में मारे गए इतने बाघ**

| माह | संख्या | माह | संख्या |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 04 | अगस्त | 06 |
| फरवरी | 07 | सितंबर | 01 |
| मार्च | 02 | अक्टूबर | 07 |
| अप्रैल | 06 | नवंबर | 02 |
| मई | 06 | दिसंबर | 03 |
| जून | 04 | कुल | 52 |
| जुलाई | 04 | | |

### एसटीआर में पहले भी सक्रिय रहे हैं शिकारी

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पहले भी शिकारियों का दल सक्रिय रहा है। बता दें कि एसटीआर में सक्रिय शिकारियों के तार चीन के साथ जुड़े थे। यहां से बाघ के अंग तस्करी के जरिए तिब्बत और नेपाल के रास्ते चीन ले जाए जा रहे थे। एसटीआर के अलावा शिकारियों का दल बांधवगढ़ और कान्हा नेशनल पार्क में भी सक्रिय है। विदेशी शिकारी बहेलिया और पारदी समुदाय के लोगों को भरोसे में लेकर वन्य प्राणियों का शिकार और इनके अंगों की तस्करी करवाते हैं। बता दें कि यह तस्कर इतने माहिर होते हैं कि प्रबंधन की आंखों में धूल झोंककर टाइगर रिजर्व के अंदर रहने वाले लोगों को बहला फुसला कर कोर एरिया के अंदर तक पहुंच जाते हैं।

### कान्हा में मारे गए सबसे ज्यादा बाघ

पिछले एक साल में सबसे ज्यादा बाघों की मौत कान्हा नेशनल पार्क में हुई है। कान्हा में सबसे ज्यादा 10 बाघों की मौत रिकॉर्ड की गई है। कान्हा के बाद संजय दुबरी और पेंच टाइगर रिजर्व में 6-6 बाघों की मौत हुई है। इसके अलावा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 05, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 03 और रातापानी टाइगर रिजर्व में एक बाघ की मौत रिकॉर्ड की गई है। टाइगर रिजर्व के अंदर हुई ज्यादातर बाघों की मौत के मामले में शिकारियों का हाथ होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा रेलवे व सड़क दुर्घटनाओं में भी बाघ मारे गए हैं।



वर्ष 69 अंक 76 पृष्ठ 12
भोपाल, रविवार 14 दिसंबर, 2025
पौष कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
महानगर मूल्य 5 रुपए
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण Sunday
www.dainikjagranmpcg.com

## ऑफ बीट

### मरे हुए लोगों से बात कराता है यह फोन बूथ



*जापान के एक छोटे से कस्बे में ऐसा फोन बूथ मौजूद है, जो किसी नेटवर्क से जुड़ा नहीं है, फिर भी हर साल हजारों लोग वहां अपने मृत परिजनों से 'बात' करने पहुंचते हैं। इसे 'विंड फोन' कहा जाता है- एक ऐसा प्रतीकात्मक माध्यम, जो शोक, स्मृति और भावनात्मक राहत का रास्ता बन गया है। यह अनोखा फोन बूथ ओत्सुची कस्बे में स्थित है। यहां रखे पुराने काले रोटरी फोन में कोई तार नहीं जुड़ा है। लोग रिसीवर उठाते हैं, भीतर बैठते हैं, रोते हैं, अपनी बातें कहते हैं और मानते हैं कि उनकी आवाज हवा के जरिए उन तक पहुंचती है, जिन्हें वे खो चुके हैं। इस बूथ में एक पुराना रोटरी टेलीफोन रखा है, जो किसी लाइन से कनेक्टेड नहीं है। यहां आने वाले लोग फोन उठाकर अपने दिल की बातें कहते हैं—अपना दर्द, पछतावा, यादें और अधूरी बातें। मान्यता है कि हवा संदेशवाहक बनकर भावनाओं को उन तक पहुंचाती है, जिनसे बात करना अब संभव नहीं। 'विंड फोन' की शुरुआत 2010 में इतारू सासाकी ने की थी। उन्होंने इसे अपने चचेरे भाई की याद में बनाया था।*

## डिजिटल ठगी का नया जाल: फर्जी वेबसाइटों और धोखाधड़ी वाले निवेश प्लेटफॉर्मों में लोगों को फंसाया जा रहा

# वित्त मंत्री तक के नाम पर 'स्कीमें' बेचकर की जा रही ठगी

जागरण Special

**सचिन श्रीवास्तव, भोपाल।**

देश में फर्जी वेबसाइटों और धोखाधड़ी वाले निवेश प्लेटफॉर्मों का जाल तेजी से फैल रहा है। इन साइटों पर न सिर्फ सरकारी नीतियों का फर्जी प्रचार किया जा रहा है, बल्कि केंद्रीय मंत्रियों, सेलिब्रिटी और वरिष्ठ पत्रकारों के नाम पर झूठे इंटरव्यू और नकली बयान तैयार किए जा रहे हैं।

ताजा मामला एक ऐसी वेबसाइट का है, जिसने निर्मला सीतारमण के नाम से एक फर्जी इंटरव्यू प्रकाशित किया और दावा किया कि 'भारत सरकार टैक्स वापस कर रही है, हर नागरिक को 2.5 लाख रुपये महीना मिलेगा।'

स्क्रीनशॉट में यह खबर इंडिया टुडे की स्टाइल में डिजाइन की गई है, ताकि पाठकों को लगे कि यह असली समाचार है। फर्जी खबर में टीवी एंकर नविका कुमार का नाम इस्तेमाल कर दिखाया गया कि वह लाइव इंटरव्यू में इस योजना में पैसे निवेश कर रही हैं, ताकि पढ़ने वाले को लगे कि यह योजना असली है।

### फर्जी वेबसाइट का दावा

- भारत सरकार टैक्स का पैसा वापस करेगी
- नागरिकों को हर महीने 2.5 लाख रुपये मिलने लगेंगे
- इसके लिए 'क्वांटम एआई' नाम की एक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा
- सिर्फ 21,000 रुजमा कर देने पर हर महीने लाखों रुपये कमाए जा सकते हैं
- इसे 'सरकारी प्रोजेक्ट' बताया गया
- कहा गया कि यह आरबीआई और भारतीय सरकार द्वारा 'गारंटीड' है




ये सभी दावे 100 फीसदी फर्जी व गैरकानूनी हैं और धोखाधड़ी के दायरे में आते हैं।

### फर्जी कंटेंट: इस तरह होती है ठगी

- असली न्यूज वेबसाइट जैसा डिजाइन बनाकर लोगों को भ्रमित करते हैं
- बड़े नेताओं या मंत्रियों के नाम से फर्जी कोट्स जोड़ देते हैं
- 'सरकारी योजना' जैसा दिखाकर पैसे जमा कराने का दबाव बनाते हैं
- 'सीमित सीटें', 'अभी रजिस्टर करें' जैसी भाषा से लोगों को जल्दी निर्णय लेने पर मजबूर करते हैं
- नकली एआई ट्रेडिंग स्कीम, क्रिप्टो स्कैम, लॉटरी स्कैम के जरिए पैसे ठगते हैं

### और भी उदाहरण

**केस 1: पीएम मोदी के नाम पर '1 लाख हर महीने' वाली फर्जी योजना**

कई वेबसाइटें 'पीएम इकोनोमिक बूस्टर स्कीम' नाम से झूठा दावा करती हैं कि पीएम ने हर नागरिक के खाते में 1 लाख रु भेजने का आदेश दिया है। लोगों से 5,000 'रजिस्ट्रेशन चार्ज', आधार कार्ड, बैंक डिटेल मांगी जाती है। सरकार ने साफ किया है कि ऐसी कोई स्कीम नहीं है।

**केस 2: अमिताभ बच्चन के नाम पर एआई ट्रेडिंग स्कैम**

पोस्ट फैलाए जाते हैं कि अमिताभ बच्चन ने 'बिटक्वाइन इरा' और 'एआई ट्रेडर प्रो' जैसी स्कीम में निवेश कर करोड़ों कमाए। इनमें उनकी फर्जी एआई आवाज और मॉर्फ वीडियो शामिल होते हैं। अमिताभ की लीगल टीम ने इन्हें हटाने के लिए नोटिस भेजे हैं।

**केस 3: विराट कोहली के नाम पर फर्जी क्रिप्टो इनवेस्टमेंट स्कीम**



धोखेबाजों ने कई बार विराट कोहली के इंटरव्यू की स्टाइल में वीडियो बनाकर दावा किया कि वे 'क्रिप्टो किंग इंडिया' नाम की स्कीम से रोज लाखों कमा रहे हैं। ये पूरी तरह से एआई जनरेटेड वीडियो होते हैं।

**केस 4: सोनू सूद के नाम से फर्जी एनजीओ फंडिंग लिंक**

कोविड काल के बाद से फर्जी वेबसाइटें 'सोनू सूद फाउंडेशन' के नाम पर राहत फंड, हेल्थ कार्ड, छात्रवृत्ति के नाम पर 1,000-5,000 जमा कराने की कोशिश करती हैं। सोनू सूद ने स्वयं ट्वीट करके कई बार चेतावनी दी है कि यह सब ठगी है।

### कैसे बचें ऐसी धोखाधड़ी से?

- किसी भी योजना पर भरोसा करने से पहले सरकारी वेबसाइट (जैसे pmindia.gov.in, pib.gov.in) पर सच की जांच करें।
- किसी भी योजना में पैसे जमा कराने या 'रजिस्ट्रेशन फीस' मांगने पर सतर्क रहें
- सेलिब्रिटी या मंत्री का कोई भी अविश्वसनीय बयान तुरंत फर्जी मानें
- मॉर्फ किए हुए वीडियो और एआई जनरेटेड आवाज से सावधान रहें
- समाचार वेबसाइट का यूआरएल जरूर देखें, अक्सर स्कैम साइट्स नकली डोमेन का उपयोग करती हैं

## पंकज चौधरी होंगे यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को यूपी भाजपा का नया अध्यक्ष चुना जाना तय हो गया है। शनिवार को उन्होंने लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। पंकज चौधरी के अलावा किसी अन्य नेता ने नामांकन नहीं किया, जिससे उनका निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय हो गया है।

पंकज चौधरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के करीबी नेताओं में गिने जाते हैं। उनके नाम का प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रखा। इसके अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत पार्टी के 10 वरिष्ठ नेताओं ने उनके नाम का समर्थन किया। रविवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल औपचारिक रूप से नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा करेंगे। शनिवार दोपहर ढाई बजे तक यूपी भाजपा अध्यक्ष के नाम को लेकर सस्पेंस बना रहा। पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के पार्टी दफ्तर पहुंचने से हलचल तेज हो गई थी। अध्यक्ष पर सवाल पर वे बोलीं, 'थोड़ी देर में सब सामने आ जाएगा।'

## नवादा में धर्म के नाम पर गुंडागर्दी: मौत से पहले बताई हैवानियत

# धर्म पूछकर पीटा, उंगलियां तोड़ीं गर्म रॉड से दागा; चार गिरफ्तार

**नवादा ( बिहार ), जेएनएन।** बिहार के नवादा जिले में 5 दिसंबर को हुई मॉब लिंचिंग की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा जिले के निवासी मोहम्मद अतहर हुसैन (40 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है। मौत से पहले अतहर हुसैन ने अस्पताल में कैमरे के सामने अपना बयान दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने पूरी वारदात को सिलसिलेवार तरीके से बयान किया।



मो. अतहर हुसैन मृतक

अतहर ने आरोप लगाया था कि शुरुआत में हमलावर 6-7 थे, धीरे-धीरे बढ़कर संख्या 15-20 तक पहुंच गई थी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद किसी ने डायल 112 पर सूचना दी, तब पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

रोह थाना प्रभारी रंजन कुमार के अनुसार, पुलिस ने इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में सोनू कुमार, रंजन कुमार और श्री कुमार शामिल हैं। बाकी आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है। मृतक का पोस्टमॉर्टम मजिस्ट्रेट और फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में कराया गया है।

मारपीट के बाद पुलिस ने अतहर हुसैन को पहले नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हें पावापुरी विम्स रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार, पावापुरी से पटना ले जाने के दौरान रास्ते में देर रात मौत हो गई। घटना के छह दिन बाद हुई इस मौत के बाद मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी गई हैं।

### अतहर का मृत्यु पूर्व बयान

5 दिसंबर की रात वह फेरी लगाकर कपड़े बेचने के बाद डुमरी गांव से लौट रहा था। तभी रोह थाना क्षेत्र के भट्ठापर गांव के पास 6-7 युवकों ने घेर लिया। पहले नाम पूछा और नाम सुनते ही जबरन साइकिल से उतार दिया। इसके बाद 8 हजार रुपये लूट लिए और हाथ-पैर बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया गया। कमरे में पैंट उतारकर जांच की कि वह मुस्लिम हैं या नहीं। इसके बाद स्टील और गर्म लोहे की रॉड से शरीर पर वार किए। ईंट, लाठी और डंडों से पीटा। उंगलियां तोड़ दी गईं, नाखून उखाड़ लिए और प्लायर से कान काटने की कोशिश की गई। एक हमलावर सीने पर चढ़कर गला दबाने लगा, जिससे सांस लेने में दिक्कत होने लगी और मुंह से खून निकलने लगा।

### पत्नी ने कराया केस दर्ज

मृतक की पत्नी शबनम परवीन ने मामले में 10 लोगों को नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया है कि हमलावरों ने 8 हजार रुपये, साइकिल और कपड़े लूट लिए, जो अब तक बरामद नहीं हो सके हैं।

### चोरी के आरोप की भी जांच

मामले में एक और पहलू सामने आया है। 5 दिसंबर को ही सिकंदर यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें मोहम्मद अतहर हुसैन पर रात करीब 10.15 बजे घर में घुसकर चोरी का आरोप लगाया गया था। शिकायत में सोने के कंगन, मंगलसूत्र, चांदी की करधनी और पीतल के बर्तन चोरी करने की बात कही गई थी।

## कर्नाटक वोट चोरी: एसआईटी की 22 हजार पन्नों की चार्जशीट में पूर्व भाजपा विधायक मुख्य आरोपी

### पांच अन्य भी आरोपी, आलंद विस में 5,994 मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश का दावा

**कलबुर्गी, जेएनएन।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले की आलंद विधानसभा सीट से जुड़े कथित 'वोट चोरी' मामले में बड़ी कानूनी कार्रवाई सामने आई है। कर्नाटक सीआईडी की ओर से गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने इस मामले में 22,000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट कलबुर्गी की सिटी एसीएमएम कोर्ट में पेश की गई है, जिसमें आलंद से पूर्व भाजपा विधायक सुभाष गुट्टेदार को मुख्य आरोपी बनाया गया है।



एसआईटी ने चार्जशीट में सुभाष गुट्टेदार के बेटे हर्षनंद गुट्टेदार और पांच अन्य लोगों को भी आरोपी बताया है। जांच एजेंसी का दावा है कि 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले सुनियोजित तरीके से आलंद विधानसभा क्षेत्र के 5,994 पात्र मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से कटवाए गए। यह कार्रवाई एक संगठित साजिश के तहत की गई, जिससे चुनावी परिणामों को प्रभावित किया जा सके। एसआईटी की जांच के अनुसार, मतदाताओं के नाम हटाने के लिए एक बड़े कॉल-सेंटर नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया। आरोप है कि ऑनलाइन फर्जी आवेदन भरवाए गए और हर वोटर का नाम कटवाने के बदले पैसे दिए गए।

### 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' रैली आज

चुनाव आयोग से मिलीभगत कर भाजपा पर 'वोट चोरी' के गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस रविवार 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' महारैली करने जा रही है। इस महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को तैयारियों की समीक्षा की। इस रैली कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व समेत आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया गया है।

## 'जासूसी' के आरोप में पूर्व सैन्यकर्मी गिरफ्तार



**गुवाहाटी, जेएनएन।** असम के तेजपुर में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक सेवानिवृत्त कर्मी को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी वायुसेना का पूर्व जूनियर वारंट ऑफिसर कुलेंद्र शर्मा 2002 में सेवानिवृत्त हुआ। उस पर पाक खुफिया एजेंसियों से संपर्क करने और रक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज साझा करने का आरोप है। कुलेंद्र को भारत की संप्रभुता खतरे में डालने, सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने, आपराधिक साजिश जैसे आरोपों में गिरफ्तार किया गया है।

## बीएमडब्ल्यू केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मुंबई के चर्चित बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी मिहिर शाह को जमानत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है और 'इन लड़कों को सबक सिखाना' आवश्यक है। यह टिप्पणी जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने की। पीठ ने कहा कि आरोपी अमीर परिवार से ताल्लुक रखता है और पिता राजनीतिक रूप से प्रभावशाली हैं। ये तथ्य भी अदालत के संज्ञान में हैं। जांच में एक्साइज अधिकारियों ने बताया था कि हादसे से पहले आरोपी और दोस्तों ने व्हिस्की के 12 बड़े पैग ऑर्डर किए थे। मिहिर को 9 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया गया था। उस पर आरोप है कि 7 जुलाई 2024 की सुबह तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू से स्कूटर को टक्कर मारने के बाद उसने कार नहीं रोकी और महिला कावेरी नखवा को करीब 1.5 किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया।

### हाईकोर्ट से जताई सहमति

मिहिर ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवंबर के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया था। हाईकोर्ट ने माना था कि हादसे के समय आरोपी अत्यधिक नशे में था और टक्कर के बाद भी उसने वाहन नहीं रोका। आरोपी की उम्र भी 24 साल थी, जो शराब पीने की कानूनी उम्र 25 वर्ष से कम है। अदालत ने सीट बदलना, पिता को फोन करना और घटनास्थल से भागना साक्ष्यों से छेड़छाड़ आदि को भी ध्यान में रखा था।

## इंडिगो संकट: सामने आई अर्थव्यवस्था की बड़ी कमजोरी

# अहम सेक्टर में है गिनी चुनी कंपनियों का वर्चस्व

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की तेजी से बढ़ती और बड़ी अर्थव्यवस्था के भीतर एक गंभीर संरचनात्मक समस्या उभरकर सामने आ रही है। देश के अहम सेक्टरों में कुछ गिनी-चुनी कंपनियों का वर्चस्व बढ़ रहा है। हाल ही में विमानन क्षेत्र में आई परेशानियों और इंडिगो के खराब प्रदर्शन ने इस सच्चाई को उजागर किया है कि कैसे कम प्रतिस्पर्धा पूरे सिस्टम को अस्थिर बना सकती है। हवाई क्षेत्र में स्थिति यह है कि भारत के सबसे फायदेमंद एयरपोर्ट सिर्फ दो कंपनियां संचालित कर रही हैं। इसी तरह देश की करीब 40 फीसदी ईंधन रिफाइनिंग क्षमता भी दो ही कंपनियों के हाथ में है। यही पैटर्न दूरसंचार, ई-कॉमर्स, बंदरगाह, स्टील और अन्य बुनियादी क्षेत्रों में भी देखने को मिलता है, जहां कुछ बड़ी कॉरपोरेट कंपनियां पूरे बाजार पर हावी हैं। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र प्रोफेसर और आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य के 2023 के एक अध्ययन के मुताबिक, 2015 के बाद से भारत के पांच सबसे बड़े कॉरपोरेट समूहों की आय और संपत्तियों में हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। इसका सीधा मतलब है। बड़ी कंपनियां और बड़ी होती गईं, जबकि छोटी कंपनियां बाजार से बाहर होती चली गईं।

### टेलीकॉम में भी सीमित विकल्प

दूरसंचार क्षेत्र इसका बड़ा उदाहरण है। करीब आठ महीने पहले तक भारत में तीन बड़ी टेलीकॉम कंपनियां सक्रिय थीं। तीसरी कंपनी वोडाफोन आइडिया सरकार को देय भारी टैक्स और शुल्क के बोझ से दब रही थी। मार्च में सरकार ने कंपनी के बड़े कर्ज को इक्विटी में बदल दिया, जिससे अब सरकार की हिस्सेदारी करीब 49 फीसदी हो गई है।

### मोनोपॉली है खतरनाक

जब किसी सेक्टर में सिर्फ दो या तीन बड़ी कंपनियां होती हैं, तो केवल दो 'फेलियर पॉइंट' रह जाते हैं। यही इस तरह के बाजार का सबसे बड़ा खतरा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर इनमें से एक कंपनी संकट में जाती है, तो पूरे सेक्टर पर उसका असर पड़ता है, जैसा कि हाल में विमानन क्षेत्र में देखा गया।



## संक्षिप्त खबरें

### जेल से छूटते ही नाबालिग ने युवक को सरेराह चाकू मारे

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अरेरा हिल्स में नाबालिग बदमाश का आतंक जारी है। जेल से छूटते ही उसने एक युवक पर सरेराह चाकू से हमला कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। भीड़ को पास आते देख बदमाश चाकू हवा में लहराते हुए फरार हो गया। घटना मंगलवार की है, जिसका वीडियो अब सामने आया है। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज हुआ है। अरेरा हिल्स पुलिस के मुताबिक, 22 वर्षीय दानिश खान पिता असलम खान भीम नगर में रहता है। वह निजी काम करता है। मंगलवार शाम को करीब साढ़े 7 बजे वह अपने मोहल्ले में खड़ा था। तभी वहां मोहल्ले में रहने वाला शिवम अपने नाबालिग साथी के पहुंचा। दानिश को देखते ही शिवम ने गाली-गलौच शुरू कर दी। दानिश ने इसका विरोध किया तो शिवम मारपीट पर उतर आया। इस बीच नाबालिग ने दानिश पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों ने दानिश को जमीन पर पटक दिया और मारपीट की। चाकू दानिश के कान के पास लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### आज से शुरू होगा निःशुल्क नेत्र शिविर व नेत्र ज्योति यज्ञ

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** श्री मां आशापुरा दरबार द्वारा जनकल्याण की भावना से 41वां विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर, नेत्र ज्योति यज्ञ के रूप में रविवार से 16 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। श्री मां आशापुरा दरबार द्वारा प्रतिवर्ष यह निशुल्क शिविर लगाया जाता है और उसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से करीब तीन हजार मरीजों की जांच तथा करीब 350 मरीज के ऑपरेशन निशुल्क कराए जाते हैं। श्रद्धेय गीता माताजी के सानिध्य में आदर्श सिंधु समाज हनुमान मंदिर के पास कोहेफिजा शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ में सांसद आलोक शर्मा, राज्य मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, पार्षद मनोज राठौर, राजेश हिंगोरानी और विनीता सोनी उपस्थित रहेंगी।

### फाइटर पायलट बने भोपाल के अनंत, तिलक व विश्वास



**भोपाल।** शहर के लिए बड़ी उपलब्धि शनिवार को वायुसेना अकादमी हैदराबाद में पासिंग आउट परेड में भोपाल के अनंत मिश्रा, तिलक शर्मा और विश्वास यादव फाइटर पायलट बने।

### बी.फार्मा छात्रा से बीच सड़क पर छेड़छाड़

**जागरण, भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र के बी.फार्मा की एक छात्रा से युवक ने छेड़छाड़ की। घटना को उसके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 19 वर्षीय युवती लालकोटी मालीखेड़ी की रहने वाली है। वह एक निजी कॉलेज से बी.फार्मा की पढ़ाई कर रही है। उसके पिता की किराने की दुकान है, जहां आरोपी राहुल राय अक्सर आया-जाया करता था। आरोपी पहले युवती के पड़ोस में रहता था। जो अब टिंबर मार्केट क्षेत्र में रहता है और ड्राइवरी का करता है उसके दो बच्चों हैं। पिछले एक महीने से कॉलेज आते-जाते समय आरोपी युवती का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था।

# हाईप्रोफाइल जुए को लेकर गैंगवार, गुंडे को मारी गोली, पत्नी-बहन को चाकू मारे

## तीनों अस्पताल में भर्ती, निगरानी बदमाश और उसके तीन साथियों ने दिया वारदात को अंजाम

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** स्टेशन बजरिया के हाईप्रोफाइल जुए को लेकर शुक्रवार रात गैंगवार हो गया। गुंडे ने जुआरी से रंगदारी मांगी थी। चार-पांच दिनों से गहमागहमी चल रही थी। पहले गुंडा, निगरानी बदमाश को खोज रहा था। इसके बाद निगरानी बदमाश ने गुंडे को खोजा। गुर्गे की सूचना पर शुक्रवार रात गुंडे को गोली मार दी। उसे तीन गोली पेट व पैर में लगीं। बीचबचाव करने आईं पत्नी-बहन को आरोपियों ने चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया। तीनों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां गुंडे की हालत नाजुक है। ईंटखेड़ी पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। सवाल यह है कि किस अधिकारी के संरक्षण में जुआ संचालित हो रहा है, जिस पर गैंगवार हो गया। 28 वर्षीय दानिश अली स्टेशन बजरिया में रहता है। वह थाने का गुंडा है और पार्सल ठेकेदारी भी करता है। इसी इलाके में रूसी नामक निगरानी बदमाश रहता है। रूसी स्टेशन बजरिया इलाके में जुआ खिलवाता है। कुछ दिन पहले दानिश ने रूसी से रंगदारी मांगी थी। जिसे देने से रूसी ने मना कर दिया था। इस पर दानिश उसे खोज रहा था। यह बात जब रूसी को पता लगी तो उसने अपने साथियों के दानिश को सबक सिखाने के लिए खोजना शुरू कर दिया। रूसी को पता चला कि दानिश अपने परिवार के साथ ईंटखेड़ी इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होने गया है।



फरियादी दानिश | आरोपी शहबाज | शानू | फरदीन | जुबैर

### आरोपी बजरिया व ऐशबाग के

आरोपी शानू वजनदार, जुबेर किलकिल, फरदीन, शहबाज समेत पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सभी आरोपी स्टेशन बजरिया और ऐशबाग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पीड़ित की पत्नी रिमशा का भी आपराधिक रिकार्ड है। पूर्व में वह ऐशबाग क्षेत्र में रहती थी।

तीनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बयान के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### पांच गोली मारी, तीन लगीं

देर रात साढ़े 11 बजे रूसी अपने तीन साथियों के साथ ईंटखेड़ी इलाके में पहुंचा। दानिश कार से था। उसकी कार को ओवरटेक करके रोका। इसके बाद ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। आरोपियों ने पांच गोली मारी। दो गोली इधर-उधर हो गईं। तीन गोलियां दानिश के पेट व पैर में लगी हैं। यह देखकर दानिश की पत्नी रिमशा व बहन बचाने आए। इस दौरान आरोपियों ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

### वीडियो में रूसी ने खुद को बताया बेगुनाह

घटना के बाद निगरानी बदमाश और मास्टरमाइंड बताए जा रहे बदमाश रूसी की ओर से एक वीडियो जारी किया गया है। वीडियो में रूसी ने दावा किया है कि वह घटना से तीन दिन पहले से ही दिल्ली में था। उसका कहना है कि दानिश के परिवार से उसका पुश्तैनी विवाद जरूर है, इसी वजह से उसका नाम बेवजह पूरे मामले में घसीटा जा रहा है। रूसी ने कहा कि घटना से उसका कोई लेना-देना नहीं है और फरियादी पक्ष पुरानी रंजिश के चलते उसे जबरन जेल भिजवाना चाहता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## आज 111 केंद्रों पर होगी फूड सेफ्टी आफिसर भर्ती परीक्षा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) रविवार को फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती की परीक्षा लेने जा रहा है। परीक्षा दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक चलेगी। 67 पदों के लिए होने वाली उक्त परीक्षा में इस बार सबसे ज्यादा 44 हजार उम्मीदवारों ने आवेदन किए थे। करीब दो दर्जन उम्मीदवारों को परीक्षा से बाहर कर दिया गया है। उनके आवेदनों में त्रुटि थीं। एमपीपीएससी ने करीब 42 हजार 592 उम्मीदवारों के लिए प्रवेश पत्र जारी किए हैं। उक्त उम्मीदवारों के लिए प्रदेशभर में परीक्षा देने के लिए 111 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। ओएसडी आर पंचभाई ने बताया कि परीक्षा प्रदेश के चार बड़े शहरों में होगी। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर को शामिल किया गया है। सबसे ज्यादा 44 परीक्षा केंद्र इंदौर में हैं। जहां सबसे ज्यादा 17 हजार 72 उम्मीदवार परीक्षा में भागीदारी करेंगे। इसके बाद भोपाल में 29 परीक्षा केंद्रों पर 11 हजार 318, जबलपुर में 23 केंद्रों पर आठ हजार 960 और ग्वालियर के 15 परीक्षा केंद्रों पर पांच हजार 242 उम्मीदवार परीक्षा देंगे।

**11 जनवरी को होगी सेट :** सेट 2025 का आयोजन 11 जनवरी को प्रदेश के 12 संभाग जिला मुख्यालयों पर 31 विषयों में आयोजित होगी। आवेदनों में सालाना बढ़ोतरी हो रही है। सेट 2025 में करीब एक लाख 46 हजार रिकार्ड आवेदन ऑनलाइन भरे गए हैं। जनवरी के शुरुआती हफ्ते में ही एमपीपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 का आयोजन भी करेगा।

## नर्सिंग कॉलेजों से 20 हजार रु. प्रति सीट लगेगा संबद्धता शुल्क

### कालेज संबद्धता लेने मंगलवार से कर सकेंगे आवेदन



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने नर्सिंग कालेजों की संबद्धता शुल्क निर्धारित कर दिया है। अब कालेजों को बीस हजार रुपये हर सीट के हिसाब से भुगतान करना होगा। बीयू में संबद्धता लेने वाले तीन दर्जन कालेज पूर्व से संचालित होते चले आ रहे हैं, लेकिन इससे भी नये कालेजों की तरह शुल्क वसूला जाएगा। इससे कालेज संचालकों में अफरा-तफरी है। बीयू एक दशक बाद नर्सिंग कालेजों को संबद्धता देने जा रहा है। बीयू स्टेंड समिति की बैठक में संबद्धता शुल्क निर्धारित कर दिया है। इसमें हर कालेज को प्रति सीट के हिसाब से बीस-बीस हजार रुपये देना होंगे। वहीं निरंतरता हासिल करने वाले कालेजों को तीन हजार 500 रुपये प्रति सीट के हिसाब से भुगतान करना होगा। वर्तमान में प्रदेशभर के 175 नर्सिंग कालेजों को एनओसी जारी की गई है। उक्त कालेज विवि से संबद्धता लेंगे। बीयू की सीमा में करीब तीन दर्जन कालेज हैं। संबद्धता लेने के लिए बीयू में मंगलवार से आवेदन जमा होंगे। आवेदन करने के लिए महज 15 दिन का मौका दिया जाएगा। बीयू प्रबंधन की तरफ से स्पष्ट किया गया है कि पुराने कालेज भी बीयू के लिए नये हैं। इसलिए सभी के लिए एक जैसा शुल्क रखा गया है। यह निर्णय स्थायी समिति की बैठक में लिया गया है। अगले साल से उन्हें तीन हजार 500 रुपये प्रति सीट के हिसाब से निरंतरता शुल्क देना होगा। बीयू नर्सिंग कालेजों की संबद्धता शुल्क को निर्धारित करने के लिए एक बार और बैठक करेगा। मौजूदा सत्र में काउंसलिंग के चलते विवि को समय नहीं दिया गया है। इसलिए बीयू ने पूर्व की फीस को लागू करने का निर्णय लिया है। यही स्थिति राज्य के अन्य विवि की भी बनी हुई है।

### कालेजों का होगा निरीक्षण

संबद्धता के आवेदन आने के बाद बीयू उक्त कालेजों का निरीक्षण कराएगा। इसमें निर्धारित मापदंडों के मुताबिक ही कालेजों का संचालन किया जाएगा। इसमें कोई कमी या नियमों का उल्लंघन होता पाया जाता है, तो बीयू उन्हें संबद्धता नहीं देगा। नर्सिंग कॉलेज के पास 40 हजार वर्गफिट जमीन का होना जरूरी है।

# कमलानगर में युवक के सिर पर डंडा मारकर दोस्त ने की हत्या

## दोनों में शराब पीने के दौरान हुआ था विवाद

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कमलानगर इलाके में एक युवक की सिर पर डंडा मारकर हत्या कर दी गई। शराब पीने के दौरान उनके बीच विवाद हुआ था। दोनों एक टेंट हाउस में काम करते थे। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कमलानगर पुलिस के मुताबिक, 36 वर्षीय कैलाश यादव कोटरा सुल्तानाबाद में रहता था। वह एक टेंट हाउस में काम करता था। यहीं पर राहुल बाडेकर भी काम करता है। वह तंदूर लगाता है। बीती 9 दिसंबर को टेंट हाउस से मालिक का जन्मदिन था। इस पर टेंट हाउस के कर्मचारियों ने पार्टी करने के बाद शराब पी। जहां शराब पीने के दौरान कैलाश का राहुल के साथ विवाद हो गया। कैलाश ने गाली-गलौच कर पास पड़ी एक लकड़ी उठाकर राहुल को मार दी। गुस्से में आकर राहुल ने एक डंडा उठाया और कैलाश के सिर पर मार दिया। इससे कैलाश लहूलुहान हो गया।

### राहगीर को सड़क पर बेसुध दिखा, पुलिस को दी सूचना

अन्य कर्मचारियों ने उनके बीच समझौता कराया। इससे मामला शांत हो गया। कैलाश घर न जाकर सड़क पर सो गया। बाद में एक राहगीर ने उसे सड़क पर बेसुध पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। पीएम रिपोर्ट में कैलाश की मौत डंडे से आई चोट के कारण बताई गई।

### रिपोर्ट के बाद आरोपी गिरफ्तार

इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार रात आरोपी राहुल बाडेकर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कैलाश के साथ विवाद और डंडा मारने की बात स्वीकार की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एयरपोर्ट पर हुआ फॉग मैनेजमेंट ड्राई रन, परखी व्यवस्थाएं

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** राजा भोज एयरपोर्ट पर शनिवार को फॉग मैनेजमेंट ड्राई रन किया गया, जिसमें एयरपोर्ट के सभी मुख्य स्टेकहोल्डर्स शामिल हुए। इसका मकसद सर्दियों में कम विजिबिलिटी की संभावित स्थितियों के लिए तैयारी को परखा गया। इस अभ्यास का मकसद कोहरे के कारण होने वाली देरी, कैंसलेशन या डायवर्जन की स्थिति में फ्लाइट ऑपरेशंस और यात्रियों की सुविधा को सुरक्षित, कुशल और समन्वित तरीके से संभालना था। इस ड्राई रन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल कम्युनिकेशन, नेविगेशन और सर्विलांस, एयरपोर्ट ऑपरेशंस, इंजीनियरिंग, एयरपोर्ट रेस्क्यू एंड फायर फाइटिंग सेवाओं, एयरलाइंस, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग रिफ्यूलिंग एजेंसियों, टर्मिनल मैनेजमेंट टीमों और एयरपोर्ट कंसेशनर्स ने भाग लिया। कोहरे से संबंधित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर की समीक्षा की गई और इंटर-एजेंसी समन्वय तंत्र का परीक्षण किया गया। यात्री संचार और टर्मिनल की तैयारी से संबंधित कुछ छोटी कमियों की पहचान की गई और तुरंत सुधारात्मक उपायों के माध्यम से उन्हें ठीक किया गया, जिसमें बेहतर समन्वय और अतिरिक्त यात्री होल्डिंग व्यवस्था की पहचान शामिल है। यात्रियों की सुविधा को बेहतर बनाने के हिस्से के रूप में, सिक्योरिटी होल्ड एरिया के अंदर बोर्डिंग गेट नंबर 5 के पास एक खास जगह को लंबे समय तक देरी के दौरान यात्रियों को खाना और पेय पदार्थ देने के लिए अतिरिक्त स्टॉक रखने के लिए तय किया गया है। इसके अलावा, व्यवधान की अवधि के दौरान ग्राउंड ट्रांसपोर्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय टैक्सी ऑपरेटरों और कैब एग्रीगेटर्स के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।



राजा भोज एयर पोर्ट पर तेज ठंड के पहले किया फॉग मैनेजमेंट ड्राई रन

### 350 मीटर तक कम विजिबिलिटी में भी फ्लाइट ऑपरेशन संभव

भोपाल एयरपोर्ट अब पूरी क्षमता के साथ चालू है, जिससे रनवे विजुअल रेंज की स्थिति में 350 मीटर तक कम विजिबिलिटी में भी फ्लाइट ऑपरेशन संभव है। इस उपलब्धि के साथ भोपाल एयरपोर्ट देश का तीसरा एयरपोर्ट बन गया है जो सुविधाओं से लैस है। इस क्षमता से सर्दियों में अधिक संख्या में डायवर्जन फ्लाइट्स को संभालने में मदद मिलने की उम्मीद है। कम विजिबिलिटी की स्थिति में एक विश्वसनीय वैकल्पिक एयरपोर्ट के रूप में भोपाल एयरपोर्ट की भूमिका मजबूत होगी। भोपाल एयरपोर्ट सुरक्षा, परिचालन दक्षता और यात्रियों की सुविधा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और समन्वित योजना और करीबी स्टेकहोल्डर जुड़ाव के माध्यम से सर्दियों के संचालन के लिए सक्रिय रूप से तैयारी कर रहा है।

# केरोसिन डालकर जलाए गए थे नवजात बच्चों के शव

## हमीदिया का मामला: पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा, मृत अवस्था में लाए गए थे शव

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में बुधवार को मिले दो नवजात बच्चों के शवों की विस्तृत पोटमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट की कॉपी कोहेफिजा थाना पुलिस को दे दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार नवजात बच्चों के शवों को केरोसिन तेल डालकर जलाया गया है। जिससे बच्चों के शव बुरी तरह से जले हुए हैं। चूंकि जिस जगह कचरा पड़ा था, वहां कुछ गीला कचरा भी था, जो बाद में आग में बाधा बना और बच्चों के शव अधजले रह गए। बदबू आने पर आस पास के लोगों ने इसकी खोजबीन की और पता चला कि कचरे के ढेर में दो नवजात बच्चों के शव पड़े हुए। इसकी सूचना सबसे पहले हमीदिया अस्पताल अधीक्षक को दी गई। जहां से सूचना पुलिस के पास पहुंची।

**पीएम नहीं अब डीएनए रिपोर्ट से होगा खुलासा:** कोहेफिजा पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। इसलिए अब शवों का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। डीएनए के आधार पर शवों की शिनाख्त करने का हम प्रयास कर रहे हैं। डीएनए जांच के लिए प्रक्रिया जारी है और संभवतः सोमवार को शवों का डीएनए सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा। जब इसकी रिपोर्ट आ जाएगी तो उसका मिलान हमीदिया अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं के डीएनए से किया जाएगा। शिनाख्ती के लिए हमीदिया अस्पताल में पिछले 15 दिन में आने वाली महिलाओं की जानकारी जुटाई जा रही है। अभी तक अस्पताल प्रबंधन ने 68 महिलाओं की डिटेल पुलिस को सौंपी है।



### एक सीसीटीवी के सहारे पुलिस

हमीदिया अस्पताल परिसर में वैसे तो दर्जनों सीसीटीवी लगे हैं। लेकिन मर्चुरी के पास इनकी संख्या कम है। पुलिस जिस सीसीटीवी की जांच कर रही है, वह मर्चुरी के उस हिस्से में लगा है, जहां से कचरे का ढेर दिखाई देता है। सिर्फ इसी एक कैमरा की जांच का सहारा पुलिस को है। अभी तक देखी गई वीडियो रिकार्डिंग में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

हमें पीएम रिपोर्ट की कॉपी मिल गई है, उसमें बच्चों के शवों को केरोसिन तेल से जलाने की बात का उल्लेख है। इसके अलावा हम अपनी जांच जारी रखे हुए हैं, जल्द ही इस मामले की तह तक पहुंच जाएंगे।

● **कृष्ण गोपाल शुक्ला**, थाना प्रभारी कोहेफिजा पुलिस स्टेशन

## कर्मयोगी प्रोग्राम से मैनिट में पैदा होगी जवाबदेही की भावना

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी ने फैकल्टी और स्टाफ मेंबर्स के लिए एक दिन का राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित कराया है। इसमें 25-25 पार्टिसिपेंट्स के दो बैच को ट्रेनिंग दी। राष्ट्रीय कर्मयोगी ट्रेनिंग प्रोग्राम (एक दिन) का फोकस सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारियों की पब्लिक सर्विस के प्रति सोच को बदलने पर है। इस प्रोग्राम का मकसद सरकारी कर्मचारियों में सेवा भाव यानी सेवा और जवाबदेही की एक मजबूत भावना पैदा करना है। राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा प्रोग्राम सभी सेंट्रल गवर्नमेंट कर्मचारियों में राष्ट्रीय कर्मयोगी मोमेंट्स के तौर पर गवर्नेंस में बेहतरीन कल्चर को बढ़ावा देने के लिए डेवलपमेंट, लीडरशिप ट्रेनिंग, व्यवहार में बदलाव के लिए हैं।

## स्पोर्ट्स बाइक फिसलने से युवक की मौत, पीएम को लेकर हंगामा

### करीब दो सौ लोग अस्पताल में जुटे, बिना पीएम कराए ले गए शव

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कोलार इलाके में स्पोर्ट्स बाइक फिसलने से एक युवक की मौत हो गई। निजी अस्पताल में जैसे ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पीएम नहीं कराने को लेकर हंगामा कर दिया। करीब दो सौ लोग अस्पताल में जुट गए। तीन एफआरवी, दो चार्ली मौके पर पहुंच गए। पुलिस और अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी। करीब एक घंटे हंगामे के बाद परिजन बिना पीएम कराए शव लेकर चले गए। पुलिस ने अस्पताल से मिली सूचना पर मर्ग कायम कर लिया था।

### कोलार इलाकी की घटना

कोलार पुलिस के मुताबिक 21 वर्षीय नितिन यादव पिता ग्यारसीलाल 610 क्वार्टर कोलार झुग्गी बस्ती में रहते था। वह निजी काम करता था। उसके पिता की 80 फीट रोड कोलार में सब्जी की दुकान है। नितिन के पास स्पोर्ट्स बाइक है। शुक्रवार शाम करीब साढ़े 6 बजे नितिन 80 फीट रोड पर जा रहा था। तभी अचानक उसकी बाइक फिसल गई। इससे वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। उसे जेके अस्पताल पहुंचाया। जहां पीछे-पीछे परिजन व झुग्गी के लोग आ गए। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। लिखित में देने के बाद परिजन शव लेकर चले गए। उन्होंने शव का पीएम नहीं कराया।

**आयोजन** नेशनल लोक अदालत में सुलझे कई मामले, समझौते की राशि पांच दिन में नॉमिनी के खाते में करनी होगी जमा

# उपभोक्ता आयोग में प्रदेश का सबसे बड़ा 1 करोड़ 79 लाख बीमा सेटलमेंट

**जागरण, भोपाल।** जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग भोपाल में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में बीमा क्षेत्र से जुड़ा प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा सेटलमेंट किया गया। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और परिवादी पक्ष के बीच 1 करोड़ 79 लाख 20 हजार रुपए का फुल एंड फाइनल समझौता हुआ। आयोग ने आदेश दिया कि यह पूरी राशि पांच दिनों के भीतर नॉमिनी प्रदीप कुमार के बैंक खाते में जमा कराई जाए। लोक अदालत में सुनवाई के दौरान परिवादी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन चौकसे और अधिवक्ता पंकज दनके उपस्थित रहे।

उभयपक्ष की सहमति से हस्ताक्षरित राजीनामा आवेदन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें मृतक राजेश कुमार की तीनों बीमा पॉलिसियों को लेकर आपसी सहमति से समझौता होने की जानकारी दी गई। आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडेय ने समझौते को पूर्णतः स्वेच्छापूर्ण मानते हुए तीनों प्रकरणों को समाप्त करने के आदेश पारित किए। गौरतलब है कि राजेश कुमार ने अपने जीवनकाल में एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की तीन पॉलिसियां ली थीं, जिनकी कुल बीमित राशि लगभग 2 करोड़ 23 लाख रुपए थी। उनकी मृत्यु के बाद नॉमिनी प्रदीप कुमार ने बीमा दावा प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी ने यह कहते हुए क्लेम खारिज कर दिया था कि पॉलिसी लेते समय बीमारी की जानकारी छुपाई गई थी। इसके बाद तीनों पॉलिसियों को लेकर जिला उपभोक्ता आयोग में अलग-अलग शिकायतें दायर की गईं।



### बीमा कंपनी ने रखा समझौते का प्रस्ताव

लोक अदालत की सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी की ओर से समझौते का प्रस्ताव रखा गया। परिवादी पक्ष ने 1.79 करोड़ रुपए के सेटलमेंट को स्वीकार कर लिया। परिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं मोहन चौकसे और पंकज दनके ने बताया कि उनके 34 वर्षों के वकालती करियर में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बीमा क्लेम का इतना बड़ा सेटलमेंट पहली बार हुआ है।

## प्रदेश में 47 हजार प्रकरणों का समझौते से हुआ निराकरण

**जबलपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शनिवार को हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर और इंदौर-ग्वालियर बेंच सहित सभी अधीनस्थ अदालतों में एक साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सुबह से शाम तक परस्पर समझाइश का यह असर रहा कि 47 हजार से अधिक अदालतों में लंबित प्रकरणों का समझौते से निराकरण हो गया। वहीं दूसरी ओर एक लाख 10 हजार 248 प्री-लिटिगेशन प्रकरण भी निराकृत हो गए। इस प्रक्रिया में करोड़ों रुपये का मुआवजा वितरित हुआ। इससे साफ हो गया कि लोक अदालत माडल मुकदमेबाजी के बोझ को कम करने व पक्षकारों के बीच आपसी सहमति को बढ़ावा देने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। दरअसल, इस बार प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल 1435 पीठों का गठन किया गया था। इनमें से छह पीठें हाई कोर्ट की तीनों बेंचों के लिए थीं। एक लाख 78 हजार से अधिक अदालतों में लंबित मामले सुनवाई के लिए नियत किए गए थे।

### लोक अदालत में एसबीआई के 62 प्रकरण सुलझे

जिला अदालत में शनिवार को आयोजित साल की अंतिम नेशनल लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक के लंबित पेमेंट एंड सेटलमेंट एक्ट के 62 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर बैंक की लाखों रुपए की वसूली हुई। एसबीआई की ओर से महिला अधिवक्ता वर्षा वानखड़े ने बैंक व पक्षकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित कर आपसी सहमति से दोनों पक्षों के बीच समझौता करके प्रकरणों का निराकरण कर न्यायालय का बोझ कम किया है।

## ओएलएक्स पर बेची ढाई लाख की लोन वाली बुलेट, फर्जी एनओसी दी

**जागरण, भोपाल।** पिपलानी इलाके में दो जालसाजों ने मिलकर पौने दो लाख रुपए की ठगी की है। उन्होंने ढाई लाख रुपए के लोन वाली बुलेट को ओएलएक्स पर बेच दिया। साथ ही खरीदार को एनओसी दे दी। जब पीड़ित बुलेट की सर्विस कराने शोरूम पहुंचा तो ठगी का खुलासा हुआ। आवेदन जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। 30 वर्षीय मोहम्मद आसिम बाग फरहत आफजा में रहते हैं। वह निजी काम करते हैं। जुलाई महीने में उन्होंने ओएलएक्स में एड देखा था। जिसे देवेंद्र पटेल ने डाला था। वह एक बुलेट बेच रहा था। दिए गए मोबाइल नंबर पर आसिम ने संपर्क किया। उनकी मुलाकात देवेंद्र पटेल और अनुराग कहर से हुई। उनके बीच 1.70 लाख रुपए में बुलेट का सौदा हुआ। 26 जुलाई को आसिम ने उनसे बुलेट खरीद ली। आरोपियों ने उन्हें बताया कि बुलेट पर चोला मंगलम से लोन था जिसे चुका दिया गया है। साथ ही उन्होंने एनओसी भी दी। आसिम सभी कागज लेकर चले गए। कुछ दिन बाद आसिम प्रभात चौराहे स्थित बुलेट के शोरूम सर्विस कराने पहुंचे। जहां उन्हें पता लगा कि इस बुलेट पर ढाई लाख का लोन है, जिसे चुकाया नहीं गया है। आसिम ने एनओसी दिखाई जोकि फर्जी निकली। शोरूम के कर्मचारियों ने इसकी शिकायत की और बुलेट रख ली। बाद में आसिम ने पिपलानी थाने में आवेदन दिया। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी देवेंद्र और अनुराग के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



### गौहर महल में आयोजित परी बाजार में दिखी अहिल्याबाई की विरासत, फैशन शो में सांस्कृतिक वैभव की झलक

# परंपरा, विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम

**जागरण, भोपाल।** गौहर महल में आयोजित परी बाजार की तीसरी शाम शनिवार को आंत्रप्रेन्योरशिप, हेल्थ एंड वेलनेस और फैशन के रंगों से सराबोर रही। वूमेन एजुकेशन एंड एम्पॉवरमेंट सोसायटी (वीस) द्वारा 'सशक्त मध्यप्रदेश' थीम पर आयोजित वार्षिक आयोजन 'बेगम्स ऑफ भोपाल' के अंतर्गत इस शाम का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहा, जिसने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

इस फैशन शो में भारतीय परंपरा, विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम देखने को मिला। यह विशेष प्रस्तुति एक गहरी सोच और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित रही। मालवा की लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर की सांस्कृतिक दृष्टि को फैशन की भाषा में प्रस्तुत किया गया। फैशन डिजाइनर ताजावर खान के निर्देशन में एनआईएफ भोपाल की 35 छात्राओं ने मालवा की समृद्ध परंपरा का प्रदर्शन किया गया।


छाया:- एचसी वर्मा

## महेश्वरी फैब्रिक का नया स्वरूप

शो में महेश्वरी फ़ैब्रिक को नए और समकालीन स्वरूप में दर्शाया गया। नर्मदा की लहरों जैसी शांति, प्रवाह और अनंतता को दर्शाते इस फ़ैब्रिक के बॉर्डर महलों की बारीक नक्क़ाशी से प्रेरित रहे। हथकरघे पर बुने गए इन परिधानों में परंपरा और कारीगरों की मेहनत स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## तीन राउंड में हुआ फैशन शो

पहले राउंड में महेश्वरी साड़ियों को अलग-अलग फ़ैब्रिक के साथ पेयर कर आधुनिक अंदाज़ में पेश किया गया। पारंपरिक साड़ी को नए स्टाइलिंग के साथ दर्शाकर इसे युवा पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास किया गया। दूसरे राउंड में महेश्वरी फ़ैब्रिक ने शाही रूप धारण किया। पार्टी-वेयर अनारकली और खूबसूरत दुपट्टों के साथ प्रस्तुत यह राउंड परंपरा और उत्सव के संगम का प्रतीक बना। तीसरे और अंतिम राउंड में महेश्वरी फ़ैब्रिक को आधुनिक सिलुएट्स में ढालकर नई पीढ़ी के लिए प्रस्तुत किया गया।

## सूफी रक्स की प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. लता सिंह मुंशी की टीम ने आलम बैंड की मधुर धुनों पर सूफी रक्स की आध्यात्मिक प्रस्तुति दी। नृत्यांगनाओं ने नर्मदा स्तुति नर्मदे हर नर्मदे... की प्रस्तुति के साथ शुरुआत की। इसके बाद ऐरी सखि मंगल गाओ जी...और कुन आया...सूफी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।





फैशन डिजाइनर ताजावर खान के निर्देशन में एनआईएफ भोपाल की 35 छात्राओं ने मालवा की समृद्ध परंपरा का प्रदर्शन किया

## अन्य गतिविधियां भी

परी बाजार में ज्वैलरी मेकिंग और कैनवास पेंटिंग कार्यशालाओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला प्रतिभा को अभिव्यक्त किया, वहीं मैजिक शो और ओपन माइक सेशन ने दर्शकों को मनोरंजन के साथ अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया। हेल्थ एंड वेलनेस तथा आंत्रप्रेन्योरशिप पर आयोजित पैनल चर्चा कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा रही। इस दौरान आईएएस अनुभा श्रीवास्तव, उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी मुख्यरूप से उपस्थित हुईं।

## संडे प्लानर

### लेट्स वॉच

**मूवी**
साली मोहब्बत (जी-5)
किस किसको प्यार प्रोडक्शन 2 (थिएटर)



### मंच एण्ड फन

मटका ब्लास्ट
400 रुपए
डोसा क्राफ्ट
न्यू मार्केट नानके पेट्रोल पंप



### फन विद बुक्स

**किताब लवर्स**
'लोड द बॉक्स' बुकफेयर
मानस भवन, श्यामला हिल्स




### रिलेक्सिंग ईव

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप
रंग संस्कृति नाट्य समारोह
यशोगान और
नाटक पढ़िए कलिमा
शाम 7:00 बजे



# पेपरलेस इलेक्शन के लिए जागरूक करेंगी ब्रांड एम्बेसेडर सारिका घारू



**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग पेपरलेस इलेक्शन की नई पहल के अंतर्गत 29 दिसंबर को होने जा रहे पंचायत उपचुनाव में एक नया इतिहास बनाने जा रहा है, जिसमें प्रदेश में 77 मतदान केंद्रों पर पेपरलेस इलेक्शन कराया जाएगा । मतदाताओं को इस नवीन प्रणाली के प्रति जागरूक करने के लिए राच्य निर्वाचन आयोग की ब्रांड एंबेसेडर सारिका घारू ने आयोग के सचिव दीपक सिंह से मुलाकात की। सचिव दीपक सिंह ने पेपरलेस पद्धति से होने वाले निर्वाचन के नवाचार को आम लोगों तक पहुंचाने के लिये मार्गदर्शन दिया । सारिका ने बताया कि मध्य प्रदेश राच्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस बूथ के माध्यम से कराये जा रहे मतदान की जानकारी आम मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए गीत पपेट शो एक्जीविशन तथा अन्य माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम करेंगी।

## सिटी गेस्ट

# वेब ने खोले कलाकारों के लिए नए दरवाजे : यशपाल शर्मा



**जागरण, भोपाल।** फिल्म और थिएटर के चर्चित अभिनेता यशपाल शर्मा का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने कलाकारों के लिए काम के नए अवसर तेजी से बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि वेब सीरीज में आजकल शानदार काम हो रहा है और फिल्म इंडस्ट्री के लोग भी इसकी ओर बढ़ रहे हैं। यशपाल शर्मा त्रिकर्षि नाट्य संस्था द्वारा स्वर्गीय केजी त्रिवेदी 'चच्चा' की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य एवं सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए भोपाल पहुंचे थे। यशपाल ने वेब कंटेंट की बढ़ती लोकप्रियता पर चिंता जताते हुए कहा कि इसकी सबसे बड़ी कमी वायलेंस और अश्लीलता का बढ़ना है, जो युवाओं को गुमराह कर सकती है। उन्होंने कहा, अगर इस पर नियंत्रण हो जाए, तो वेब जैसा कोई माध्यम नहीं। सेंसरशिप होनी चाहिए, लेकिन डर है कि राजनीति ना हो जाए। सभी विषयों पर एक समान मापदंड बनना जरूरी है। अभिनेता ने नेगेटिव किरदारों की अहमियत पर बात करते हुए कहा कि ऐसे रोल्स में कई डाइमेंशन होते हैं और ये हीरो को बड़ा बनाने की शक्ति रखते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'लगान' का लाखा पहले नेगेटिव दिखता है, फिर पॉजिटिव हो जाता है-यही किरदारों की खूबसूरती है।

# घरेलू बजट, बचत एवं विवाह पूर्व सलाह पर कार्यशाला का आयोजन

**जागरण, भोपाल।** तुलिका सामाजिक, कला, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा महिला हितार्थ घरेलू बजट एवं बचत तथा विवाह पूर्व (प्री-मैरिज) काउंसलिंग विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन दिनांक 16 दिसंबर 2025, दोपहर 12 बजे दुष्यंत संग्रहालय, ई-115/21, शिवाजी नगर, भोपाल में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में महिलाओं को लोन, एसआईपी, ईएमआई, म्यूचुअल फंड आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। बैंकिंग क्षेत्र से रेखा तिवारी (अधिकारी) एवं समीक्षा सिंह राठौर (महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, इंदौर) म्यूचुअल फंड एवं शेयर मार्केट से जुड़ी जानकारी साझा करेंगी।

विवाह पूर्व काउंसलिंग सत्र में पूर्व एआईजी अलका शुक्ला, साइकोलॉजिस्ट मेघावी चौरे, एडवोकेट दिव्या रावत एवं आशा गोस्वामी विवाह पूर्व सलाह के लाभ, बढ़ते तलाक तथा घरेलू हिंसा से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखेंगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष विनीता (श्रीवास्तव) त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर विवाह पूर्व सलाह विषय पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया जाएगा।

## मिस सुपर मॉडल यूनिवर्स करिजमा



## ड्रीम ऑन रैम्प

| | |
|---|---|
| नाम- | यशिका सातनकर |
| जन्मतिथि- | 12 अप्रैल 2001 |
| आयु- | 24 वर्ष |
| ऊँचाई- | 5 फीट 4 इंच |
| वज़न- | 57 किलोग्राम |
| रंगत- | सांवल (गेहुँआ) |
| आँखों का रंग- | काला |

मैं ने चीन [शेनज़ेन] 2025 में आयोजित मिस सुपरमॉडल यूनिवर्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, और सुपरमॉडल यूनिवर्स करिजमा का खिताब हासिल किया है। मैं मास्टर ऑफ आर्ट अंग्रेजी में स्नातकोत्तर हूं। मेरी यात्रा में मिस टॉप मॉडल और मिस यूनिवर्स एमपी फाइनलिस्ट बनना शामिल है। मैं कराटे में राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी हूं और एनसीसी (ए) ग्रेड प्रमाणपत्र धारक हूं। जो इस बात का प्रतीक है कि अगर कोई महिला सपना देखती है तो वह अपनी रुचि के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती है।




**कास्ट** राधिका आप्टे, दिव्येंदु शर्मा, अनुराग कश्यप, कुशा कपिला, सौरसैनी मित्रा
**डायरेक्टर** टिस्का चोपड़ा
**श्रेणी** हिंदी, थ्रिलर, ड्रामा क्राइम
**क्रिटिक रेटिंग** 4/5
**अवधि-** 1 घंटा 45 मि.
**कहां देखें-** ओटीटी प्लेटफार्म जी 5

# प्यार में हदें पार करने की थ्रिलिंग कहानी



'साली मोहब्बत' जब शुरू होती है, तो फिल्म के पहले ही सीन में पूछा जाता है कि क्या महिलाओं की खूबसूरती ही उनका सबसे बढ़ा गुण होती है? इसी सवाल का जवाब, इस पूरी फिल्म की कहानी आगे बढ़ती है। हम देखते हैं कि कैसे एक आम-सी लड़की अपने दिमाग का इस्तेमाल करके अपना बचाव करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। वो हदों को पार करने के बाद कानून को भी चकमा दे सकती है। जानी-मानी अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा निर्देशित 'साली मोहब्बत' की कहानी का मूल यही है। कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा दिखा चुकी टिस्का की बतौर निर्देशक के रूप में यह दूसरी फिल्म है।

### क्यों देखें

मर्डर मिस्ट्री और थ्रिलर फिल्मों के शौकीन हैं तो ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर यह फिल्म देख सकते हैं।

### कहानी

कहानी दो टाइम लाइन में चलती है, जहां कविता (राधिका आप्टे) अपने पति को चीट करते हुए देख लेती है। फिर वो कहानी सुनाने लगती है स्मिता (राधिका आप्टे) की, जो छोटे शहर में रहने वाली हाउस वाइफ है। उसका पति पंकज (अंशुमान पुष्कर) शराबी है और गजेंद्र (अनुराग कश्यप) के कैसिनो का कर्ज चुकाने के लिए लगातार दबाव डालता है कि स्मिता अपना मुरादाबाद वाला पुश्तैनी घर बेच दे। मगर स्मिता की मर्जी नहीं है। स्मिता की जिंदगी में मोड़ तब आता है, जब घर में मौसेरी बहन शालिनी (सौरसेनी मैत्रा) का आगमन होता है। खूबसूरत और दिलफेंक शालिनी स्थानीय पुलिसवाले रतन पंडित (दिव्येंदु) के साथ प्यार की पींगे बढ़ाने लगती है, मगर स्मिता के पैरों तले जमीन उस वक्त खिसक जाती है, जब वह अपने नाकारा पति को अपनी कजन शालिनी के साथ नाजायज संबंध बनाते देख लेती है। और तो और कहानी में एक ट्विस्ट ऐसा भी आता है, जब स्मिता की जान को खतरा है। कुल मिलाकर, कहानी एक ऐसे कॉम्प्लेक्स्ड सिचुएशन में चली जाती है, जहां स्मिता आगे जो भी कदम उठाती है, वो सभी के रोंगटे खड़े कर देती है।

### रिव्यू

निर्देशक के रूप में टिस्का चोपड़ा फिल्म की शुरुआत में ही थ्रिल और सस्पेंस का माहौल तैयार कर देती हैं। शुरू में सरल सी दिखने वाली कहानी आगे जटिल हो जाती है। फिल्म का फर्स्ट हाफ थोड़ा धीमा है, मगर सेकंड हाफ शार्प। निर्देशक ने शादीशुदा जिंदगी में की जाने वाली बेवफाई के साथ-साथ लालच, नैतिकता और प्यार में किसी भी हद तक जाने वाली परतों को थ्रिलिंग अंदाज में जोड़ा है। कहानी हालांकि प्रेडिक्टिबल है, मगर उसका एग्जिक्यूशन रोमांचक है। करण कुलकर्णी का बैकग्राउंड स्कोर बेचैनी में इजाफा करता है। विदुषी तिवारी की सिनेमैटोग्राफी में जान है।

### एक्टिंग

राधिका आप्टे कॉम्प्लेक्स्ड किरदारों में जान फूंकने में माहिर हैं और यहां वे अपने दमदार अभिनय से कविता और स्मिता दोनों ही किरदारों को यादगार बना देती हैं। करप्ट और काइयां पुलिस वाले रतन पंडित के किरदार को दिव्येंदु ने बखूबी निभाया है, जबकि अंशुमान पुष्कर ने भी शराबी और बेवफा पति की रोल के साथ न्याय किया है। गैंगस्टर के रोल में अनुराग कश्यप जमे हैं, जबकि शालिनी के किरदार को सौरसैनी मित्रा ने अच्छे ढंग से निभाया है। शरद सक्सेना छोटी मगर अहम भूमिका में याद रह जाते हैं।

# आईएचएम भोपाल में बनेगा भारत का सबसे बड़ा सैंडविच

**जागरण, भोपाल।** आईएचएम भोपाल देश के लिए एक अनूठा क्यूलिनरी रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। संस्थान के 75 स्टूडेंट्स और फैकल्टी मिलकर 14 दिसंबर को 250 फीट लंबा और 8 इंच चौड़ा सैंडविच तैयार करेंगे, जो भारत का अब तक का सबसे बड़ा सैंडविच होगा। इस विशेष सैंडविच के लिए 24 इंच लंबी लेक-लॉफ ब्रेड का उपयोग किया जाएगा। यह प्रयास न सिर्फ क्यूलिनरी क्रिएटिविटी का उदाहरण होगा, बल्कि भोपाल की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री को राष्ट्रीय पहचान भी दिलाएगा। सैंडविच बनाने की प्रक्रिया सुबह 9 बजे शुरू होगी और खास बात यह है कि इसे तैयार होने में केवल 10 मिनट का समय लगेगा। पूरे आयोजन का नेतृत्व तीन स्टूडेंट्स-सोहा फातिया, अक्षित चंचानी और अक्षिया मिश्रा-कर रहे हैं, जबकि शेफ पंकज चौधरी, संदीप दुआ और अंकुर किशोर मार्गदर्शन दे रहे हैं। स्टूडेंट्स पिछले एक सप्ताह से तैयारियों में जुटे हैं और इस चुनौती को लेकर बेहद उत्साहित हैं। सैंडविच में लेटिस, आइसबर्ग, रूमियन, लोलो रेसो और छह तरह के सलाद पत्तों के साथ टमाटर, खीरा, गाजर, प्याज और शिमला मिर्च जैसी सब्जियों का इस्तेमाल होगा। ब्रेड तैयार करने के लिए 27 किलो रिफाइंड तेल, 30 किलो ईस्ट, 5-5 किलो चीनी, ग्लूटन और ब्रेड इंप्रूवर सहित अन्य सामग्री उपयोग की जाएगी। आईएचएम भोपाल के प्रिंसिपल डॉ. रोहित सरिन ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए टीमवर्क और अनुभवात्मक शिक्षण का एक बड़ा अवसर है। आयोजन में एसीएस पर्यटन शिव शेखर शुक्ला, डॉ. इल्या राजा टी., ताज लेकफ्रंट के जीएम परमवीर सिंह और शेफ अनूप गुप्ता भी मौजूद रहेंगे।



- 90 स्टूडेंट्स और फैकल्टी मिलकर तैयार करेंगे 250 फीट का रिकॉर्ड मेकर सैंडविच

# नीना के सफेद पेड़ों में बसती हैं भावनाएं

**जागरण, भोपाल।** आलियांस फ्रांसिस द भोपाल में 'पोर्ट्रेट ऑफ अ ट्री' पेंटिंग एग्जिबिशन की शुरुआत शनिवार से हुई। जबलपुर की विजुअल आर्टिस्ट डॉ. नीना खरे की यह सोलो पेंटिंग एग्जीबिशन 17 दिसंबर तक दर्शकों के लिए लगी रहेगी। डॉ. नीना खरे के पेंटिंग्स में उकेरे गए पेड़ गहरी जड़ों से युक्त हैं, जिनमें देवता, जिंदगी, खजाना और संतोष बसते हैं।

## सफेद पेड़ दिखाए रंगीन बैकग्राउंड पर

डॉ. नीना खरे एग्जीबिशन में अपने 11 चित्र लेकर आई हैं। इनके पेड़ों की खासियत पेंटिंग्स में दिखाई देती है, जो हरे-भरे और भूरे तने वाले नहीं, बल्कि सफेद हैं। नीना कहती हैं, असल में पेड़ मुझसे बहुत इमोशनली कनेक्टेड हैं, कई बार तो किसी पेड़ को कटता या गिरा हुआ देखकर इतनी इमोशनल हो जाती हूं कि रो पड़ती हूं। बस, अपने उन्हीं इमोशंस को मैं रंगों के साथ कैनवास पर लेकर आई हूं। इसमें 1×1 फिट के कैनवास के फ्रेम सेट भी हैं, 8 फिट लंबे कैनवास भी।



- आलियांस फ्रांसिस द भोपाल में लगी विजुअल आर्टिस्ट डॉ. नीना खरे की सोलो पेंटिंग एग्जिबिशन 'पोर्ट्रेट ऑफ अ ट्री'





# बॉक्स भर लें अपनी पसंदीदा किताबों से

**जागरण, भोपाल।** मानस भवन में 'लोड द बॉक्स बुक फेयर' का आयोजन 10 दिसंबर से शुरू हुआ है। यह बुक फेयर सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चलता है, जिसमें हर उम्र के पाठकों के लिए हजारों किताबें लाई गई हैं। रविवार को इसका आखिरी दिन है। किताबों का विशाल संग्रह ही इस बुक फेयर का सबसे बड़ा आकर्षण है। हिंदी और अंग्रेजी की लगभग 10 लाख किताबें यहां उपलब्ध हैं। जिसमें हिस्ट्री, माइथोलॉजी, क्राइम, मिस्ट्री, थ्रिलर, रोमांस, बायोग्राफी, बच्चों की कहानियां, गार्डनिंग जैसी कई किताबें शामिल हैं। आयोजक विपिन झा ने बताया कि इस बार नए लॉन्च और बेस्ट-सेलिंग किताबें भी शामिल की गई हैं। 'लोड द बॉक्स' कॉन्सेप्ट के तहत पाठक किताबें गिनकर नहीं, बल्कि बॉक्स भरकर खरीदते हैं। तीन अलग-अलग आकार के बॉक्स- मनी सेवर (1500 रुपए), वेल्थ (2500 रुपए), ट्रेजर (3000 रुपए) उपलब्ध हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**भोपाल।** राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क्रमांक-2) की दूसरी छः माही बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परिषद का उद्देश्य केंद्रीय सरकारी कार्यालयों/उपक्रमों में हिंदी राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा, प्रोत्साहन और राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु साझे मंच पर चर्चा एवं सुझाव प्रदान करना है। इन समितियों की बैठक वर्ष में दो बार, प्रत्येक छः माह में एक बार आयोजित की जाती हैं। बैठक में नगर स्थित कार्यालयों के प्रशासनिक प्रमुख एवं राजभाषा गतिविधियों के लिये कार्यरत अधिकारीगण हेतु दिशा-निर्देश, हिंदी में कार्य के अनुपालन एवं संभावित योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में कुल 46 कार्यालयों के लगभग 120 प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, समिति की अध्यक्ष सुम्बुल मुंशी, इकाई प्रमुख एवं नराकास अध्यक्ष, भोपाल तथा समिति के सदस्य-सचिव विद्या राज, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक में उपस्थित गणमान्य सदस्यों में डॉ. विद्या राकेश, निदेशक, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### जेके रोड सहित कई इलाकों में आज बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** रविवार को इंडस्ट्रियल एरिया व जेके रोड सहित कई इलाकों में बिजली कटौती की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज मेंटेनेंस कार्य के चलते गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित ए सेक्टर, एच सेक्टर व आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। वहीं जेके रोड स्थित स्टार लाइन ऑटोमोबाइल्स, एमजे मोटर्स, सुरजीत ऑटोमोबाइल्स व आसपास की फैक्ट्रियों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सुभाष नगर, एकतापुरी, सेमरा गेट, कैलाश नगर, दुर्गा नगर सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक और कमला नगर, कोहेफिजा कॉलोनी, राजीव नगर ए सेक्टर सहित आसपास की कॉलोनियों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई प्रभावित होगी। इंदौर रोड स्थित भैंसाखेड़ी, आकाश नगर, माधव आश्रम, विसर्जन घाट, उप कृषि उपज मंडी बैरागढ़ सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। घरौंदा, बीडीए कॉलोनी, सलैया सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक बिजली सप्लाई प्रभावित होगी।

### जैन प्रबुद्धत मंच ने संप्रेक्षण गृह का दौरा कर लगाया गीजर

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सेवा का स्पर्श जैन शीरोज और जैन प्रबुद्धत मंच भोपाल की नारी शक्ति द्वारा शनिवार को एक और नेक कार्य किया गया। यह संदेश समाज में करुणा, सेवा और संवेदनशीलता की गहरी भावना को उजागर करता है। जैन शीरोज और जैन प्रबुद्धत मंच भोपाल की यह पहल सचमुच समाज सेवा का जीवंत उदाहरण है। इसकी संस्थापक मीना प्रमोद कोठारी, रेनूका मेहता, तथा सदस्य अन्नपूर्णा जैन और सरिका जैन की उपस्थिति में इस प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज को लौटाना एक श्रेष्ठ कार्य के तहत टीम ने भोपाल के संप्रेक्षण गृह का दौरा किया। यहां विधि विरूद्ध बालकों को रखा जाता है। जहां ठंड के इस मौसम में बच्चों के लिए गरम पानी की सुविधा के लिए एक गीजर स्थापित किया गया। साथ ही सभी बच्चों के लिए बिछाने बिस्तर के कपड़े भी वितरित किए, ताकि वे सर्द रातों में कुछ सहजता और सुकून महसूस कर सकें। इस अवसर पर बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक मोटिवेशनल सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें जीवन में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और नयी शुरुआत की शक्ति पर सुंदर संदेश दिए गए। बच्चों की आंखों में आशा की वह चमक देखने लायक थी, मानो किसी ने उनके दिलों में फिर से एक नई सुबह की किरण जगा दी हो।

### टच पॉइंट सेंटर खुलने से बैंकिंग व्यवस्था का नेटवर्क होगा मजबूत

**भोपाल।** दूरस्थ गांवों में अब बैंकिंग सुविधाएँ लोगों के घर तक पहुंचेंगी। देश की सबसे बड़ी बैंकिंग सुविधा प्रदाता कंपनी बीएलएस ई-सर्विसेज जो की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी तथा बहुत सारे सार्वजानिक तथा प्राइवेट बैंको की बिजनेस कॉरेस्पोंडेंस है ने घोषणा की है कि वह अगले दो वर्षों में राज्य में 5000 नए बिजनेस करेस्पॉन्डेंट सेंटर स्थापित करेगी। ये बी सी सेंटर वैसे ही कार्य करते है जैसे कि किसी बैंक की लघु ब्रांच में होता है। ये बीसी सेंटर भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सतना, रतलाम, रीवा, आदि में खोले जायेंगे। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इन बैंकिंग टच पॉइंट सेंटरों के खुलने से प्रदेश की बैंकिंग व्यवस्था का नेटवर्क बहुत मजबूत हो जायेगा। इस पहल का लाभ उन ग्रामीण परिवारों को होगा जो आज भी बैंक तक पहुँचने के लिए लंबी दूरी तय करते हैं, कई घंटे इंतजार करते हैं और अक्सर पूरा दिन इसी काम में निकल जाता है।

### ओशो जयंती पर कुचवाड़ा में आध्यात्मिक पिकनिक



**भोपाल।** परम गुरु ओशो के जन्मदिन के मौके पर, मध्य प्रदेश समर्थ गुरु धारा संघ और भोपाल संघ आचार्य मां आनंद असीमा की तरफ से कुचवाड़ा में गुरुवार को एक दिन का स्पिरिचुअल पिकनिक ऑर्गेनाइज किया गया। यह पिकनिक एनर्जी, जोश और जश्न से भरे माहौल में खत्म हुआ। ओशो के जन्मस्थान पर हुए इस खास इवेंट में भोपाल, रायसेन, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, बालाघाट, खंडवा, बुरहानपुर और सिवनी जिलों के आचार्यों और साधकों के साथ-साथ नागपुर के 150 से ज़्यादा साधकों ने हिस्सा लिया। साधक सूरज उगते ही ओशो के जन्मस्थान पर भजनों और जश्न की धुनों के साथ पहुंचने लगे। पवित्र जगह पर, साधकों ने एक घंटे तक गहन ध्यान और ग्रुप सेलिब्रेशन किया। इसके बाद, साधक ओशो के स्कूल और उस जगह गए जहां ओशो ने अपनी मां को संन्यास की दीक्षा दी थी। पूरे गांव में ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न के जुलूस निकाले गए। साधकों की सामूहिक एनर्जी से इम्प्रेस होकर, बड़ी संख्या में गांव वाले भी जश्न में शामिल हुए।

# डुप्लीकेट व 85 से अधिक उम्र के लोगों का वेरिफिकेशन करने एप में जोड़े नए फीचर्स

## जिले में ऐसे 4 लाख 45 हजार मतदाता, जिनके वोटर लिस्ट में दो बार नाम या वे स्थानांतरित

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले की मतदाता सूची में 4 लाख 45 हजार 32 नाम ऐसे जुड़े हुए हैं। जिनकी या डुप्लीकेट एंट्री है या इन मतदाताओं के स्थानांतरित, मृत या अनुपस्थित होने के बाद भी उनके नाम सूची से नहीं काटे गए हैं। अब इन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ एप में नए फीचर जोड़े गए हैं। इन नए फीचर्स के तहत बूथ लेवल ऑफिसर एप के जरिए ही डुप्लीकेट मतदाता की पहचान कर सकेंगे। साथ ही 85 साल से अधिक उम्र के मतदाता का फिजिकल वेरिफिकेशन करने के बाद एप के जरिए ही उनकी जानकारी भारत निर्वाचन आयोग के डेटा में की जा सकेगी। इसी एप के जरिए उम्र, जेंडर और नामों की गड़बड़ियों के साथ समान एंट्रियों की जांच भी आसान होगी। इसके संबंध में रविवार से ही बीएलओ की ट्रेनिंग शुरू कर दी गई। ताकि एसआईआर कार्य को पूरी शुद्धता के साथ पूरा किया जा सके। बता दें कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिन 4 लाख 45 हजार 032 मतदाताओं के नाम अब्सेंट, शिफ्टेड व डेथ (यूएसडी) लिस्ट में रखे गए हैं। उनमें से सबसे ज्यादा मतदाता गोविंदपुरा विधानसभा में जुड़े हुए हैं। गोविंदपुरा में करीब 99 हजार 748 मतदाताओं का रिकॉर्ड बीएलओ को नहीं मिला है। जबकि बैरसिया में सबसे कम 13135 मतदाताओं का ही रिकॉर्ड ही मिसिंग है।



### 2003 की सूची से मिले 15 लाख 51 हजार मतदाता

अब तक किए गए काम के तहत जिले के 15 लाख 51 हजार 208 मतदाताओं या उनके परिजनों का नाम 2003 की मतदाता सूची में मिला है। इन सभी मतदाताओं की मैपिंग जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा कर दी गई है। यानि अब तक केवल 72.97 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग 2003 की सूची के साथ हो सकी है, जबकि 1 लाख 29 हजार 669 मतदाता ऐसे हैं, जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं मिले हैं। इन 6.1 फीसदी मतदाताओं का मिलान 2003 की सूची से करने के लिए बीएलओ लगातार काम कर रहे हैं। यदि 18 दिसंबर तक इनकी मैपिंग नहीं हो पाती है, तो इन मतदाताओं को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नोटिस जारी कर इनका रिकॉर्ड मांगा जा सकता है। बता दें कि एसआईआर के पूर्व जिले में 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं का रिकॉर्ड था, लेकिन बीएलओ को इनमें से केवल 16 लाख 80 हजार 877 मतदाताओं का ही रिकॉर्ड मिला है।

### गायब मतदाताओं की दो दिन होगी भौतिक जांच

जिले के एयूएसडी लिस्ट के 4 लाख 45 हजार मतदाताओं को ढूंढने के लिए सोमवार से दो दिन तक कलेक्टर सहित पूरा अमला मैदान में उतरेगा और घर घर जाकर मतदाताओं की भौतिक स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 70 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर कलेक्टर सहित 525 अधिकारी-कर्मचारी डुप्लिकेट, अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत मतदाताओं की जांच करने के लिए 15 और 16 दिसंबर को घर-घर जाएंगे। शहर के 70 प्रतिशत मतदान केंद्र ऐसे हैं, जिनमें ऐसे मतदाताओं की संख्या अधिक है। इनका अधिकारी व कर्मचारी सत्यापन करेंगे। शनिवार को भारत निर्वाचन अयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से विधानसभावार अधिकारियों व कर्मचारियों का काम आवंटित कर दिया गया। सोमवार से सभी अपने-अपने क्षेत्र में एसडीआर सूची की जांच करने में जुट जाएंगे।

### एम्स की महिला डॉक्टर का सुसाइड प्रयास मामला

# परिजन बोले, कभी काम या परिवार को लेकर कोई शिकायत नहीं की

- पुलिस ने पति, मां और बहन से की बातचीत
- हालत गंभीर, वेंटीलेटर पर चल रहा इलाज



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल की महिला डॉक्टर की हालत नाजुक बनी हुई है। वह आईसीयू में हैं और वेंटीलेटर के सपोर्ट से इलाज दिया जा रहा है। महिला डॉक्टर रश्मि वर्मा ने एनेस्थीसिया के ओवर डोज का इंजेक्शन खुद का लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। गुरुवार से वह एम्स अस्पताल में भर्ती हैं। इस बीच अवधपुरी पुलिस द्वारा महिला डॉक्टर के परिजनों से बातचीत की गई। जिसमें महिला के पति डॉ. मनमोहन शाक्य, मां और उनकी बहन शामिल हैं। पुलिस के अनुसार तीनों ने बातचीत में बताया कि डॉ. रश्मि अपने काम को लेकर समर्पित थी, हर जगह उसकी तारीफ होती थी, डॉ. रश्मि ने कभी भी कार्य स्थल पर प्रताड़ना या अत्यधिक काम की शिकायत नहीं की, और न ही अपने परिचितों में से किसी से कोई मनमुटाव की बात कही। पुलिस को अब डॉ. रश्मि के स्वस्थ्य होने का इंतजार है।

### अटकलें, एचओडी सवालों के घेरे में

महिला डॉक्टर द्वारा आत्महत्या का प्रयास करने के बाद से ही कुछ अटकलें और कयास चल रहे हैं। अटकलें यह कि डॉ. रश्मि अपने एचओडी डॉ. यूनुस से परेशान थीं। डॉ. यूनुस ट्रामा एंड इमरजेंसी के हेड हैं और डॉ. रश्मि इसी विभाग में कार्यरत हैं। हालांकि यह सभी अभी तक सिर्फ कयास और अटकलें हैं। इस मामले में एम्स प्रशासन ने अभी तक कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है।

### अफवाहों को लेकर एम्स प्रबंधन सख्त

पूरे मामले में चल रही अफवाहों को लेकर एम्स प्रबंधन अब सख्त हो गया है। पूरे मामले की हकीकत जानने के लिए एम्स प्रबंधन अपने स्तर पर जांच करेगा। इसके लिए जल्द ही कमेटी बनाई जाएगी। इधर मामले में एम्स प्रबंधन ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

मामला संज्ञान में आया है, हमने परिजनों से बातचीत की है, फिलहाल किसी प्रकार की कोई परेशानी या समस्या का पता नहीं चला है। डॉक्टर के स्वस्थ्य होने का हम इंतजार कर रहे हैं। उसके बाद जांच आगे बढ़ेगी।

● **सुरेश मीणा**, थाना प्रभारी अवधपुरी पुलिस स्टेशन

# युवक कांग्रेस के नए कार्यकारी अध्यक्ष पर रेप के गंभीर आरोप

## पीसीसी में कार्यकर्ताओं ने मांगा राहुल गांधी से न्याय



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के भोपाल शहर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाए गए अमित खत्री पर लगे गंभीर आरोपों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) कार्यालय में शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। पिछले हफ्ते ही कांग्रेस आलाकमान ने अंकित दुबे को हटाए जाने के बाद खत्री को यह जिम्मेदारी दी थी, लेकिन हफ्ते भर में ही ख6 के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया। शनिवार को लगभग दो दर्जन से अधिक युवक और युवतियां हाथों में राहुल गांधी न्याय दो के नारे लिखी तख्तियां लेकर पीसीसी पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में बलात्कार और एससीएसटी का आरोपी अमित खत्री लिखे हुए पोस्टर भी ले रखे थे। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब पिछले हफ्ते यूथ कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष अंकित दुबे को हटाकर चुनाव में फर्स्ट रनर-अप रहे अमित खत्री को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। खत्री की नियुक्ति के बाद से ही भोपाल यूथ कांग्रेस में घमासान तेज हो गया है।

### खत्री ने दी लीगल एक्शन की चेतावनी

प्रदर्शनकारी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि अमित खत्री के खिलाफ रेप और एससीएसटी एक्ट जैसे संगीन अपराधों के आरोप हैं। इसलिए ऐसे व्यक्ति को तुरंत जिलाध्यक्ष के पद से हटाया जाना चाहिए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि वे इस संबंध में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को भी आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक खत्री के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। इस बीच प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा सुनवाई न होने पर वे अब सीधे पार्टी के शीर्ष नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को इस मामले की शिकायक करेंगे। इस दौरान अमित खत्री युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित खत्री ने आरोपों का खंडन करते हुए एक वीडियो जारी किया। उन्होंने इसे राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए बताया कि पिछले दिनों युवा कांग्रेस के चुनाव में अंकित दुबे का आपराधिक रिकॉर्ड होने की वजह से उनका चुनाव शून्य कर दिया गया और मुझे कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके बाद से कुछ षड्यंत्रकारी नेता उनके खिलाफ भ्रामक प्रचार कर रहे हैं कि बिलखिरिया थाने में उनके खिलाफ गंभीर अपराध दर्ज है। खत्री ने कहा कि वह इस झूठे प्रचार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# जीवनसाथी की तलाश में डॉक्टर और इंजीनियरों ने दिया परिचय, धार्मिक परिवार मिलने की बताई चाह

## मंगलाचरण से हुई अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन की शुरुआत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती के तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन (टोंग्या जी वाला) शनिवार से शुरु हुआ। सम्मेलन जवाहर चौक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित किया गया। शनिवार को सम्मेलन में पूरे देशभर के तकरीबन हजारों समाजजन सम्मिलित हुए। शनिवार को सुबह कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण और भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, महापौर मालती राय और नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी मंच पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों और अतिथियों का स्वागत किया गया। परिचय सम्मेलन की स्मारिका भेट की गई। स्मारिका में पांच हजार 339 युवक युवतियों का परिचय बायोडाटा रंगीन पुस्तक में प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन प्रदेशभर से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर परिचय पुस्तिका का विमोचन किया गया। कई युवक युवतियों ने मंच पर आकर भावी जीवन साथी कैसा हो इस संदर्भ में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉक्टर, इंजीनियर, शासकीय सेवाओं में और व्यापार कर रहे युवकों ने भी मंच से परिचय दिया। युवकों की ख्वाइस परिवार चलाने वाली बहू हो, तो युवतियों ने कहा उन्हें धार्मिक परिवार की तलाश है। इसके साथ ऐसा परिवार मिले जिसमें वे भी नौकरी और व्यवसाय कर पाएं। वहीं एक प्रत्याशी ने कहा कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूं। मैं ऐसी लड़की के साथ शादी करना चाहता हूं, जो घर के कामकाज करने के साथ पढ़ी लिखी हो। समिति के प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया कि सम्मेलन के प्रथम दिन प्रत्याशी स्वयं मंच से परिचय देना शुरु किया। युवातियों ने भावी जीवन साथी के बारे में विचार साझा किए।



सम्मेलन में युवक -युवती एवं परिवारजनों का मिलन का सिलसिला जारी रहा। शनिवार को कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवतियां और उनके परिजन उपस्थित हुए। युवाओं में लगभग 150 और युवतियों में 200 प्रत्याशियों ने अपना परिचय मंच पर दिया। परिचय देते समय बहुत उत्सुकता नजर आई। समिति ने स्मारिका पत्रिका का विमोचन कर उपस्थित लोगों को सरल और सुचारु रुप से उपलब्ध कराने की व्यवस्था उपलब्ध कराई।

**सम्मेलन में अध्यक्ष मनोहरलाल टोंग्या**

| डिग्री | होल्डर | युवक | युवतियां |
|---|---|---|---|
| सीए | 234 | 107 | 127 |
| डॉक्टर | 332 | 204 | 128 |
| वकील 1 | 76 | 79 | 97 |
| इंजीनियर 1 | 890 | 740 | 1150 |
| बीबीए-एमबीए | 1017 | 508 | 509 |

### पंजीयन में 2528 युवक और 2811 युवतियां शामिल

बताया कि अब तक इस सम्मेलन के लिए पांच हजार 339 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया है। इनमें दो हजार 528 युवक और दो हजार 811 युवतियां शामिल हैं। जिसमें 16 देशों से 94 युवा (जिसमें-68 ुवक-26 युवतियां) भी शामिल हैं, जो अपने जीवन साथी की तलाश में इस सम्मेलन में शामिल हुए। इनके अलावा कुछ युवक- युवती ऐसे हैं जो सिविल सेवाओं में हैं। पिछले वर्ष भी काफी संख्या में एनआरआई युवाओं ने पंजीकरण कराया था। इंजीनियर विनोद जैन, पीसी सेठी, अनिल जैन (स्मारिका पत्रिका के संपादक), नरेन्द्र ढोग्या, प्रमोद हिमांशु, रविन्द्र जैन (पत्रकार), विजय जैन (नूना), राकेश जैन (अनुपम)विजय बोहरा, अशोक जैन (आकृति) अतुल जैन (एलआईसी), शिखरचंद्र जैन, आलोक जैन (सुभाष नगर), शैलेन्द्र माया, प्रशांत जैन, संजय जैन (मुंगावली) पंकज इंजीनियर, विजय मोदी, चंद्रकुमार जैन, राजीव जैन (सर), राजीव जैन (राज), वीरेन्द्र जैन (श्रीजी), दिनेश राजवंश, सुनील पटेल, सुबोध जैन (पुट्टामिल), प्रतिभा टोंग्या, ललित मानिया, इंदिरा जैन, डॉ भारती जैन व महिला मंडल की सभी सदस्य, समिति के सभी सदस्य और जैन मंदिरों के अध्यक्ष, पधाधिकारी गण एवं समाज के वरिष्ठ जन उपस्तिथ रहे।

# भोजपाल महोत्सव मेले का एक जनवरी तक रहेगा रोमांच

**भोपाल।** राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला में महामहिम राच्यपाल मंगु भाई पटेल शुक्रवार शाम को मेला देखने पहुंचे। शाम 7.30 बजे मेला पहुंचने पर मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी और महामंत्री हरीश कुमार राम सहित मेला टीम ने ढोल ढमाकों के साथ भव्य अगवानी की। मेला भ्रमण के दौरान अलग-अलग राच्यों से आए दुकानदारों से भेंट की और उनके उत्पादों के बारे में जानकारी ली। मेले में आए नागरिकों से संवाद कर मेले से संबंधित गतिविधियों के बारे में पूछा। इस दौरान मेले में लगाई गई केंद्र सरकार और राच्य सरकार की लोक कल्याणकारी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल ने मेला समिति द्वारा किए जा रहे इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति को इसके लिए बधाई दी। कहा कि 50 दिनों तक आयोजित होने वाले मेले में आने वाले दुकानदारों और लोगों की व्यवस्था के लिए मेला समिति बधाई की पात्र है। प्लेबैक सिंगर स्नेहा भट्टाचार्य ने मेले में धमाल मचाया। स्नेहा सा रे गा मा पा 2023 की फाइनलिस्ट हैं। उन्होंने दो साल की उम्र से हारमोनियम से सरगम करना शुरू कर दिया था। पिता की मदद करने के लिए कम उम्र में ही लाइव शो करना शुरू कर दिया था।



### मास्टर सीलम मचाएंगे धमाल

देश विदेश में धमाल मचाने के बाद मास्टर सलीम भोपाल में चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में धूम मचाने आ रहे हैं। मास्टर सलीम एक प्रसिद्ध भारतीय प्लेबैक सिंगर हैं, जो मुख्य रूप से पंजाबी, धार्मिक (भजन) और सूफी संगीत के लिए जाने जाते हैं।

# तस्कर से 10.28 ग्राम ओजी गांजा बरामद, कीमत सवा दो लाख रुपए

## क्राइम ब्रांच ने मोबाइल और बाइक की जब्त, नशे से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने एक तस्कर से 10.28 ग्राम ओशन ग्रोन कैनाबिस (ओजी) गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत सवा दो लाख रुपए बताई गई है। तस्कर इसे बेचने की फिराक में खड़ा था। इससे पहले क्राइम ब्रांच ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी से मोबाइल और बाइक जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। मौके से उसका एक साथी फरार हो गया। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस नशे से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर की सटीक सूचना पर शुक्रवार को कटारा हिल्स स्थित मीनाक्षी प्लानेट सिटी कालोनी से एक युवक के पास से 10.28 ग्राम ओजी गांजा मिला, जिसे उसने सफेद 11 पन्नी में रखा था। वह यह गांजा किसी को बेचने की फिराक में था। युवक की पहचान सुभाष परमार (21) पिता पर्वत सिंह परमार निवासी राम मंदिर के पास ग्राम रतनपुर, मिसरोद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल और वारदात में उपयोग लाई बाइक जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपी ने अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को दी है। जानकारी के आधार पर पुलिस उन लोगों की पहचान कर तलाश में जुटी है।



### क्या है ओजी गांजा

ओशन ग्रोन कैनाबिस (ओजी) का मतलब ऐसी उच्च गुणवत्ता वाली कैनाबिस किस्मों से है, जो अमेरिका के समुद्री तटीय इलाकों, खासकर कैलिफोर्निया में विकसित की गई हैं। यहां समुद्री हवा, अनुकूल मौसम और अच्छी खेती की तकनीकों ने इन किस्मों को खास बना दिया है। ओशन ग्रोन कैनाबिस अपनी तेज खुशबू, अधिक रेजिन और मजबूत असर के लिए जानी जाती है। इन पौधों की बनावट संतुलित होती है, ये मध्यम से थोड़े ऊंचे कद के होते हैं और इनकी कलियां बहुत घनी व चिपचिपी होती हैं। असर की बात करें तो ओशन ग्रोन कैनाबिस आमतौर पर काफी शक्तिशाली होती है। इसका प्रभाव पहले दिमाग में हल्की खुशी और सुकून देता है, फिर धीरे-धीरे शरीर को गहरी शांति का एहसास कराता है।


**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt-Narmadapuram**
पं.दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया
फोन नं. 07576-222041
पिन-461775
Email- cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./राजस्व/2025/351 | पिपरिया दिनांकः-10.12.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के पुरानी गल्ला मंडी कार्यालय के बाजू निर्मित दुकानों की नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | दुकान नंबर | आरक्षण | प्रा. राशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म शुल्क+GST |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_467777_1 | ब्लाक C दुकान नंबर 15 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 2 | 2025_UAD_467777_2 | ब्लाक C दुकान नंबर 36 | अनारक्षित | 11.80 Lakh | 8850/- | 2000/ रु. |
| 3 | 2025_UAD_467777_3 | ब्लाक C दुकान नंबर 37 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/ रु. |
| 4 | 2025_UAD_467777_4 | ब्लाक C दुकान नंबर 38 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/ रु. |
| 5 | 2025_UAD_467777_5 | ब्लाक C दुकान नंबर 39 | अनुसूचित जाति | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/ रु. |
| 6 | 2025_UAD_467777_6 | ब्लाक D दुकान नंबर 16 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 7 | 2025_UAD_467777_7 | ब्लाक D दुकान नंबर 17 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 8 | 2025_UAD_467777_8 | ब्लाक D दुकान नंबर 18 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 9 | 2025_UAD_467777_9 | ब्लाक D दुकान नंबर 19 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 10 | 2025_UAD_467777_10 | ब्लाक D दुकान नंबर 20 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 11 | 2025_UAD_467777_11 | ब्लाक D दुकान नंबर 21 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 12 | 2025_UAD_467777_12 | ब्लाक D दुकान नंबर 40 | अनुसूचित जाति | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/ रु. |
| 13 | 2025_UAD_467777_13 | ब्लाक D दुकान नंबर 41 | अनुसूचित जाति | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/ रु. |
| 14 | 2025_UAD_467777_14 | ब्लाक D दुकान नंबर 42 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/ रु. |
| 15 | 2025_UAD_467777_15 | ब्लाक E दुकान नंबर 22 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 16 | 2025_UAD_467777_16 | ब्लाक E दुकान नंबर 23 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 17 | 2025_UAD_467777_17 | ब्लाक E दुकान नंबर 24 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 18 | 2025_UAD_467777_18 | ब्लाक E दुकान नंबर 25 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 19 | 2025_UAD_467777_19 | ब्लाक E दुकान नंबर 26 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 20 | 2025_UAD_467777_20 | ब्लाक E दुकान नंबर 27 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 21 | 2025_UAD_467777_21 | ब्लाक E दुकान नंबर 43 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/ रु. |
| 22 | 2025_UAD_467777_22 | ब्लाक E दुकान नंबर 44 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/ रु. |

// समय तालिका //

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 13-12-2025 10:30 AM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 27-12-2025 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 29-12-2025 10:30 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2. प्रिमियम राशि एवं विकास शुल्क की संयुक्त गणना उपरांत ही उच्चतम राशि पर दुकान आवंटित की जावेगी।
3. विकास शुल्क की जानकारी नगर पालिका परिषद पिपरिया के राजस्व शाखा से लेवें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिपरिया**

# सीएम के दौरे से पहले चमका संतनगर लोग बोले ऐसा ही क्लीन रहे मुख्य बाजार

## सुबह से ही नगर में बदली रहीं सारी व्यवस्थाएं

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** आम दिनों में जहां सुबह होते ही भोपाल इंदौर राजमार्ग स्थित यहां के मुख्य बाजार में वाहनों की रेलमपेल शुरू हो जाती है ओर 10 बजे के आस पास ही स्टेशन रोड के अलावा प्रमुख चैराहों पर जाम लगने के नजारे देखने को मिलते हैं, साथ ही सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क होने वाले वाहनों, आटो, लोडिंग रिक्शा व लोडिंग मिनी बसें, हाथ ठेलों के कारण दोपहिया वाहनों का गुजरना भी मुश्किल हो जाता है तथा खासतौर पर कृष्णा प्लाजा काम्पलेक्स से कालका चैराहे तक सवा किलो मीटर मार्ग को तय करने में 20 से 25 मिनट का समय लग जाता है, वहीं शनिवार को सब कुछ बदला हुआ था। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ग्राम फंदा में राजा वीर विक्रमादित्य स्वागत द्वार का भूँमि पूजन करने यहां से गुजरने वाले थे।



### नीट क्लीन सड़कें

सीएम के गुजरने के कारण सुबह 7 बजे से ही पुलिस, नगर निगम, यातायात अमले एवं जिला प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया था। सुबह सुबह जो ठेले वाले सब्जी एवं फल लेकर यहां जमना शुरू होते हैं, उन्हें दूर धकेल दिया गया था, सड़क पर कोई भी वाहन पार्क न हो इसके लिए ट्रेफिक पुलिस की क्रेन पूरे मार्ग पर सर्चिंग कर रही थी। नगर निगम का अमला भी अपने वाहनों से मार्ग पूरी तरह से साफ सुथरा रहे, कोई ठेले वाला न दिखे इस पर नजर रखे हुए था वहीं ट्रेफिक पुलिस उन वाहनों का चालान काटते दिखी जो अपनी कारे यहां वहां पार्क कर कहीं चले गए थे।

अनेक वाहनों का स्पाट पर ही फाइन करते हुए चालन किया गया। इस मार्ग पर जो भी आया उसे यह सबकुछ देखकर काफी अच्छा लगा सारी व्यवस्थाएं चाक चैबंद थी, और लोग यह कहते सुने गए कि काश हर दिन ऐसी व्यवस्था हो तो आम जनता को काफी राहत मिले।

### चंद घंटों की राहत

वैसे यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि जिम्मेदार सरकारी विभाग भी इस मार्ग पर स्थाई व्यवस्थाओं में लगता है विश्वास नहीं रखता क्योंकि शनिवार को जब सुबह 11.15 बजे मुख्यमंत्री का काफिला फंदा के लिए रवाना हुआ, उससे पहले मार्ग पर हर व्यवस्था सुचारू थी, कोई एक घंटे के बाद जब सीएम वापस निकले तब बर्तन बाजार, नेहरू क्लाथ मार्केट की तरफ भोपाल इंदौर राजमार्ग पर भी उसी तरह की व्यवस्थाएं की गई परन्तु जैसे ही काफिला गुजर गया उसके बाद इस मार्ग के दोने तरफ पुराने हालात कायम हो गए।

### सिक्स लेन तक करें व्यवस्था

आम नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर पौने तीन किलो मीटर क्षेत्र में सिक्स लेन एजीवेटेड फ्लाइ ओवर का निर्माण हो रहा है, जब तक काम चले तब तक इस मार्ग पर किसी भी वाहन के सड़क किनारे खड़े होने के अलावा हाथ ठेलों, आटो रिक्शा व लोडिंग आटो आदि को सख्ती से रोका जाए क्योंकि इन्हीं के कारण सीहोर से आने व जाने वाले वाहन जाम में फंसते हैं दूसरे इस मार्ग पर चलने वाली लो-फ्लोर बसों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जरूरत है, ताकि वे निर्धारित बस स्टाप पर ही खड़ी हों, ओर जहां सवारी दिखी वहां ब्रेक न लगाएं। इसके लिए स्थानीय पुलिस, ट्रेफिक अमले के अतिरिक्त नगर निगम एवं जिला प्रशासन को सर्तक रहने की जरूरत है, ताकि आम जनता को परेशानी न हो।



"ऐसा क्यों कि जब मुख्यमंत्री आए तब ही व्यवस्थाएं कामय की जाएं हर दिन सड़क अतिक्रमण व अवैध वाहनों की पार्किंग से मुक्त होना चाहिए ताकि आम जनता को होने वाली पेरशानी से बचाया जा सके।

**- फीरोज खान**, लोहा व्यापारी



"दुकानों के सामने हाथ ठेले वाले खड़े हो जाते हैं, उन्हें रोको तो लड़ाई झगड़े पर उतारू होते हैं। मार्ग पर कोई वाहन एवं ठेला खड़ा न हो, ताकि जाम न लगे इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

**- नारायणदास लालवानी**, थोक कपड़ा कारोबारी

मध्य प्रदेश सरकार के दो सफल वर्ष पूर्ण

# बैरसिया विधायक खत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दी उपलब्धियों पर बधाई



**बैरसिया।** मध्य प्रदेश सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विष्णु खत्री ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान विधायक विष्णु खत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सरकार के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।विधायक श्री खत्री ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके नेतृत्व की सराहना की और कहा कि डॉ. मोहन यादव के कुशल, दूरदर्शी और जनोन्मुखी नेतृत्व में मध्य प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिला है।विष्णु खत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में राज्य सरकार ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है और शासन-प्रशासन में पारदर्शिता व संवेदनशीलता बढ़ी है।

# संतनगर के नेताओं ने सीएम से की मुलाकात, दी बधाई

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पिछले दो साल में प्रदेश को खासतौर पर औद्योगिक क्षेत्र में विश्व ऊंचाईयों पर पहुंचाने के लिए डा. मोहन यादव का राजधानी के अन्य नेताओं की तरह संत हिरदाराम नगर के कई वरिष्ठ व युवा नेताओं ने भी पहुंचकर बधाई दी और उनका स्वागत किया। एक प्रतिनिधि मण्डल भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत के नेतृत्व में गया जहां पिछले दो साल में जिन क्षेत्रों में मध्यप्रदेश ने न केवल देश बल्कि विदेशों में भी गहरी छाप छोड़ी है, उसके लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी। राहुल राजपूत के अलावा अभा सिंधी समाज के संरक्षक प्रकाश मीरचंदानी, एक अन्य जिला उपाध्यक्ष राम बंसल रैनवाल, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, गांधीनगर मण्डल अध्यक्ष राजू मीणा, संत नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष बागवानी, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल रैनवाल, महामंत्री जगदीश यादव, रेलवे सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य नितेश लाल, कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी, उपाध्यक्ष नरेन्द्र चोटरानी, जनपद पंचायत फंदा अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, जिला ग्रामीण भाजपा महामंत्री सत्यनारायण शर्मा, वार्ड तीन के पार्षद विकास मारन आदि ने बधाई दी।



दो साल पूरे होने पर संत नगर के नेता पहुंचे सीएम हाउस

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं SHAILESH KUMAR SINGH S/o GANGA SINGH, आयु-60 वर्ष, जन्मतिथि 27.06.1966 व्यवसाय-लेखापाल निवासी- मकान नं. 136, डी-सेक्टर, सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन, गोविन्दपुरा, भोपाल म.प्र.। पूर्व में मेरा नाम SHAILESH SINGH था, वर्तमान में अब मेरा नाम SHAILESH KUMAR SINGH हो गया है। यह कि मेरा वर्तमान नाम SHAILESH KUMAR SINGH है, अत: अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मेरा SHAILESH KUMAR SINGH नाम ही सभी स्थान पर लेख व मान्य किया जाये।

# सीसी रोड का किया भूमि पूजन

**जागरण प्रतिनिधि ओबेदुल्लागंज।** भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनू चौकसे के प्रयास से वार्ड नंबर 12 अर्जुन नगर में सिंचाई विभाग के सामने का सीसी रोड का कार्य शुरू हुआ जिसका भूमि पूजन विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे ,पार्षद सुनील सेरिया ने वार्ड वासियों की उपस्थिति में किया यह रोड कायाकल्प 02 योजना में से बनाई जा रही हे। पार्षद सुनील सेरिया ने समस्त वार्डवासियों की ओर से विधायक सुरेंद्र पटवा एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनू चौकसे नगर परिषद सीएमओ किरण राहंगडाले का अभार व्यक्त किया।



# संकल्प लें कि आज से घर में मातृभाषा में बात करेंगे: संत सिद्व भाऊ

## विरासत, संघर्षो, पुनर्वास की कहानी जर्नी आफ सिंधियत देखने जुटे सैकड़ों श्रोता





**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** नए रिसर्च में यह बात उजागर हुई कि सिंधु घाटी की सभ्यता 5 हजार नहीं बल्कि 8 हजार साल पुरानी थी, और यह भी पता चला है कि सिंधु घाटी की खुदाई में एक भी हथियार नहीं मिला, इसका मतलब साफ है कि उस दौर के लोग हिंसक नही बल्कि शांतिप्रिय थे। अनेक शहरों में धूम मचाने के बाद जर्नी आफ सिंधियत की प्रस्तुति अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध संत हिरदाराम आडीटोरियम में हुई जिसमें फिल्म इंडस्ट्रीज से जुड़े जाने माने समाज सेवी एवं उद्योगपति राम जवाहरनी मुख्य रूप से मुम्बई से यहां पधारे थे। जबकि स्वामी हिरदाराम जी के उत्तराधिकारी संत सिद्ध भाऊ मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि यहां पर संकल्प लें कि हम घर मे मातृ भाषा में बात करेंगे। इस मौके पर राम जवाहरानी ने कहा कि हमने यह महसूस किया कि किसी तरह अपने इतिहास, धारणा, त्यौहारों व परम्पराओं को जीवित रखने के लिए पहले इंन्टरव्यू चालू किए, जिसमें लालकृष्ण आडवाणी एवं राम जेठमलानी भी शामिल थे, उसके बाद आज की युवा पीढ़ी के लिए खीमन मूलानी ने जर्नी आफ सिंधियत व अनुवाद करने वाले भगवान बाबाणी भी तारीफ के काबिल हैं।

**क्या है जर्नी आफ सिंधियत :** आज की युवा पीढ़ी को विरासत, संघर्ष, पुर्नवास से परिचित कराने के लिए बनाई गई है कहानी है जर्नी आफ सिंधियत। जिसके मुख्य सूत्रधार हैं, संत हिरदाराम नगर के ख्याति इंटरनेशनल कलाकार एवं सिनेमा जगत में पांव जमाने वाले जाने माने कलाकार मोहित शेवानी। इसका उद्देश्य सिंधी समुदाय की हजारों वर्षों पुरानी विरासत, उनके संघर्षों, पुनर्वास अद्भुत यात्रा और सांस्कृतिक गौरव को नई पीढ़ी के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत करना है। यह कार्यक्रम सहयोग फाउंडेशन और केन्द्रीय सिंधी विकास समिति भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल
श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) - 462002
ई मेल : eephedqcbpl@mp.gov.in दूरभाष क्रमांक- 0755-2661511

क्रमांक : 26/तक/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./गु.नि.इ.खंड/भोपाल 2025-26 दिनांक-09.12.2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ऑनलाइन डिजीटली सील्ड निविदा मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से प्रतिशत दर पर अपेंडिक्स 2.1 पर मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, कार्यालय 'जल भवन', राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला श्यामला हिल्स में एवं गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड भोपाल में सफाईकर्मी एवं माली की व्यवस्था करने के कार्य के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.12.2025 से दिनांक 24.12.2025 को 17:30 बजे तक क्रय किये जाकर दिनांक 24.12.2025 को 17:30 बजे तक निविदा प्रस्तुत करना है। लिफाफा 'ए' दिनांक 26.12.2025 को 17:30 बजे खोली जावेगी। बेवसाईट www.mptenders.gov.in (E-Tender No. 2025_PHED_467074_1, PHED Date 09.12.2025)

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रमुख अभियंता, कार्यालय 'जल भवन', राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला श्यामला हिल्स में एवं गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड भोपाल में सफाईकर्मी एवं माली की व्यवस्था करने हेतु | रू. 3129233.00 (रू. इकतीस लाख उन्तीस हजार दो सौ तैंतीस मात्र) | रु. 50000.00 (रु. पाचस हजार मात्र) | रु. 5000.00 (रु. पांच हजार मात्र) | 365 दिवस |

✓ विस्तृत शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।
✓ मुख्य तिथियां
- क्रय करने की तिथि : 09.12.2025 से 24.12.2025 बजे तक
- जमा करने की अंतिम तिथि : 24.12.2025 17:30 बजे तक
- लिफाफा 'ए' खुलने की तिथि : 26.12.2025 17:30 बजे तक

जी-22682/25

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

कार्यपालन यंत्री
गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

## SUDOKU 87

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 4 | | | 5 | 2 | | 8 |
| 6 | 2 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | | | | |
| | | | | 5 | | | 1 | 3 |
| | | | 4 | | 1 | | | |
| 1 | 6 | | | 2 | | | | |
| | | | | | | 5 | | 4 |
| | | 8 | | | | | 7 | 6 |
| 7 | | 6 | 2 | | | 3 | 8 | |

## SOLUTIONS 86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 2 | 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 1 | 9 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

# गुनगा में किया जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान

**बैरसिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बैरसिया जिला भोपाल द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सुमंत्रा एजुकेशनल वेलफेयर समिति द्वारा सेक्टर 05 के ग्राम गुनगा में जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान किया गया । जल संरक्षण हेतु परिषद द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम अंतर्गत बैरसिया के पांचों सेक्टर में चिन्हित स्थानों पर दिसंबर माह में वर्षा के जल का संचय करने हेतु बोरी बंधान किए जा रहें हैं । जिससे वर्षा के जल का संग्रहण किया जा सके । ग्राम के लोगों को वर्षा के जल को एकत्रित कर उसका सदुपयोग करने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवांकुर संस्था के सचिव आलोक दांगी ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया । इस अवसर पर जितेन्द्र कुशवाह परामर्शदाता, उमेश राजपूत अध्यक्ष ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गुनगा , प्रदीप मालवीय तरावली कला, लोकमान कुशवाह कलारा, कुबेर सिंह, राधेश्याम कुटकीपुरा, रश्मि कुशवाह धमर्रा एवं बटन लाल अहिरवार पूर्व सरपंच गुनगा सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

भारतीय गुणवत्ता परिषद्
QUALITY COUNCIL OF INDIA
QCI Creating an Ecosystem for Quality

विज्ञापन संख्या 04/2025

**एनएबीएच में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद के लिए आवेदनों का आमंत्रण**

मंत्रिमंडल के निर्णय से राष्ट्रीय प्रत्यायन और गुणवत्ता संवर्धन निकाय के रूप में स्थापित, भारतीय गुणवत्ता परिषद् (क्यूसीआई), एक स्वायत्त निकाय है। यह परिषद् विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं के सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों के प्रचार-प्रसार, अंगीकरण और अनुपालन में राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी), क्यूसीआई के लिए नोडल प्वाइंट है। भारतीय गुणवत्ता परिषद् (क्यूसीआई) के अंतर्गत संचालित भारत की राष्ट्रीय प्रत्यायन प्रणाली को 185 देशों में वैश्विक गुणवत्ता अवसंरचना सूचकांक (जीक्यूआईआई) में 5वां स्थान मिला है।

क्यूसीआई, राष्ट्रीय अस्पताल और स्वास्थ्यचर्या-प्रदाता प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के एक (01) पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है। पद का विवरण https://qcin.org/careers पर उपलब्ध है।

टिप्पणी:-
i. आवेदन प्रस्तुत करने की विधि: ऑनलाइन। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख: 15.01.2026, सायं 05:30 बजे तक।
ii. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों से ही संपर्क किया जाएगा।
iii. क्यूसीआई को यह अधिकार है कि वह, बिना कोई कारण बताए, इस विज्ञापन को रद्द कर दे/ वापस ले ले/ संशोधित कर दे।

हस्ता./-
उप निदेशक, मानव संसाधन एवं प्रशासन

NABCB NABH NABL NABET NBQP
QCI'S BOARDS AND DIVISIONS
PADD PPID NDIE Strategy & Policy
ONDC FOUNDED & SUPPORTED BY QCI

Quality Council of India, World Trade Centre, J-200, Block J, Narouji Nagar, Safdarjung Enclave, New Delhi- 110029
@QualityCouncilofIndia @QualityCouncil qualitycouncilofindia quality-council-of-india-qci- info@qcin.org

**-: जाहिर-सूचना :-**

मैं अपने पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड शाखा एम.पी. नगर, भोपाल के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उक्त शाखा में राजेश गुप्ता आत्मज रामसेवक गुप्ता निवासी मकान नं 501, सेक्टर ए, शाहपुरा, जिला भोपाल के द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य के लीजहोल्ड प्लाट नं 50 कुल क्षेत्रफल 1300 वर्गफिट, जो कि सेक्टर बी, कस्तूरबा नगर, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूर्व-प्लाट नं 49, पश्चिम -प्लाट नं 51, उत्तर-30 मीटर चौडा रोड, दक्षिण-प्लाट नं 38, उक्त सम्पत्ति को बंधक कर गृह ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करते हुए व्यक्त किया कि उक्त सम्पत्ति की लिंक दस्तावेज (चेन लीज डीड) जिसका लीज डीड कृष्णा कुमारी श्रीवास्तव पत्नी ओम प्रकाश श्रीवास्तव के हित में दिनांक 14.08.1980 को उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में पंजीबद्ध कराया गया, कही गुम हो गया है यदि उक्त सम्पत्ति अथवा पंजीयत लीज डीड के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी शासकीय/ अर्द्धशासकीय सस्था, बैंक या किसी व्यक्ति या उसके उत्तराधिकारी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित कोई लेनदेन हो दो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरान्त कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

भवदीय **प्रदीप मोदी** अभिभाषक
आफिस- पता-फ्लेट नं. एस-2, शिखर टॉवर,-II स्वागत गार्डन के सामने हलालपुर बस स्टेण्ड के पासस भोपाल
मो.न. 9826013951,8109595295

**जाहिर सूचना**
**कृषि भूमि स्थित ग्राम शाहपुर, प.ह.नं. 05, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र.।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि,मेरे पक्षकार ने श्री मंसूर अली आत्मज श्री मोहसिन अली निवासी-मकान नं 09, अपोजीट गली नं 02, रेतघाट तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. के हित एवं अधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम शाहपुर, प.ह.नं. 05, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसका 1. खसरा क्रमांक 327 (S), रकबा 0.8090 हैक्टेयर, 2. खसरा क्रमांक 328 (S), रकबा 0.1010 हैक्टेयर, 3. खसरा क्रमांक 329/1(S), रकबा 0.6900 हैक्टेयर, कुल 3 किता भूमि रकबा 1.600 हैक्टेयर अर्थात 3.95 एकड़ भूमि को क्रय करने के लिये टोकन राशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त भूमि अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध हो अथवा इस अंतरण से किसी का कोई हित प्रभावित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में दस्तावेजी साक्ष्य सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें । समय अवधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन कराये जाने हेतू स्वतंत्र होगा।

**जुनेद अंसार अहमद** अधिवक्ता
गोहरगंज लॉ चैंबर एंड एसोसियेट्स
आफिस भोपाल :110, आकांक्षा काम्पलेक्स,जोन 1,एम.पी. नगर,भोपाल औबेदुल्लागंज एन.एच.12, औबेदुल्लागंज
मो. 9425600298, 9303107752

**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt-Narmadapuram**
पं.दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया
फोन नं. 07576-222041
पिन-461775
Email- cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./राजस्व/2025/349 पिपरिया दिनांक:-10.12.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के पुरानी गल्ला मंडी बी.जे.पी. कार्यालय के बाजू निर्मित दुकानों की नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | दुकान नंबर | आरक्षण | प्रा. राशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म शुल्क+GST |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_467776_1 | ब्लाक A दुकान नंबर 1 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 2 | 2025_UAD_467776_2 | ब्लाक A दुकान नंबर 2 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 3 | 2025_UAD_467776_3 | ब्लाक A दुकान नंबर 3 | महिला | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 4 | 2025_UAD_467776_4 | ब्लाक A दुकान नंबर 4 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 5 | 2025_UAD_467776_5 | ब्लाक A दुकान नंबर 5 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 6 | 2025_UAD_467776_6 | ब्लाक A दुकान नंबर 28 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 7 | 2025_UAD_467776_7 | ब्लाक A दुकान नंबर 29 | अनुसूचित जाति | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 8 | 2025_UAD_467776_8 | ब्लाक A दुकान नंबर 30 | अनुसूचित जाति | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 9 | 2025_UAD_467776_9 | ब्लाक A दुकान नंबर 31 | अनुसूचित जनजाति | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 10 | 2025_UAD_467776_10 | ब्लाक B दुकान नंबर 6 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 11 | 2025_UAD_467776_11 | ब्लाक B दुकान नंबर 7 | महिला | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 12 | 2025_UAD_467776_12 | ब्लाक B दुकान नंबर 8 | अनारक्षित | 23.28 Lakh | 17500/- | 2000/ रु. |
| 13 | 2025_UAD_467776_13 | ब्लाक B दुकान नंबर 9 | विकलांक | 11.80 Lakh | 8850/- | 2000/ रु. |
| 14 | 2025_UAD_467776_14 | ब्लाक B दुकान नंबर 10 | अनारक्षित | 11.80 Lakh | 8850/- | 2000/ रु. |
| 15 | 2025_UAD_467776_15 | ब्लाक B दुकान नंबर 32 | अनुसूचित जाति | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 16 | 2025_UAD_467776_16 | ब्लाक B दुकान नंबर 33 | अनूसूचित जाति महिला | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 17 | 2025_UAD_467776_17 | ब्लाक B दुकान नंबर 34 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रु. |
| 18 | 2025_UAD_467776_18 | ब्लाक B दुकान नंबर 35 | अनारक्षित | 11.80 Lakh | 8850/- | 2000/ रु. |
| 19 | 2025_UAD_467776_19 | ब्लाक C दुकान नंबर 11 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 20 | 2025_UAD_467776_20 | ब्लाक C दुकान नंबर 12 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 21 | 2025_UAD_467776_21 | ब्लाक C दुकान नंबर 13 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |
| 22 | 2025_UAD_467776_22 | ब्लाक दुकान नंबर 14 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रु. |

// समय तालिका //

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 13-12-2025 10:30 AM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 27-12-2025 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 29-12-2025 10:30 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2. प्रिमियम राशि एवं विकास शुल्क की संयुक्त गणना उपरांत ही उच्चतम राशि पर दुकान आवंटित की जावेगी।
3. विकास शुल्क की जानकारी नगर पालिका परिषद पिपरिया के राजस्व शाखा से लेवें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

# राशिफल

**मेष :** आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। मन में नई ऊर्जा महसूस होगी और आपको लगेगा कि आज बहुत कुछ कर सकते हैं। किसी पुराने पेंडिंग काम में प्रगति मिलेगी।

**वृषभ :** आज आप अपनी जरूरतों और पैसों को लेकर थोड़ा ज्यादा सोचेंगे। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है, वरना बाद में अफसोस होगा।

**मिथुन :** आज ऑफिस में लोग आपकी सलाह मानेंगे। नए प्रोजेक्ट का आइडिया दिमाग में आएगा, जिसे आगे बढ़ाना फायदेमंद रहेगा।

**कर्क :** आज मन थोड़ा संवेदनशील रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा और किसी पुराने दोस्त से अचानक बातचीत हो सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**सिंह :** आज आपका प्रभाव चारों तरफ रहेगा। किसी काम में लीड लेने का मौका मिलेगा। नई जिम्मेदारी या अवसर की झलक भी मिल सकती है। रिश्तों में भरोसा बनाने की जरूरत है।

**कन्या :** आपकी मेहनत आज दिखने लगेगी। लोग आपके काम को पहचानेंगे और पैसे की स्थिति भी पहले से बेहतर महसूस होगी।

**तुला :** आज आप बहुत व्यवस्थित मूड में रहेंगे। जो भी काम हाथ में लेंगे, उसे प्लान के साथ पूरा करेंगे। छोटी-छोटी चीजें भी आज आपके फेवर में होंगी। सेहत को लेकर थोड़ा सजग रहें।

**वृश्चिक :** आज जो भी प्लान बनाएंगे उसमें सफलता मिलेगी। कोई दोस्त या सहकर्मी मदद के लिए आगे आएगा। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। रोमांटिक जीवन सुखद होगा।

**धनु :** आज आपको हर चीज में संतुलन बनाए रखना होगा। पैसों को लेकर कोई फैसला आज हो सकता है, जिसे सोच-समझकर ही लें।

**मकर :** आपका इंट्यूशन आज बहुत तेज है। भावनाओं में बहकर कोई गलत निर्णय न लें। बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कुंभ :** आज यात्रा, मूवमेंट या नए लोगों से मिलने-जुलने का योग है। नए लोगों से तालमेल अच्छा बनेगा और उनसे फायदा भी मिलेगा।

**मीन :** आज आपकी रचनात्मक सोच और संवेदनशीलता दोनों बढ़ी रहेंगी। काम में एक अच्छा फ्लो बना रहेगा। कोई छोटी सफलता या अच्छी खबर मिल सकती है।

**आज का पंचांग:** 14 दिसंबर रविवार 2025। **दिशाशूल :** पश्चिम। **भद्रा :** प्रातः 05 बजकर 45 मिनट से सायं 06 बजकर 51 मिनट तक। **विशेष :** शुक्र अस्त पूर्व में। विक्रम संवत 2082 शके 1947 दक्षिणायण, दक्षिणगोल, हेमंत ऋतु, पौष मास कृष्ण पक्ष की दशमी 18 घंटे 51 मिनट तक तत्पश्चात एकादशी, हस्त नक्षत्र 08 घंटे 19 मिनट तक तत्पश्चात चित्रा नक्षत्र, सौभाग्य योग 11 घंटे 46 मिनट तक तत्पश्चात शोभन योग।



"दक्षिण भारत के तमिलनाडु की पलानी पर्वतमाला पर बसा कोडैकनाल खूबसूरती में अच्छे-अच्छे हिल स्टेशनों को मात देता है। इसीलिए इसे 'एमरल्ड ऑफ साउथ' यानी 'दक्षिण का पन्ना' कहा जाता है। कोडैकनाल की बेमिसाल छटाओं के चलते यह 'ईस्ट का स्विट्जरलैंड' भी कहलाता है। चूंकि कोडैकनाल तमिल शब्द है, जिसका मतलब ही है 'जंगल का तोहफा'।

## अंग्रेजों ने बसाया भारतीयों को रास आया

# 'एमरल्ड ऑफ साउथ' कोडैकनाल

■ हैरी रॉनिस ■
ट्रैवल ब्लॉगर

दक्षिण भारत की हरी-भरी पहाड़ियों में बसा यह रमणीय स्थल अपनी खूबसूरत झरनों, फूलों और प्राकृतिक नजारों के लिए जाना जाता है। यहां की ठंडी हवा, शांत वातावरण और घने जंगल इसे प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आदर्श बनाते हैं। यह जगह हर मौसम में मन को सुकून देती है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु की पलानी पर्वतमाला पर बसा कोडैकनाल खूबसूरती में अच्छे-अच्छे हिल स्टेशनों को मात देता है। इसीलिए इसे 'एमरल्ड ऑफ साउथ' यानी 'दक्षिण का पन्ना' कहा जाता है। कोडैकनाल की बेमिसाल छटाओं के चलते यह 'ईस्ट का स्विट्जरलैंड' भी कहलाता है। चूंकि कोडैकनाल तमिल शब्द है, जिसका मतलब ही है 'जंगल का तोहफा'। सो, कोडे वाकई जंगलों की नायाब सौगात है- पलानी हिल्स का समूचा इलाका 87 किलोमीटर लम्बे और 24 किलोमीटर चौड़े जंगलों में जो फैला है। और इन्हीं पहाड़ी जंगलों का हिस्सा कोडैकनाल है। पहाड़ी नजारे, फूलों की बहारें, चढ़ाइयां और उतराइयां, चट्टानें, झरने और झीलों का लुत्फ कोडैकनाल की खासियतों में शुमार है। कोडैकनाल की खोज करीब डेढ़ सौ साल पहले अमेरिकियों ने की थी। सन् 1845 में, पहले-पहले अमेरिकी नागरिकों ने दो रिहायशी बंगले बनाए। उन्हें मदुरै की गर्मी बर्दाश्त नहीं हुई और पहाड़ों पर जाकर बसने को मजबूर किया। फिर देखा-देखी ब्रिटिश गोरों ने भी गर्मियों के मौसम में कोडे जाना शुरू किया। सन् 1879 आते-आते, यूरोप के करीब 75 लोग कोडे आ बसे। धीरे-धीरे यूरोपियों का कोडे की ओर रुख बढ़ता गया और कोडे को अपना ठंडा ठिकाना बना लिया।



### सर वीरो की बनाई झील

कोडैकनाल के दिलकश नजारे निखारने में, मदुरै के कलेक्टर सर वीरो का खासा रोल रहा। वह 1860 में कलेक्टर बने और 1867 में उन्होंने कोडे में ही बसने की ठान ली। उन्होंने कोडैकनाल को निखारने में गहरी दिलचस्पी दिखाई। मदुरै से कोडे तक सड़क मार्ग का निर्माण उन्हीं के कार्यकाल में हुआ। सन् 1863 में, सर वीरो ने अपने निजी पैसे से, कोडैकनाल के बीचोंबीच स्टार फिश के आकार की एक खासी बड़ी झील बनवाई। नाम है बेरीजम लेक और करीब 60 एकड़ में फैली है। इसे कोडे का दिल कह सकते हैं।



### बारह साल में खिलने वाला फूल

बेरीजम लेक के इर्द-गिर्द 5 किलोमीटर सड़क है। बोटिंग करने वालों के लिए लेक है, तो पैदल चलने के शौकीनों को यह सड़क लुभाती है। इसे कोकरस वॉक कहते हैं। पैदल पथ का निर्माण सन् 1872 में लेफ्टीनेंट वोकरय ने करवाया था। लेक के नजदीक ही 20 एकड़ में फैले बोटेनिकल गार्डन ब्रेयंत पार्क में गुलाब की ही साढ़े सात सौ किस्में देखने का मौका मिलता है। यही नहीं, किस्म-किस्म के सवा 300 फूलों को संजोया गया है। यहां एक से एक पहाड़ी फूल खिले हैं। और हां, बीते 100 सालों से पार्क एक रेअर फूल 'कुरिंजी' के लिए मशहूर है। बताते हैं कि यह कुंभ की तरह 12 सालों में एक बार खिलता है। बीयर शोला और सेवन रोड कोडे के जाने- माने बाजार हैं। ग्रीन वैली व्यू, बीयर शोला फ़ॉल्स, पिलर रॉक्स और फैरी फ़ॉल्स अन्य आकर्षक हैं। रोमांच पसंद हैं, तो ट्रेकिंग के लिए कुकरे केब, पीरूमल हिल्स, बेरीजम हिल्स और डॉल्फिन नोज आपका इंतजार कर रहे हैं।



### कोडैकनाल कैसे और कब जाएं?

- कोडे जाने के लिए हवाई रास्ते से मदुरै या कोयम्बटूर जा सकते हैं। मदुरै से आगे 120 किलोमीटर और कोयम्बटूर से 175 किलोमीटर सड़क का सफर तय कर कोडे पहुंचते हैं। मदुरै सबसे नजदीकी एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन है। वैसे, ट्रेन कोड़े रोड रेलवे स्टेशन तक जाती है, जो कोडैकनाल से 80 किलोमीटर परे है।
- कोडैकनाल पलानी हिल्स की पश्चिमी तरफ है। समुद्र तल से 2,133 मीटर की ऊंचाई पर बसा है। फैला है करीब साढ़े 21 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में। सैर के लिए अप्रैल, मई और जून श्रेष्ठ महीने हैं। हरी वादियों में बारिश का लुत्फ लेना हो तो नवम्बर और दिसम्बर में जाएं क्योंकि इन दिनों यहां जम कर बरसात होती है। खास बात है कि उत्तर भारत के ज्यादातर हिल स्टेशंस से उलट, यहां बर्फ नहीं पड़ती। क्योंकि यह इक्वेटर के करीब है।



### फैशन गैप को पाट नहीं सकता एआई

फैशन विशेषज्ञों के अनुसार, पर्सनल स्टाइल मौसम और ट्रेंड्स से परे है, यहीं पर एआई कमजोर साबित होता है। जैसे एक जेन जी स्टूडेंट कॉलेज के लिए टैंक टॉप या खादी कुर्ता पसंद कर सकता है, जिससे यह साबित होता है कि फैशन किसी आयु वर्ग द्वारा परिभाषित नहीं होता है, चाहे मौसम कोई भी हो। दिल्ली स्थित फैशन स्टाइलिस्ट सलोनी गुप्ता कहती हैं, एआई अक्सर मनुष्यों को एक समान रूप में मानता है, जबकि हर व्यक्ति की एक अलग फैशन पहचान होती है जिसे जनरलाइज नहीं किया जा सकता है। क्लाइंट की अनूठी ज़रूरतों को समझना महत्वपूर्ण है। मेरे अनुभव के अनुसार, एआई आमतौर पर लंबे, पतले मॉडल के आधार पर आउटफिट सुझाता है। अगर मैं कर्वियर फिगर के लिए सलाह मांगती हूं तो यह प्लस-साइज विकल्पों देता है और अधिक बॉडी फैट वाले फ्रेम को अनदेखा कर देता है। यह कहा जा सकता है कि एआई स्मार्ट सुझाव देता है, लेकिन स्टाइल का अंतिम स्पर्श आप पर निर्भर करता है।

# एआई बन रहा स्टाइल गुरु

■ अनघा सावंत ■

एआई का उपयोग फैशन सलाह के लिए तेजी से किया जा रहा है। यदि आप अपनी त्वचा की टोन से लेकर पसंदीदा रंगों तक सटीक संकेत देते हैं, तो एआई आपकी स्टाइल को बेहतरीन तरीके से निखार सकता है। कुछ फैशन उत्साही पहले से ही ड्रेसिंग एडवाइज के लिए एआई की ओर रुख करते रहे हैं। क्या आप अपने स्टाइल गुरु के रूप में एआईपर भरोसा करेंगे? विशेषज्ञों का तर्क है कि व्यक्तिगत प्रिफेरेंस और बॉडी टाइप को समझने में एआई की क्षमताएं सीमित हैं। फैशन स्टाइलिस्ट अपूरणीय रचनात्मकता की सिफारिशें करते हैं जिन्हें एआई पूरी तरह से कॉपी नहीं कर सकता है।

### कैसे आकार देता है एआई फैशन स्टाइल्स को

जम्मू की रहने वाली वर्चस्वी महाजन, जिन्हें स्टाइलिश रहना पसंद है, मुख्य रूप से फैशन सलाह और अपनी पसंद को स्पष्ट करने के लिए एआईका उपयोग करती हैं। उन्हें लगता है कि एआई त्वरित विकल्प के लिए मददगार है। बताती हैं- मैं जेमिनी या चैटजीपीटी को डेट के लिए दो आउटफिट विकल्प देती हूं, जिसमें स्थल और माहौल का वर्णन किया गया है। उसके आधार पर, यह एक रंग सुझाता है। महाजन अब मुख्य रूप से एआई का उपयोग फैशन ट्रेंड्स के समय का पता लगाने के लिए करती हैं, जिससे यह तय कर पाती हैं कि यह पैसे खर्च करने के लिए सही होगा या नहीं। एक फैशन डिजाइनर अखिला रेड्डी बताती हैं- एआई मौसम के अनुसार बेहतरीन आउटफिट आइडिया दे सकता है, लेकिन इसकी स्थिरता और सामर्थ्य हमारी पसंद पर निर्भर करता है। एआईकी फैशन सलाह स्मार्ट शॉपिंग, थ्रिफ्टिंग, अपसाइक्लिंग और गुणवत्ता वाले कपड़ों के चयन के माध्यम से यह सुनिश्चित करती है कि यह हमारे पर्स और स्थिरता दोनों के लिए अनुकूल होगा।



# कैफीन से दूर रहें टीन एजर्स

"हेल्दी फूड रिसर्च के द्वारा दिए गए नए दिशा-निर्देश में सलाह दी गई है कि किशोरों को कैफीन से पूरी तरह बचना चाहिए। कैफीनयुक्त पेय टीन एजर्स में नींद की गड़बड़ी, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और हृदय संबंधी समस्याओं जैसे संभावित स्वास्थ्य जोखिमों का मुख्य कारण हो सकते हैं। यही वजह है कि मेडिकल प्रोफेशनल्स किशोरों से कैफीनयुक्त या शर्करा युक्त पेय के बजाय पानी और सादा दूध चुनने का आग्रह कर रहे हैं।






कैफीन किशोरों के दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, कई लोकप्रिय कैफीनयुक्त पेय युवा पीढ़ी के लिए नियमित लत बन गए हैं। हेल्दी फूड रिसर्च द्वारा जारी किए गए नए दिशा-निर्देशों में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि किशोरों को कैफीन बिल्कुल नहीं लेना चाहिए। पांच से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए स्वास्थ्य संबंधी सिफारिशों का सेट, एकेडमी ऑफ न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स, अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री, अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स और अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा बनाया गया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि किशोरावस्था में कैफीन का सेवन को लेकर कई अध्ययनों ने इस आयु वर्ग के बीच नींद की गुणवत्ता, मानसिक स्वास्थ्य, आहार पैटर्न और हृदय स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभावों की सूचना दी है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार, किशोरों (12-18 वर्ष की आयु) को अपने कैफीन का सेवन प्रति दिन 100 मिलीग्राम तक सीमित रखना चाहिए। यह एक कप कॉफी, दो कप चाय या सोडा के कुछ कैन के बराबर है। कनाडा के ओंटारियो में ब्रेशिया यूनिवर्सिटी कॉलेज के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया कि अध्ययन में भाग लेने वाले 44.6 फीसद किशोरों ने प्रति सप्ताह एक से छह बार कैफीनयुक्त पेय पदार्थ पिया, 11.4 फीसद ने हर दिन कैफीनयुक्त पेय पदार्थ का सेवन किया और केवल 4.8 फीसद ने कभी कैफीन युक्त पेय पदार्थ नहीं पिया। विशेषज्ञ बच्चों को 100 फीसद जूस, साथ ही प्लांट बेस्ड दूध का सेवन सीमित करने और चीनी-मीठे पेय पदार्थ, कृत्रिम मिठास वाले पेय पदार्थ और कैफीन और अन्य उत्तेजक पदार्थों वाले पेय पदार्थों से पूरी तरह बचने की सलाह देते हैं।
वयस्कों के लिए, खाद्य और औषधि प्रशासन ने एक दिन में 400 मिलीग्राम तक कैफीन लेने की सलाह दी है।

### कैफीन बच्चों को कैसे प्रभावित करता है?

कैफीन में नशे की लत के गुण होते हैं और इसका बहुत अधिक सेवन नींद की समस्या, उच्च रक्तचाप और चिंता का कारण बन सकता है। बच्चों के लिए लक्षित कई पेय पदार्थ जैसे कि एनर्जी ड्रिंक, ब्लेंडेड कॉफी और आइस्ड टी में कैफीन की मात्रा अधिक हो सकती है। बच्चों और किशोरों के तंत्रिका तंत्र और हृदय प्रणाली पर कैफीन के प्रभाव के बारे में पूरी तरह से जानकारी नहीं है। जॉन्स हॉपकिन्स मेडिसिन का कहना है कि बहुत ज़्यादा कैफीन के सेवन से चिंता, हृदय गति और रक्तचाप में वृद्धि, एसिड रिफ्लक्स और नींद में गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यू.एस नेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ मेडिसिन के अनुसार, बहुत ज़्यादा कैफीन के सेवन से बेचैनी और घबराहट, अनिद्रा, सिरदर्द, चक्कर आना, तेज़ हृदय गति, निर्जलीकरण, चिंता और निर्भरता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## फोकस

# थाली आधी, पेट खाली- क्या कभी खत्म होगी भूख की कहानी?

■ रवि शंकर ■

आजादी के कई दशक बाद भी भुखमरी खत्म नहीं हुई है। जबकि बीते करीब आठ दशक से देश इस समस्या को खत्म करने का प्रयास कर रहा है। फिर भी पूरी तरह सफलता नहीं मिली है। भले हम विकास के कितने भी दंभ भरें या यह कहें कि हमने तकनीक के मामले में कितनी सफलता हासिल कर ली है। मगर बहुत सारे लोगों के खाली पेट आज भी एक ऐसी सच्चाई है, जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। हालांकि भुखमरी की समस्या से केवल भारत ही नहीं जूझ रहा है, बल्कि दुनियाभर के लिए यह एक वैश्विक समस्या बन गई है।
वैश्विक खाद्य संकट पर 2025 की एक रपट के मुताबिक, दुनिया में 29.5 करोड़ लोग आज भी ऐसे हालात में जी रहे हैं, जहां उनके लिए एक वक्त का खाना भी जुटा पाना मुश्किल है। यह विचारणीय है कि इक्कीसवीं सदी में भी करोड़ों लोग भूखे पेट सोने को क्यों मजबूर हैं? जबकि हर दिन लगभग एक अरब थालियों के बराबर खाद्य सामग्री बर्बाद कर दी जाती है। यह एक सच्चाई है कि एक ओर दुनिया तकनीक, अंतरिक्ष यात्रा और कृत्रिम मेधा (एआइ) के साथ नई ऊंचाइयों को छू रही है, दूसरी ओर करोड़ों लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान समय में प्रत्येक देश विकास के पथ पर आगे बढ़ने का दावा करता है। अल्पविकसित देश विकासशील देश बनना चाहते हैं, तो वहीं विकासशील देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होना चाहते हैं। विकास दर के आंकड़ों से यह अनुमान लगाया जाता है कि कोई देश किस तरह विकास कर रहा है। जब यह बताए कि अभी तो देश 'भूख' जैसी समस्या को भी हल नहीं कर पाया है, तब विकास के आंकड़े सवालों के घेरे में लगते हैं।
बड़ा सवाल है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके दूरगामी हल के लिए ठोस नीतियां क्यों नहीं तैयार हो पातीं? क्यों नहीं भुखमरी पर नियंत्रण पाया जाता? जाहिर है यह समस्या लगातार गंभीर होती गई है। हम अब भी दुनिया को भुखमरी, खाद्य असुरक्षा और कुपोषण से छुटकारा दिलाने के लक्ष्य की दिशा में वांछित रफ्तार से काफी पीछे हैं। भूख की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

"29. 5 करोड़ लोगों के पास एक वक्त का भी खाना नहीं...! यह कैसा विकास है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को भोजन भी उपलब्ध नहीं है। हम अब भी दुनिया को भुखमरी, खाद्य असुरक्षा और कुपोषण से छुटकारा दिलाने के लक्ष्य की दिशा में वांछित रफ्तार से काफी पीछे हैं।



### स्वस्थ आहार तक पहुंच एक गंभीर मुद्दा

दुनिया में स्वस्थ आहार तक पहुंच भी एक गंभीर मुद्दा है, जो दुनिया की एक बड़ी आबादी को प्रभावित कर रहा है। मगर गौर करने वाली बात यह है कि एक ओर घरों में रोज रात का बचा हुआ खाना बासी समझ कर सुबह फेंक दिया जाता है। दुनिया में पैदा किए जाने वाले खाद्य पदार्थों में से करीब आधा हर वर्ष सड़ कर बेकार हो जाता है। भारत में भी केंद्र और राज्य सरकारें खाद्य सुरक्षा के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं। मगर इनका पूरा लाभ गरीबों तक अब भी नहीं पहुंच पाता है। यह विडंबना ही है कि देश में अन्न का भंडार होने पर भी बड़ी संख्या में लोग भुखमरी के शिकार होते हैं। अगर इसके कारणों की पड़ताल करें, तो केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी, अकुशल नौकरशाही, भ्रष्ट तंत्र और भंडारण क्षमता के अभाव जैसे कारक सामने आते हैं।

### दुनिया के सबसे ज्यादा अमीरों का देश

यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है और सरकार इसका हल खोज पाने में असफल रही है। यह ऐसे देश की तस्वीर है जहां दुनिया के सबसे ज्यादा अमीर लोग रहते है, उनके पास इतना पैसा है कि पूरे देश में खुशहाली लाई जा सकती है, लेकिन गरीब जीने के लिए बुनियादी आवश्यकताएं भी पूरी नहीं कर सकता है। फिर भी यहां भुखमरी और गरीबी पर गौर करना जरूरी नहीं समझा जाता। यह सरकार के विकास के तौर-तरीकों पर भी सवाल है। विकास के इस भयावह असंतुलन को दूर करने के लिए नीतियों और प्राथमिकता में बदलाव की जरूरत है।

**बजट है, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं :** देश में भुखमरी मिटाने पर जितना धन खर्च हुआ, वह कम नहीं है। केंद्र सरकार के प्रत्येक बजट का बड़ा हिस्सा आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए आवंटित किया जाता है, लेकिन अपेक्षित परिणाम दिखाई नहीं पड़ते। ऐसे में भारत जो वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने का सपना देख रहा है, उसे सबसे पहले भूख पर विजय प्राप्त करनी होगी। यह सुनिश्चित करना होगा कि देश में एक भी व्यक्ति भूखा नहीं सोए। खाद्यान्न सुरक्षा तभी संभव है, जब सभी लोगों को पर्याप्त, सुरक्षित और पोषक खाद्यान्न मिले।

### वैश्विक खाद्य संकट की रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

यह रिपोर्ट आयरिश मानवतावादी संगठन कंसर्न वर्ल्डवाइड, जर्मन सहायता एजेंसी वेल्टहंगरहिल्फ़ और इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल लॉ ऑफ पीस एंड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट द्वारा प्रकाशित की गई है। जिसके अनुसार वैश्विक भुखमरी में 2016 के बाद अत्यधिक कम गिरावट आई है। इससे 2030 तक शून्य भुखमरी के लक्ष्य का हासिल होना मुश्किल हो गया है। रिपोर्ट में 136 देशों का विश्लेषण किया गया है।

- 123 देशों में भारत 102वें स्थान पर है। भारत का ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) स्कोर 25.8 है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है।
- भुखमरी संकट के लिए जिम्मेदार कारक- संघर्ष (प्राथमिक कारक), जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय आघात, आर्थिक अस्थिरता, मानवीय आधिकारिक विकास सहायता में कमी, आय असमानता आदि।
- 56 देश 2030 तक कम भूख की स्थिति तक भी नहीं पहुंच पाएंगे।
- दुनिया का औसत स्कोर 18.3 है, जो 2016 के 19.0 स्कोर से मामूली कम हुआ है। जाहिर है
- एक दशक में भूख की स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है।
- 42 देशों में भूख की स्थिति गंभीर या चिंताजनक है।
- सात देशों – बुरुंडी, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, हैती, मेडागास्कर, सोमालिया, दक्षिण सूडान और यमन में स्थिति अत्यंत चिंताजनक है।
- 35 देशों में स्थिति गंभीर है।
- 27 देशों में 2016 के बाद से भूख में वृद्धि हुई है।

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**




**देश के चार महानगरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.5 | 8.0 |
| मुंबई | 33.3 | 16.6 |
| चेन्नई | 33.0 | 16.0 |
| कोलकाता | 25.8 | 15.4 |

सूर्यास्त 5:36 PM
सूर्योदय 6:53 AM
चन्द्रोदय 1:02 AM
चन्द्रास्त 1:08 PM

# खंडवा-बड़ौदा मार्ग की पुलिया धंसी कंटेनर ड्रायवर ने कूदकर बचाई जान

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन ठप, प्रभारी मंत्री सारंग ने दिए जांच के निर्देश



**जागरण, खरगोन।** प्रदेश में पुल-पुलिया और प्रमुख सड़कों के धंसने का सिलसिला थम नहीं पा रहा है। भोपाल और पिपरिया-बरेली के बाद शनिवार को खरगौन जिले में भी बड़ा हादसा होते-होते बच गया। यहां खंडवा-बड़ौदा राजमार्ग पर नंदगांव रोड-घोटिया फाटे के बीच अचानक पुलिया धंस गई। जिस समय पुलिया धंसी उस समय एक कंटेनर वहां से गुजर रहा था। कंटेनर धंसी हुई सड़क में धंस गया। ड्रायवर ने तत्काल कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिया धंसने से दोनों ओर आवागमन ठप हो गया।

यह हादसा शनिवार दोपहर हुआ। यह पुलिया करीब 50 साल पुरानी बताई जा रही है। दोपहर को जब एक भारी भरकम कंटेनर इस पुलिया से गुजर रहा था, तभी यह पुलिया धंस गई। इसका एक हिस्सा गड्डे में जाकर टिक गया। एक बड़ा हिस्सा धंस जाने से सड़क दो हिस्सों में बंट गई। इस पुलिया के धंसने से सड़क पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने राजमार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया है। आनन फानन में बड़वानी, अलीराजपुर के साथ-साथ महाराष्ट्र और गुजरात से आने वाले यातायात को डायवर्ट किया गया है। वाहन चालकों को बरूड और रायबीड़पुरा से होकर लगभग 15 किलोमीटर का अतिरिक्त फेर लगाकर आगे बढ़ना पड़ रहा है।

### प्रभारी मंत्री बोले दोषियों को नहीं छोड़ेंगे

सरकार के दो साल की उपलब्धियों को बताने के लिए प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग शनिवार को खरगौन दौरे पर थे। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।प्रभारी मंत्री के निर्देश के बाद शाम को मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण (MPRDC) की संभागीय प्रबंधक पूनम कछुवाहा मौके पर पहुंचीं। उनका कहना है कि पत्थरों से बनी यह पुलिया 50 साल से अधिक पुरानी है। नेशनल हाईवे से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, मगर इस पुलिया की मरम्मत पर न तो ठेकेदार ने ध्यान दिया और न एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने ही गंभीरता दिखाई।

### कटनी के आंगनबाड़ी केंद्र दुर्दशा का शिकार

# मासूमों की थाली में बकरियां खा रहीं मध्यान्ह भोजन, वीडियो वायरल



**जागरण, कटनी।** आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति को लेकर श्योपुर में बच्चों को रद्दी पेपर पर खाना परोसे जाने के मामले के बाद अब कटनी जिले से एक और चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे भोजन कर रहे हैं एवं उनके साथ बकरियां भी खाना खाती दिख रही हैं।

दरअसल कटनी जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम कोठी के सेहरा टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का वीडियो शनिवार को सामने आया। यह आंगनबाड़ी केंद्र एक जर्जर निजी भवन में संचालित हो रहा है। वीडियो में बच्चे मध्याह्न भोजन करते दिख रहे हैं, जबकि ठीक उनके पास ही बकरियां भी खाना खा रही हैं। हालांकि इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका दोनों ही मौके पर मौजूद नहीं थीं। इससे समझा जा सकता है कि बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका कितनी गंभीर हैं।

**सेक्टर सुपरवाइजर को नोटिस, अधिकारी करेंगी दौरा :** हालांकि लापरवाही की जानकारी मिलते ही परियोजना अधिकारी आरती यादव ने कार्रवाई करते हुए सेक्टर सुपरवाइजर को नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वे खुद गांव का दौरा करेंगी और केंद्र से जुड़ी सभी समस्याओं का जल्द समाधान कराने के प्रयास किए जाएंगे।

**मनमाने तरीके से संचालित हो रहा केंद्र :** वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सेहरा टोला के लिए स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन मनमाने तरीके से बैगा मोहल्ले में बनाया जा रहा है, जो गांव से दो किमी दूर है। इतनी दूरी होने से छोटे बच्चों का केंद्र तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी वजह से गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से नहीं मिल पा रही हैं।

## खाद लेने गए किसानों से टीकमगढ़ तहसीलदार ने की अभद्रता



**जागरण, टीकमगढ़।** प्रदेश में यूरिया और खाद पाने के लिए किसानों को अधिकारियों की अभद्रता झेलनी पड़ रही है और चांटे तक खाने पड़ रहे हैं। ऐसा ही एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां तहसीलदार ने किसान से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। दरअसल, बल्देवगढ़ विकासखंड मे शुक्रवार को मंगल भवन में यूरिया खाद्य वितरण हो रहा था। इस दौरान मौके पर पहुंचे बल्देवगढ़ तहसीलदार डॉ. अनिल गुप्ता ने किसानों के लिए न केवल अपशब्द बोले बल्कि खिड़की पर लटके एक किसान को पीछे से चांटा जड़ते हुए दूसरे किसानों को पीछे से पकड़कर घसीट-घसीट कर लाइन से अलग कर दिया। इसी दौरान एक किसान जब उनसे खाद के लिए विनती करने लगा तो उन्होंने कह दिया, 'अपनी ऐसी तैसी कराओ'।

## हीटर जलाकर सोयी बुजुर्ग जिंदा जली हाथ लगाने भी नहीं आए लोग

**जागरण, ग्वालियर।** ठंड से बचाव के लिए हीटर लगाकर सोई बुजुर्ग महिला जिंदा जल गई। लपटें देख परिवार के लोगों की चीख-पुकार सुन पड़ोसी भी आ गए। सभी ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन बुजुर्ग को नहीं बचा सके। यह हादसा ग्वालियर के हजीरा थाना क्षेत्र के इंद्रा नगर में देर रात हुआ। यहां 90 वर्षीय बेनी बाई पत्नी श्याम सिंह अपने कमरे में सो रहीं थी। वह रोजाना हीटर चलाकर ही सोती थीं। इसी दौरान कमरे में अचानक आग भड़क गई और वह लपटों में घिर गईं। रात करीब 11 बजे जैसे ही लपटें दिखीं, बेटे ने तुरंत चिल्लाकर परिजनों को बुलाया। पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए और दरवाजा तोड़ने लगे।

## एनबीसीसी ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में 196.98 करोड़ के अवसंरचना विकास के लिए भूमिपूजन का आयोजन किया

**महेंद्रगढ़।** एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने आज हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच), महेंद्रगढ़ में अवसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास और संबंधित कार्यों के लिए भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया। 196.98 करोड़ रुपए मूल्य की यह



परियोजना एनबीसीसी को डिजाइन, इंजीनियरी, अधिप्राप्ति और निर्माण (ईपीसी) के आधार पर सौंपी गई है। समारोह में प्रो. टंकेश्वर कुमार, माननीय कुलपति, सीयूएच, प्रो. पवन कुमार शर्मा, सम कुलपति, डॉ. सुनील कुमार, कुल सचिव, श्री के.पी. महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी, श्री राजीव कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, एनबीसीसी, विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा एनबीसीसी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। विकास योजना में कुल 41,339 वर्गमीटर निर्मित क्षेत्रफल वाले छह प्रमुख भवनों का निर्माण शामिल है। ये सुविधाएं विश्वविद्यालय की शैक्षिक, शोध तथा आवासीय क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई हैं। परियोजना में सौर ऊर्जा प्रणालियों और हरित निर्माण पद्धतियों को शामिल किया गया है। इससे ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय संधारणीयता के लिए न्यूनतम गृह (जीआरआईएचए) 3 - स्टार रेटिंग प्राप्त करने का लक्ष्य है।

## मध्य प्रदेश के धुबदी बाई सोलंकी और गुरु पवार 'वॉइसेज ऑफ हार्वेस्ट अवॉर्ड्स 2025' में सम्मानित




**नई दिल्ली।** नईदिल्ली में आयोजित पेप्सीको इंडिया के 'वॉइसेज ऑफ हार्वेस्ट अवॉर्ड्स 2025' में मध्य प्रदेश की दो हस्तियों बड़वानी की धुबदी बाई सोलंकी और छिंदवाड़ा के गुरु पवार को सतत एवं तकनीक-आधारित कृषि में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। धुबदी बाई को रिजेनेरेटिव एग्रीकल्चर चैंपियन अवॉर्ड जबकि गुरु पवार को डिजिटल एग्री एक्सीलेंस अवॉर्ड मिला। चार दशक से खेती कर रहीं धुबदी बाई ने जैविक पद्धतियों, बहु-फसलीकरण और मिट्टी सुधार तकनीकों से अपनी आय को 50-60 हजार से बढ़ाकर 5 लाख रुपए वार्षिक तक पहुंचाया। वहीं गुरु पवार ने एआई, सैटेलाइट इमेजरी और आईओटी तकनीक से 70 एकड़ खेत को स्मार्ट फार्म में बदल दिया।

## प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025 का भव्य उद्घाटन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में जयपुर के जेईसीसी सभागार में प्रदेश के पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025 के ऐतिहासिक समारोह का बुधवार को भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री



भजनलाल शर्मा, केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल और टाटा पावर के सीईओ और एमडी प्रवीर सिन्हा सहित कई नामी उद्योगपति, देश-विदेश से आए प्रवासी राजस्थानी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया कि वे मातृभूमि का कर्ज चुकाने यहां अधिक से अधिक निवेश करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने राजस्थान के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में सदा मदद की है। प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन राजस्थान के प्रवासियों के आर्थिक योगदान को राष्ट्रीय विकास से जोड़ने का बहुत बड़ा माध्यम हैं। उन्होंने राजस्थान को भक्ति और शक्ति के साथ लक्ष्मीपुत्रों की धरती बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी पहल से एक साथ इतने प्रवासी राजस्थानियों का यह भव्य सम्मेलन भविष्य के लिए बहुत बड़ी निवेश संभावनाएं लिए है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, सांसद मदन राठौड़ सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निवेशक और विभिन्न देशों से आए प्रवासी राजस्थानी उपस्थित रहे।

## 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस-2025 का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया उद्घाटन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज होटल एमरॉल्ड ग्रैण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून में



आयोजित 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस-2025 में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया तथा कॉन्फ्रेंस स्थल पर आयोजित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण कर स्थानीय कला एवं शिल्प को प्रोत्साहन दिया। देहरादून 13 से 15 दिसंबर तक 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस की मेजबानी कर रहा है, जिसमें देशभर के जनसंपर्क एवं कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स भाग ले रहे हैं। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएस) द्वारा आयोजित यह सम्मेलन विकसित भारत -2047: विकास भी, विरासत भी थीम पर केंद्रित है।

## टाटा प्ले बिंज पर अल्ट्रा प्ले और झक्कास ऐप्स लॉन्च

**मुंबई।** टाटा प्ले बिंज ने अपने ओटीटी संग्रह में दो नए ऐप अल्ट्रा प्ले और अल्ट्रा झक्कास शामिल किए हैं,




जिससे हिंदी और मराठी मनोरंजन का दायरा और बड़ा हो गया है। अल्ट्रा प्ले पर 5,000 घंटे से अधिक हिंदी फिल्मों का संग्रह और 1,800 से ज्यादा शीर्षक उपलब्ध हैं, जिनमें क्लासिक से लेकर आधुनिक सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। वहीं अल्ट्रा झक्कास मराठी दर्शकों के लिए 4,000 घंटे से अधिक कंटेंट, 1,500 से ज्यादा फिल्मों, नाटकों और डब किए गए मनोरंजन का बड़ा संग्रह प्रस्तुत करता है। इन दोनों सेवाओं का संचालन 40 साल पुराने ब्रांड अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा। इनके जुड़ने के साथ टाटा प्ले बिंज पर उपलब्ध ऐप्स की संख्या 36 हो गई है।

## फोनपे वेल्थ ने लॉन्च की डेली शिप सुविधा

**मुंबई।** फोनपे वेल्थ ब्रोकिंग प्रालि ने म्यूचुअल फंड निवेश को और आसान बनाते हुए नई 'डेली शिप' सुविधा लॉन्च की है, जिससे अब यूजर्स फोनपे ऐप के जरिए प्रतिदिन सिर्फ 10 रुपए से निवेश शुरू कर सकते हैं। डेली शिप के तहत निवेशक यूपीआई ऑटोपे के जरिए आसानी से निवेश सेट कर सकते हैं और इक्विटी, गोल्ड और मल्टी-एसेट जैसे फंड विकल्पों में अपनी आवश्यकता के अनुसार चयन कर सकते हैं। निवेश राशि को कभी भी बढ़ाया, घटाया या शिप को रोका जा सकता है।

**संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश**
**कामधेनू भवन वैशाली नगर भोपाल**
E-mail -:dirveterinary@mp.gov.in Tel:- 0755-2772262

क्रमांक 15746/भण्डार / 2025-26 भोपाल दिनांक- 08/12/2025

**// नीलामी सूचना //**

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा कार्यालय में अनुपयोगी सामग्री (टेबल, कुर्सी, अलमारी, रेक, एवं सोफा आदि) जो जहां है, जिस हालत में है, की नीलामी हेतु दरें आमंत्रित हैं।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 24-12-2025 को कार्यालयीन समय में आकर सामग्री एवं शर्तें देख सकते हैं एवं दिनांक 26-12-2025 तक सायं 3.00 बजे तक कार्यालयीन समय में संलग्न शर्तों पर सहमती के साथ सील बंद लिफाफे में अपनी दरें संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी कार्यालय में प्रेषित करें। नियत तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाली दरें पर विचार नहीं किया जाएगा।

जी-22665/25

संचालक पशुपालन एवं डेयरी
मध्यप्रदेश,

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

## सिस्टेक हेडस्टार्ट 5.0 में आये उद्योग जगत के दिग्गज

**भोपाल।** सागर ग्रुप का नेक और एनबीए द्वारा मान्यता प्राप्त सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सिस्टेक) ने अपने गांधी नगर कैंपस में हेडस्टार्ट 5.0-इंडस्ट्री एकेडेमिया फोरम का आयोजन किया। सिस्टेक



हेडस्टार्ट 5.0 इंडस्ट्री एकेडेमिया फोरम में पराग त्रिवेदी डायरेक्टर सेल्सफोर्स, जशुवा पी. सेल्सफोर्स लीड, एब्सिज, सुमित विजयवर्गीय सीनियर कंसल्टेंट, डेलोइट, प्रशांत राठी सी.ओ.ओ. एमपी ऑनलाइन, सनी बिलावा, हेड नेक्सएएलएम सीओई एचसीएल टेक और समित सक्सेना, टेक्नोलॉजी लीडर, जेन एआई सॉल्यूशंस स्ट्रैटेजिस्ट, क्वांटिफाय उद्योग के ट्रेंडसेटर के रूप में उपस्थित रहे। सिस्टेक हेडस्टार्ट 5.0 के उद्घाटन में सिद्धार्थ अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर सागर ग्रुप, डॉ. ज्योति देशमुख, डॉ. मनीष बिल्लोरे प्रिंसिपल, डॉ. अभिषेक चौबे प्रिंसिपल रातीबड़, डॉ. कुलदीप गंजू प्रिंसिपल, प्राची वास्तव, कॉर्पोरेट रिलेशंस प्रमुख मौजूद रहे।

## आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा पुणे में छात्रों के लिए अलुम्नी पार्टी का आयोजन

**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी द्वारा इंजीनियरिंग, पॉलिटैक्निक,



फार्मेसी, एवं मैनेजमेंट के 2011 से 2025 बैच के छात्रों के लिए पुणे में अलुम्नी पार्टी का आयोजन किया गया । इसमें मल्टीनेशनल कंपनी टीसीएस, परसिस्टेंट, विप्रो, इंफोसिस, जेनसर, एटोस, जीएस लेब्स, जेड ग्लोबल, कैपजेमिनी डेल टेक्नोलॉजीज, पियाजियो आदि में कार्यरत छात्रों ने भाग लिया। अलुम्नी पार्टी के शुभारंभ मौके पर इंजी. बी एस यादव, चांसलर एवं शीर्ष कंपनियों के अन्य एचआर ने भी पुणे चैप्टर के आईईएसए छात्रों के साथ बातचीत की और उनकी उपलब्धियों और पेशेवर प्रगति के बारे में अपडेट प्राप्त किया।

## इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में जेस्ट फेस्ट का भव्य आयोजन

भोपाल। इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में जेस्ट फेस्ट स्पोर्ट्स डे 2025 का भव्य आयोजन अत्यंत जोश, उत्साह व उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की थीम थी हरित लक्ष्य स्वस्थ मन ग्रीन गोल, हेल्दी सोल, जिसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ



मुख्य अतिथि विवेक सिंह (आईपीएस), उप पुलिस आयुक्त, भोपाल एवं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सोनिया मीणा (आईएएस), कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा ध्वजारोहण और मशाल प्रज्जवलित कर किया। आपने छात्रों के उत्साह, विद्यालय की व्यवस्थाओं और थीम आधारित प्रस्तुति की सराहना की। स्कूल के चेयरमैन अशोक नंदा, वाइस चेयरमैन आलोक नंदा, अरुणा नंदा तथा प्रधानाचार्या दीप्ति सिंह एवं उप प्रधानाचार्यों ने सम्माननीय अतिथियों का स्वागत करते हुए खेलों के महत्व और छात्रों के समग्र विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

## एथर के फैमिली स्कूटर रिज्टा की बिक्री 2 लाख यूनिट पार, देशभर में बढ़ी मांग

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी एथर एनर्जी के फैमिली स्कूटर रिज्टा ने लॉन्च के सिर्फ



एक साल में 2 लाख से अधिक यूनिट्स की बिक्री का बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। मई 2025 में 1 लाख बिक्री पार करने के बाद मात्र छह महीने में यह उपलब्धि हासिल हुई, जो इसके बढ़ते क्रेज को साबित करती है। एप्रिल 2024 में लॉन्च हुए रिज्टा ने दक्षिण भारत के बाहर भी कंपनी की पकड़ मजबूत की। मध्य भारत, पंजाब और उत्तर प्रदेश में एथर का बाजार तेजी से बढ़ा है। फिलहाल कंपनी की कुल बिक्री में रिज्टा की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है। रिज्टा दो मॉडल एस और जेड में उपलब्ध है, जिनकी आईडीसी रेंज क्रमशः 123 किमी और 159 किमी है।

**SECTION-1**
**Notice Inviting Tender**
**GOVERNMENT OF MADHYA PRDESH**
**FOREST DEPARTMENT**
**BHOPAL.**

NIT. No. MPFD_BPL 2025_004 Dated 11.12.2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. /Pkg/ Code | Name of Work | District (s) | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | TURNKEY CONSTRUCTION OF VAN CHOKI SAMARDHA | Bhopal | Rs. 34.60 | ON OR BEFORE MARCH 15, 2026 |

1. Interested bidders can view the detailed NIT on the website https://mptenders.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only online from 11.12.2025, 10.30 to 26.12.2025, 3.30 Pm.
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

जी-22664/25

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

D.F.O.
BHOPAL (T.)

**कार्यालय - प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल (म. प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला न्यायालय, भोपाल के कार्यालय/न्यायालयों के उपयोग हेतु विभिन्न कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग की सामग्री निविदा दस्तावेज में उल्लेखित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत को क्रय किये जाने हेतु अनुभवी, प्रतिष्ठित सेवा प्रदाताओं से निविदायें आमंत्रित की जाना है ।

उक्त निविदा संबंधी विस्तृत दस्तावेज एवं निविदा की नियम एवं शर्तें माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की वेबसाइट www.mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय भोपाल की वेबसाइट https://bhopal.dcourts.gov.in/#tenders तथा एमपीटेंडर पोर्टल www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

**समय सारणी**

| सरल क्रमांक | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.12.25 |
| 02 | निविदा की अंतिम तिथि एवं समय | 24.12.25 सायं 5.00 बजे |
| 03 | निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | 26.12.25 सायं 4.00 बजे |
| 04 | निविदा शुल्क | 100/- |
| 05 | सुरक्षा निधि ( एक मुश्त ) | 10,000/- |

जी-22652/25

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
भोपाल (म.प्र.)

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**
**पत्रकार कॉलोनी, लिंक रोड नम्बर-3,**
**मध्यप्रदेश भोपाल - 462016**
**निविदा आमंत्रण की सूचना**

क्रमांक /2025/474386 दिनांक 11-12-2025

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदाय करने एवं लगाने हेतु भारत सरकार के एडिप योजना अंतर्गत चयनित संस्था से निविदा दिनांक 12.12.2025 से 26.12.2025 तक वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 हेतु आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का नाम | अमानत राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|
| सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में दिव्यांगजनों हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण निर्माण केन्द्र प्रारंभ हेतु रूची की अभिव्यक्ति | 1,00,000/- | 2,000/- |

1. निविदा के दस्तावेज MP Tender Portal अथवा विभागीय वेबसाईट www.socialjustice.mp.gov.in में देखा जा सकता है एवं उक्त पोर्टल से डाऊनलोड किया जा सकता है।
2. निविदा को प्रशासनिक कारणों से किसी भी समय स्थगित या रद्द किया जा सकता है और इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नही किया जाएगा।
3. संशोधन/शुद्धिपत्र यदि कोई हो, समाचार पत्र पर विज्ञप्ति नहीं किया जाएगा किन्तु केवल विभागीय वेबसाइड / नोटिस बोर्ड में प्रकाशित किया जाएगा
4. आवेदक को निविदा के आवेदन के लिए समस्त दस्तावेजों के साथ विवरण के अनुसार और फीस को ऑनलाईन एमपी टेंडर्स पोर्टल के माध्यम से जमा करना होगा।

Digitally signed by
Arun Joshi
Date: 11-12-2025

जी-22649/25

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन
सशक्तिकरण संचालनालय
मध्यप्रदेश

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक खिवनी अभ्यारण्य कन्नौद**

☎: 07273-222542, 9424792199 ✉ sdoFTkheoni@mp.gov.in

क्रमांक/राजसात/2025/1358 कन्नौद, दिनांक 08/12/2025

**सूचना-पत्र**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि वन्यप्राणी अभ्यारण्य खिवनी वन मण्डल (क्षै.) देवास के परिक्षेत्र अंतर्गत वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन जप्त किये गये है। जिनके राजसात की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जा रही है ।

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | रेंज केस नम्बर | वन अपराध प्रकरण क्र. /दिनांक | वाहन का प्रकार | इंजन नम्बर | चेसिंस नम्बर | वाहन का पंजीयन नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | हरसपुर | | 44964/09 14.09.2025 | मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स | अस्पष्ट | HA11EFE9G08848 | बिना पंजीयन नम्बर की। |
| 02 | हरसपुर | | 44967/20 14.09.2025 | मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स एवं हिरो स्प्लेन्डर | अस्पष्ट<br>अस्पष्ट | HA11EMH4C02230<br>HA11EYL4G08320 | बिना पंजीयन नम्बर की।<br>बिना पंजीयन नम्बर की। |
| 03 | हरसपुर | | 44967/21 16.09.2025 | मोटर सायकल हिरो एच. एफ. डिलक्स | अस्पष्ट | HA11EGD9D15636 | बिना पंजीयन नम्बर की। |
| 04 | हरसपुर | | 44967/22 16.09.2025 | मोटर सायकल टी.व्ही.एस. स्टार सिटी | अस्पष्ट | अस्पष्ट | बिना पंजीयन नम्बर की। |

अतः सूचना प्रकाशित होने के एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में वाहन मालिक / वाहन में हित रखने वाले व्यक्ति उपस्थित होकर वाहन से संबंधित समस्त वैध अभिलेख एवं अपना लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत करें। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर वन अधिनियम के तहत जप्तशुदा वाहनों को शासन पक्ष में अधिहृत (CONFISCATE) किया जावेगा ।

जी-22661/25

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

प्राधिकृत अधिकारी एवं
अधीक्षक खिवनी अभ्यारण्य कन्नौद

# तीसरे मैच में गिल की बल्लेबाजी पर रहेंगी नजरें

## भारत-द. अफ्रीका टी-20 सीरीज : मैच शाम सात बजे शुरू होगा

**धर्मशाला, जेएनएन।** भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में आज यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो सब की निगाहें शुभमन गिल की बल्लेबाजी पर होगी जो इस प्रारूप में खुद को साबित कर चुके संजू सैमसन की जगह लेने के बाद अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में नाकाम रहे है। गिल को श्रृंखला के बाकी बचे तीनों मैचों में एकादश में जगह मिलना लगभग तय है लेकिन उनके लिए चीजें आसान नहीं है। टी20 विश्व कप अब सिर्फ छह सप्ताह दूर है और यह सलामी बल्लेबाज इन मैचों में अगर लय हासिल करने में विफल रहा तो टीम दूसरी योजना पर काम करने का मन बना सकती है। धर्मशाला में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का पूर्वानुमान है और बर्फ से ढकी धौलाधार पर्वतमाला की पृष्ठभूमि में खेले जाने वाले मुकाबले से पहले भारतीय ड्रेसिंग रूम के भीतर माहौल गर्म होगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से चली आ रही खराब लय पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि उपकप्तान गिल अब तक भरोसा जगाने में नाकाम रहे हैं। संजू सैमसन जैसे स्थापित सलामी बल्लेबाज की कीमत पर टीम में शामिल किए गए गिल प्रभाव छोड़ने में संघर्ष करते नजर आए हैं। एनरिच नॉर्किया, मार्को यानसन, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन और लुथो सिपामला जैसे गेंदबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीकी टीम की तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही दिखा चुकी है कि भारतीय परिस्थितियों का कैसे फायदा उठाया जाए। धर्मशाला में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल होगी।



### सूर्यकुमार नंबर तीन पर लौटेंगे

भारतीय कोच गंभीर की पहचान मजबूत फैसले लेने की है लेकिन दूसरे टी20 में अक्षर पटेल को नंबर तीन बल्लेबाजी के लिए भेजने को एक बड़ी रणनीतिक चूक की तरह देखा जा रहा है। इस फैसले की काफी आलोचना हुई है और उम्मीद है कि तीसरे मैच में इस तरह का प्रयोग देखने को नहीं मिलेगा। सूर्यकुमार के फिर से नंबर तीन पर लौटने की संभावना है, जहां उन्होंने काफी सफलता हासिल की है। इसी तरह बल्लेबाजी क्रम में अत्यधिक फेरबदल के चलते शिवम दुबे को नंबर आठ पर भेजना भी एक कमजोर फैसला रहा, जिसे अगले मैच में सुधारने की जरूरत होगी।

### गिल को खेलनी होगी बड़ी पारी

गिल को अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के फैसले को सही साबित करने के लिए असाधारण प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ एक खराब श्रृंखला के बाद संजू सैमसन को बाहर करने ा निर्णय अब भी सवालों के घेरे में है। टेस्ट और वनडे में कलात्मक बल्लेबाजी करने वाले कप्तान गिल को टी20 प्रारूप में दोबारा खुद का ढालना होगा। उन्हें बाकी तीन में से कम से कम दो मैचों में बड़ी पारियां खेलनी होंगी। ऐसा नहीं हुआ तो सैमसन की वापसी या फिर 165 की शानदार टी20 अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइक रेट वाले यशस्वी जायसवाल को न्यूजीलैंड श्रृंखला में मौका मिल सकता है।

### कुलदीप हो सकते हैं बाहर

कुलदीप यादव ऐसे गेंदबाज रहे हैं जिन्होंने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया है। भारतीय टीम प्रबंधन आठवें क्रम तक बल्लेबाजी करने की क्षमता वाला खिलाड़ी चाहता है ऐसे में कलाई के इस खब्बू स्पिनर को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। धर्मशाला में भी कुलदीप को बाहर बैठना पड़ सकता है, क्योंकि वरुण चक्रवर्ती के साथ उन्हें खिलाने से बल्लेबाजी संतुलन बिगड़ सकता है। अर्शदीप सिंह का प्रदर्शन इस श्रृंखला में खास नहीं रहा है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम प्रबंधन जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद हार्दिक पांड्या को सौंपते हुए, कुलदीप यादव के लिए एकादश में जगह बना पाता है या नहीं।

### संतुलित टीम है द. अफ्रीका

दुनिया भर की मौजूदा टी20 टीमों को देखे तो दक्षिण अफ्रीका इस बार उपमहाद्वीप में खिताब जीतने के लिए काफी मजबूत और संतुलित नजर आ रहा है। क्विंटन डिकॉक की वापसी और उनके साथ कप्तान एडन मारक्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, डोनोवन फरेरा, डेविड मिलर और हरफनमौला यानसन की मौजूदगी ने उनकी बल्लेबाजी को बेहद खतरनाक बना दिया है। विश्व कप से पहले अब भारत के पास सिर्फ आठ मैच बचे हैं।

## रीयाल सोसिएदाद को 2-1 से हराया



**मैड्रिड, जेएनएन।** यूक्रेन के स्ट्राइकर विक्टर त्सिगानकोव के आखिरी 15 मिनट में दो गोल की मदद से गिरोना ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रीयाल सोसिएदाद पर 2-1 से जीत हासिल की। यह 'ला लीगा' के मौजूदा सत्र में प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर गिरोना की पहली जीत है। गोंकालो गुएडेस ने हाफ टाइम से 10 मिनट पहले एक शानदार स्ट्राइक के साथ सोसिएदाद के लिए गोल किया, लेकिन त्सिगानकोव ने आठ मिनट के अंदर (76वें और 84वें मिनट) दो गोल के साथ गिरोना को रेलीगेशन जोन (20 टीमों की तालिका में आखिरी दो स्थान) से बाहर निकाल दिया। इस जीत से गिरोना की टीम तालिका में 17वें स्थान पर पहुंच गयी। सोसिएदाद 14वें पायदान पर है।

# भारत और पाकिस्तान के बीच आज होगा अंडर-19 क्रिकेट एशिया कप ग्रुप स्टेज मैच

**दुबई, जेएनएन।** दुबई भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को अंडर-19 क्रिकेट एशिया कप में ग्रुप स्टेज का मैच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच जूनियर लेवल पर पिछले तीनों मैच पाकिस्तान ने ही जीते। यहां तक कि एमर्जिंग एशिया कप में अंडर-23 टीमों के बीच पिछला मैच भी पाकिस्तान के नाम ही रहा। टीम इंडिया के पास दुबई में इस रिकॉर्ड को सुधारने का मौका है। टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज में भारत का पहला मैच यूएई से था, इसमें 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने 14 छक्के लगाकर 171 रन बना दिए थे। दूसरी ओर पाकिस्तान के समीर मिन्हास ने मलेशिया के खिलाफ टीम के पहले मैच में 177 और अहमद हुसैन ने 132 रन बना दिए। भारत ने यूएई को हराकर शुरुआत की एसीसी का अंडर-19 एशिया कप 12 दिसंबर से शुरू हुआ। ग्रुप-ए में भारत ने अपने पहले मैच में यूएई और पाकिस्तान ने मलेशिया को हराकर विजयी शुरुआत की।

### प्रसारण सुबह 10.30 बजे सोनी नेटवर्क पर




**भारत-** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, आरोन जॉर्ज, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन सिंह और हेनिल पटेल।

**पाकिस्तान-** उस्मान खान, समीर मिन्हास, अली हसन बलोच, अहमद हुसैन, फरहान यूसुफ (कप्तान), हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसान, निकाब शफीक, दानियाल अली खान, मोहम्मद सैय्याम और अली रजा।

### वैभव ने जड़ा था शतक

इससे पहले यूएई से हुई मैच में वैभव सूर्यवंशी ने शतक लगाया था और आरोन और विहान ने 69-69 रन की पारियां खेलीं। यूथ वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाने के बाद टीम इंडिया ने यूएई को महज 199 रन ही बनाने दिए। टीम ने 234 रन के बड़े अंतर से मुकाबला जीता।

### भारत को 5 साल पहले मिली थी आखिरी जीत

अंडर-19 वनडे में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी जीत फरवरी 2020 में मिली थी। तब वर्ल्ड कप में इंडिया अंडर-19 ने 10 विकेट से मुकाबला जीता था। इसके बाद 2021, 2023 और 2024 में दोनों टीमों के बीच 3 वनडे खेले गए, तीनों में पाकिस्तान को ही जीत मिली। तीनों मुकाबले एशिया कप में ही खेले गए थे।

## टी20 विश्व कप के टिकट बिक्री पोस्टर पर पीसीबी खफा



**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में अपने कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर न होने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से नाखुश है। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि इस मामले को आईसीसी के समक्ष उठाया गया है क्योंकि प्रचार पोस्टर में केवल पांच कप्तानों की तस्वीर है। इसमें सूर्यकुमार यादव (भारत), एडेन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया), दासुन शनाका (श्रीलंका) और हैरी ब्रूक (इंग्लैंड) शामिल है। सूत्र ने कहा, कुछ महीने पहले एशिया कप के दौरान भी हमें इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा था, उस समय प्रसारकों ने हमारे कप्तान की तस्वीर के बिना ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया था।

## ब्लाइंड वुमन्स टी-20 वर्ल्ड कप विजेता खिलाड़ियों को 25-25 लाख का ऐलान



**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** ब्लाइंड वुमन्स टी20 वर्ल्ड कप 2025 में विश्व विजेता बनने वाली भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम की मध्यप्रदेश की तीनों खिलाड़ी — नर्मदापुरम (पिपरिया) की सुनीता सराठे, बैतूल की दुर्गा येवले एवं दमोह की सुषमा पटेल ने आज अपने परिजनों एवं प्रशिक्षकों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का स्वागत कर सम्मानित किया और उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि को पूरे प्रदेश के लिए गौरव एवं प्रेरणास्त्रोत बताया। मध्यप्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करते हुए ब्लाइंड वुमन्स टी20 वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत में मध्यप्रदेश की तीन बेटियों — नर्मदापुरम (पिपरिया) की सुनीता सराठे, बैतूल की दुर्गा येवले एवं दमोह की सुषमा पटेल का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए प्रत्येक खिलाड़ी को कुल 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने की घोषणा की। इसमें 10 लाख रुपये नकद तथा 15 लाख रुपये की सावधि जमा (एफडी) शामिल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने महिला खिलाड़ियों के कोच सर्वश्री सोनु गोलकर, ओमप्रकाश पाल और दीपक को एक-एक लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

## देश-विदेश

# 50% टैरिफ शॉक: 'एकतरफा' कदम को लेकर मेक्सिको के संपर्क में भारत

## स्थिर और संतुलित व्यापार माहौल बनाने का लक्ष्य

### भारत-मेक्सिको ट्रेड

| 5.75 | 2.9 |
|---|---|
| बिलियन भारत से एक्सपोर्ट | बिलियन इंपोर्ट मेक्सिको से |

**नई दिल्ली,जेएनएन।** मेक्सिको द्वारा 50 फीसदी तक की भारी टैरिफ बढ़ोतरी की खबरों के बीच नई दिल्ली कई तरह के प्रोडक्ट्स पर ड्यूटी बढ़ाने के 'एकतरफा' कदम को लेकर मैक्सिकन अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि बातचीत का मकसद दोनों देशों के लिए फायदेमंद समाधान ढूंढना है, साथ ही एक्सपोर्टर्स के हितों की रक्षा का विकल्प भी खुला रखना है। टैरिफ में बढ़ोतरी उन देशों पर लागू होती है, जिनके मेक्सिको के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं हैं, जिनमें भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया शामिल हैं। जब शुरुआती बिल पेश किया गया था, तब भी भारत ने चिंता जताई थी। भारत की एम्बेसी ने 30 सितंबर को मैक्सिको से संपर्क किया और भारतीय एक्सपोर्ट को बदले टैरिफ स्ट्रक्चर से बचाने के लिए खास ध्यान देने की मांग की।

### एक जनवरी से लागू होंगे बदले टैरिफ



अधिकारी ने कहा, भारत मेक्सिको के साथ पार्टनरशिप को महत्व देता है और एक स्थिर और संतुलित ट्रेड माहौल बनाने के लिए मिलकर काम करने को तैयार है, जिससे दोनों देशों के बिजनेस, कंज्यूमर को फायदा हो। भारत-मेक्सिको एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर भी बातचीत शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके लिए फॉर्मल बातचीत के पैरामीटर जल्द ही फाइनल होने की उम्मीद है। एनालिस्ट का मानना है कि इस तरह के एग्रीमेंट से भारतीय कंपनियों को नई ड्यूटी से बचाने में मदद मिलेगी, जिन्हें अमेरिकी दबाव में लागू किया गया था, ताकि मैक्सिकन टैरिफ को चीन के खिलाफ अमेरिकी उपायों के साथ जोड़ा जा सके व यूएस मार्केट में इनडायरेक्ट शिपमेंट को रोका जा सके। मैक्सिकन सीनेट ने 11 दिसंबर को टैरिफ को मंजूरी दी। इसका मकसद घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करना और ट्रेड इम्बैलेंस को कम करना है। इसके तहत भारत सहित मेक्सिको के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट न करने वाले देशों के लगभग 1,463 प्रोडक्ट कैटेगरी पर 5 से 50 फीसदी तक की इंपोर्ट ड्यूटी लागू होगी। डिटेल्ड प्रोडक्ट लिस्ट अभी पब्लिश नहीं हुई है।

### बिना सलाह-मशविरा एकतरफा टैरिफ ट्रांसपेरेंसी के खिलाफ

अधिकारी ने कहा कि भारत बिना पहले से सलाह-मशविरा किए एकतरफा एमएफएन टैरिफ बढ़ाने को कोऑपरेटिव इकोनॉमिक एंगेजमेंट और मल्टीलेटरल ट्रेडिंग सिस्टम के आधार पर प्रेडिक्टेबिलिटी और ट्रांसपेरेंसी के सिद्धांतों के खिलाफ मानता है। सरकार सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ करीबी संपर्क में रहते हुए मेक्सिको के टैरिफ बदलावों का असेसमेंट जारी रखे हुए है। इंडस्ट्री बॉडीज ने इस कदम पर चिंता जताई है।

### ऑटोमोबाइल सहित कई सेक्टरों पर असर

फिओ के डायरेक्टर जनरल अजय सहाय ने चेतावनी दी कि इस फैसले से ऑटोमोबाइल, मशीनरी, इलेक्ट्रिकल सामान, केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल और प्लास्टिक जैसे सेक्टर्स पर असर पड़ सकता है। सहाय ने कहा, इतनी ज्यादा ड्यूटी हमारी कॉम्पिटिटिवनेस को खत्म कर देंगी और सप्लाई चेन में रुकावट पैदा करने का रिस्क होगा, जिन्हें बनने में सालों लग गए हैं। उन्होंने एक कॉम्प्रिहेंसिव ट्रेड एग्रीमेंट पर तेजी से काम करने की अपील की। एसीएमए ने यह भी संकेत दिया है कि मेक्सिको को एक्सपोर्ट पर बढ़ी हुई ड्यूटी के कारण भारतीय ऑटो कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स को ज्यादा कॉस्ट प्रेशर का सामना करना पड़ सकता है। 2024-25 में भारत का मेक्सिको को एक्सपोर्ट 5.75 बिलियन था, जबकि मेक्सिको से इंपोर्ट 2.9 बिलियन का था।

## पाकिस्तान में रणवीर और अक्षय कुमार पर एफआईआर की मांग



**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान में कराची की एक अदालत में भारतीय फिल्म 'धुरंधर' के खिलाफ एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म में पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के झंडे और पार्टी रैलियों के फुटेज का बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ ही फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है।

### पीपीपी को आतंक समर्थक दिखाने का आरोप

यह याचिका पीपीपी के कार्यकर्ता मोहम्मद आमिर ने कराची के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट (साउथ) में दाखिल की है। याचिका में मांग की गई है कि फिल्म के निर्देशक, निर्माता, कलाकार और फिल्म के प्रचार व निर्माण से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

### फोन, कपड़े, महंगे गैजेट सब भूल जाइए

# रिचार्ज और स्ट्रीट फूड में यूथ उड़ा रहा जमकर पैसा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आज के यूथ में खर्च करने का ट्रेंड धीरे-धीरे बदल रहा है। कई रिपोर्ट में पहले यह सामने आया कि यूथ गैजेट और लाइफस्टाइल पर जमकर खर्च कर रहा है, लेकिन अब आप फोन, कपड़े, महंगे गैजेट भूल जाइए। मौजूदा समय में आज का युवा अपना पैसा बिल्कुल अलग-अलग चीजों पर खर्च कर रहा है। एक हालिया रिपोर्ट में लाखों-करोड़ों यूपीआई ट्रांजेक्शन के आधार पर सनसनीखेज खुलासा किया गया है। रिपोर्ट से सामने आया है कि 30 साल से कम उम्र वाले 72 फीसदी यूथ रोजाना पैसा किन चीजों पर खर्च करते हैं। रिपोर्ट से सामने आया है कि 74 फीसदी यूथ हर महीने 50 से ज्यादा डिजिटल पेमेंट करते हैं। काफी लोगों के डिजिटल पेमेंट का आंकड़ा 200 से ऊपर पहुंच जाता है। यूपीआई उनके लिए सांस लेने जितना नॉर्मल हो गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि 76 फीसदी ट्रांजेक्शन 200 रुपए से कम के हैं। यूथ का असली खर्च आज के समय में चाय-समोसा, ग्रॉसरी से जुड़े छोटे सामान, रिचार्ज, स्ट्रीट फूड यही असली खर्चे हैं।




### फैक्ट



- **76%** ट्रांजेक्शन 200 रुपए से कम
- **74%** यूथ हर महीने कर रहा 50 से ज्यादा यूपीआई पेमेंट
- **06** से सुबह 11 बजे तक किराना, सुपरमार्केट ट्रांजेक्शन पीक
- **45%** यूथ रख रहा क्रेडिट कार्ड की दुनिया में कदम
- **12** से सुबह 6 बजे तक फूड डिलीवरी के ट्रांजेक्शन ज्यादा
- **72%** यूथ 30 साल से कम उम्र के
- **41%** यूथ मेट्रो के अलावा टियर-1, 2 और 4 सिटी

# बांग्लादेश: हसीना विरोधी नेता के सिर पर मारी गोली

## हमले से पहले 'ग्रेटर बांग्लादेश' का मैप किया था शेयर



**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को शेख हसीना विरोधी नेता उस्मान हादी पर दिनदहाड़े गोलीबारी की गई। हमले में उस्मान के सिर में गोली लगी। उनकी हालत बेहद गंभीर है। उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है और जान बचने की संभावना बेहद कम बताई जा रही है। उस्मान हादी इस्लामी संगठन 'इंकलाब मंच' के प्रवक्ता हैं और चुनाव में ढाका से निर्दलीय मैदान में हैं। बांग्लादेश में 11 दिसंबर को चुनाव का ऐलान हुआ था, इसके बाद यह वारदात सामने आई है। उन्होंने एक बैठक का आह्वान भी किया था, जिसका विषय था-'तुम कौन हो, मैं कौन हूं? बंगला और बंगालियों की शुरुआत की कहानी।' इस पोस्ट के बाद सियासी हलकों में विवाद और तेज हो गया था। घटना पर मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल में इस तरह की हिंसा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। यूनुस ने सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि हमलावरों की जल्द पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए।

## थाईलैंड ने कंबोडिया पर प्लेन से बरसाए बम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का युद्धविराम दावा हवा हवाई साबित हुआ। ट्रंप के ऐलान के कुछ घंटे बाद थाईलैंड ने एफ-16 से कंबोडिया पर बम गिराए। समुद्र से भी गोलाबारी की। थाईलैंड के पीएम अनुतिन चर्नवीराकुल ने साफ कह दिया है कि जंग नहीं रुकेगी। कंबोडिया ने भी ट्रंप के दावे पर चुप्पी साध ली। दोनों देशों के बीच 6 दिनों से जारी जंग को लेकर ट्रंप ने शुक्रवार को थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल और कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेत से बात की थी और युद्धविराम फिर से लागू करने की घोषणा की थी।

12वीं पुण्यतिथि
प्रति दिन स्मरण करते हैं आपको,
श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं आपको।
अमिट यादों के साथ अश्रूपूरित श्रद्धांजलि
श्रद्धावनत
श्रीमती करुणा - सुनील शर्मा, श्रीमती सुनीता- अनिल शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु),
श्रीमती शारदा (जुली)(पुत्रवधु), शशिकांत शर्मा (पुत्र),
श्रीमती सुरभि- विकास शर्मा (पौत्र बहु), अंकित शर्मा,
यश शर्मा (पढपौत्र), कनिका-गौरव (पढपौत्री दामाद)
अंशिका शर्मा, श्रेया शर्मा, स्वस्ति, धानिया, ध्रुव शर्मा,
श्रीमती अन्नपूर्णा -प्रदीप चिरवारिया, श्रीमती कमला-डॉ. नीति व्यास,
नीरज व्यास, श्रीमती उर्मिला (पुत्री) एवं समस्त परिवार



स्व. श्री कैलाशनाथ शर्मा
जन्म : 03.11.1934 स्वर्गवास : 14.12.2014
प्रतिष्ठान : ताज एविएशन सर्विसेस, पते की बात मो.-8223876661

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रंगीन क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 695/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

बेचना है
बेचना है-प्लॉट, 1200 SQFT. आवासीय पूर्ण विकसित, एरिया नीलबड़ मेन रोड, 'मारम कॉम्प्लेक्स' से 200 मीटर, दूरी पर, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, अगल-बगल बड़े बंगलो हैं संपर्क :- 9425370423, 8219727494

FOR SALE
AVAILABLE FOR SALE REPO VEHICLE TRACTOR TAFE 241 DI MODEL - 2023 RC NO. MP-38-ZA-6580 ENGINE NO - S3251M93407 CHASSIS NO - MEA8D061LN1397635 CONTACT - SUNDARAM FINANCE LTD BHOPAL MOB. 9425013492

FOR SALE
AVAILABLE FOR SALE REPO VEHICLE TRACTOR EICHER 485 MODEL - 2025 RC NO. MP-UNREG. ENGINE NO - 535823754445 CHASSIS NO- 935811556712 CONTRACT - SUNDARAM FINANCE LTD BHOPAL MOB. 9425013492

ESSARJEE संपदा PHASE - 4
Bhopal By-Pass Road, Khajurikalan Square,
Near Proposed ISBT
Khajurikalan, Bhopal
Well Connected With Raisen Road.



BLOCK-A
RERA REG. No. P-BPL-22-3367
FLATS & SHOPS AVAILABLE
FLATS STARTING AT 25 Lakh*
ALSO AVAILABLE
DUPLEX ₹40 LAKH* ONWARDS
SINGLEX ₹30 LAKH* ONWARDS
PLOT ₹3000/-Sqft.*
RERA REGISTERED PROJECT
P-BPL-17-445 P-BPL-17-938
Call : 9691927000
ESSARJEE CONSTRUCTIONS PVT. LTD.
BUILDERS, DEVELOPERS AND COLONISERS
Corporate Office : "Essarjee House", Z-10, Zone-1, M.P. Nagar, Bhopal-11
Contact No. : 0755-2558221, 2559665



# समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर

## विकास और सेवा के 2 वर्ष

## आत्मनिर्भर और आधुनिक शहर

### मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों से विकास को गति

- 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों के विकास, औद्योगिक निवेश और रोज़गार वृद्धि तथा बेहतर अधोसंरचना के लिए इंदौर-उज्जैन-देवास-धार को मिलाकर तथा भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) से मिलकर बन रहे 2 मेट्रोपॉलिटन शहर
- भविष्य में और क्षेत्र भी बनेंगे मेट्रोपॉलिटन

### स्वच्छ हरित शहरों की ओर

- ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिये इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास
- इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी में स्मार्ट शहरों और आधुनिक आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति

### आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन

- इंदौर में मेट्रो सेवा शुरु, भोपाल में जल्द शुरु होगा संचालन
- पीएम ई-बस सेवा अंतर्गत 6 शहरों में 550 से अधिक बस परिवहन
- शीघ्र शुरू होगी आधुनिक और सुलभ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

### हर शहरी गरीब को आवास की गारंटी

- पीएम आवास योजना (शहरी) अंतर्गत 8.61 लाख से अधिक परिवारों को पक्का आवास। PMAY-U2.0 के लिये 10 लाख नये आवास का लक्ष्य
- इस योजना में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट में दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश

### स्वच्छ भारत मिशन में सबसे आगे

- इंदौर लगातार 8वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर के सम्मान से पुरस्कृत, अपशिष्ट प्रबंधन के नवाचार में भी सबसे आगे 550 टन प्रतिदिन बायो CNG प्लांट से प्रतिवर्ष 1.30 लाख टन कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी
- 361 निकाय ओडीएफ++ प्रमाणित, उपयोगित जल के उपचार की हाईब्रिड कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड, डी-वॉट्स आदि तकनीकों से बदला स्वच्छता का परिदृश्य

### हर घर में शुद्ध पेयजल

- अमृत योजना 2.0 अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में 224 परियोजनाओं से जल आपूर्ति
- जल जीवन मिशन में 80 लाख+परिवारों को मिला नल कनेक्शन

### आजीविका से खुशहाली

- पीएम स्वनिधि योजना में 13.46 लाख शहरी स्ट्रीट वेंडर्स को ₹2078 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण, योजना में देश में प्रथम स्थान पर मध्यप्रदेश
- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 65 हजार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 6 लाख परिवार एवं 1.50 लाख से अधिक युवा कौशल प्रशिक्षण और रोज़गार से जुड़े

### जल गंगा संवर्धन अभियान, अनूठी पहल

- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 2.30 लाख से अधिक जल दूत पंजीकृत। 83 हजार से अधिक खेत तालाब, 1 लाख से अधिक कुएं रीचार्ज एवं 1 हजार से अधिक अमृत सरोवर बनाए

## डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

*हम अपने शहरों को आत्मनिर्भर निकाय के रूप में विकसित करने और नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सेवाएं प्रदान करने वाले शहरों के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।*
*-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री*

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

D-111160/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

### डॉ. आंबेडकर नगर-तोकुर के बीच चलेगी ट्रेन

**जागरण, उज्जैन।** शीतकालीन छुट्टियों एवं क्रिसमस त्योहार के दौरान ट्रेनों में अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के डॉ. अंबेडकर नगर से तोकुर के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाएगा। इसमें डॉ. आंबेडकर नगर-तोकुर स्पेशल दोनों दिशाओं में दो-दो फेरे चलेगी। गाड़ी 09304 डॉ. आंबेडकर नगर-तोकुर स्पेशल 21 एवं 28 दिसंबर रविवार को 16.30 बजे डॉ. आंबेडकर नगर से चलेगी और मंगलवार को 3 बजे तोकुर पहुंचेगी।

### मोडिफाइड साइलेंसर बेचने वाले तीन दुकानदारों पर कार्रवाई

**जागरण, ग्वालियर।** शनिवार दोपहर को यातायात पुलिस ने शहर में मोडिफाइड साइलेंसर बेचने वाले तीन दुकानदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान तीन दुकानों से 61 मोडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए और प्रत्येक दुकानदार पर एक-एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया। दरअसल कंपू थाने की यातायात पुलिस ने यह कार्रवाई शिंदे की छावनी स्थित ऑटोमोबाइल बाजार में की।

# दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री का अंतर बुजुर्ग और बच्चों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक

## ■ दिन में 27 और रात में 7 डिग्री के आसपास ठहर रहा पारा ■ वायरल इंफेक्शन के कारण हजारों लोग पहुंच रहे अस्पताल



**बीते 1 सप्ताह में ऐसा रहा तापमान**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 6 दिंसबर | 24.6 | 6.9 |
| 7 दिंसबर | 25.6 | 7.0 |
| 8 दिंसबर | 27.0 | 7.2 |
| 9 दिंसबर | 26.4 | 7.2 |
| 10 दिंसबर | 26.4 | 6.8 |
| 11 दिंसबर | 26.4 | 6.6 |
| 12 दिंसबर | 27.2 | 6.5 |
| 13 दिंसबर | 27.5 | 6.4 |

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** सर्दियों का मौसम आमतौर पर हेल्दी माना जाता है, लेकिन इन दिनों मौसम का मिजाज लोगों को बीमार कर रहा है। दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री से ज्यादा का अंतर है। जिसे वैज्ञानिक भाषा में डीटीआर (डार्यनल टेम्प्रेचर रेंज) कहा जाता है। तापमान की यह रेंज बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए सबसे खतरनाक माना जाता है। डीटीआर के चलते कई बार अचानक होने वाली मौतों में भी वृद्धि देखी जाती है। क्योंकि शरीर को इतने तेज तापमान बदलाव के साथ एडजस्ट करने में मुश्किल होती है। शरीर की थर्मोरिगुलेशन प्रक्रिया (तापमान नियंत्रण) पर दबाव पड़ता है, जिससे इम्यून सिस्टम कमजोर होता है और विभिन्न बीमारियां बढ़ जाती हैं। मौसम वैज्ञानिकों से मिली जानकारी के अनुसार दिन में गर्मी से पसीना आता है और डिहाइड्रेशन हो सकता है, जबकि रात में ठंड से रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ता है और हृदय पर भार पड़ता है। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है, जिससे वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन आसानी से होते हैं।

**एम्स में 12 दिन में 49 हजार मरीज:** डीटीआर या तापमान के उतार चढ़ाव का असर सेहत पर सीधे तौर पर पड़ रहा है, इसका उदाहरण शहर के अस्पतालों में पहुंच रहे मरीजों की संख्या से मिलता है। अकेले एम्स में दिसंबर के 12 दिनों में 49 हजार से ज्यादा मरीज दर्ज किए गए हैं। इनमें ज्यादा मरीज वायरल इंफेक्शन, अस्थमा, निमोनिया और हार्ट डिसीज के पहुंचे हैं। इसके अलावा हमीदिया, जेपी, बीएमएचआरसी, कमला नेहरू सहित एक दर्जन से ज्यादा अन्य अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ उमड़ रही है।

### डीटीआर का किस बीमारी पर क्या असर

- **सर्दी-जुकाम, श्वन संक्रमण:** ठंडी रातों में नाक और गले की झिल्ली सूख जाती है, जिससे वायरस आसानी से प्रवेश करते हैं। फलस्वरूप वायरल फीवर, खांसी, गले में खराश के मरीजों की संख्या में वृद्धि होती है। अस्थमा और सीओपीडी के मरीजों को भी इससे खतरा रहता है।
- **निमोनिया:** इम्यूनिटी कम होने से बैक्टीरिया/वायरस फेफड़ों में संक्रमण करते हैं। बच्चों और बुजुर्गों में ज्यादा खतरा।
- **हृदय संबंधी समस्याएं:** ठंड से रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं, ब्लड क्लॉट बनने का खतरा बढ़ता है और हृदय पर दबाव पड़ता है। स्ट्रोक और हार्ट फेलियर के मामले बढ़ते हैं।
- **जोड़ों का दर्द और गठिया:** ठंड से जोड़ों में सूजन बढ़ती है। सर्दी में ये शिकायतें आम हैं। ठंड से पाचन प्रभावित, थकान, नींद की कमी।

### बीमारियों के मुख्य लक्षण

- **श्वसन संबंधी:** नाक बहना, बंद नाक, खांसी (सूखी या बलगम वाली), गले में दर्द/खराश, सांस लेने में तकलीफ, बुखार, शरीर दर्द।
- **अस्थमा अटैक:** सीने में जकड़न, घरघराहट, तेज सांस।
- **हृदय संबंधी:** सीने में दर्द, सांस फूलना, उच्च रक्तचाप, चक्कर आना।
- **जोड़ों का दर्द:** सूजन, अकड़न, चलने में दिक्कत।

### सावधानियां

- दिन-रात के कपड़े अलग रखें, दिन में हल्के, रात में गर्म कपड़े।
- गर्म तरल पदार्थ ज्यादा पिएं, हाइड्रेटेड रहें।
- मास्क पहनें, ठंडी हवा से बचें।
- बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

"मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हमने सभी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि वह इलाज संबंधी सभी सुविधाएं दुरुस्त रखें और इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही न करें।

• **डॉ. मनीष शर्मा,** सीएमएचओ भोपाल

# मंत्री के सामने प्रजेंटेशन देने मैकेनिक को भेजा

## शाह बोले- मजाक बना रखा है, यहां से जाओ

**जागरण, भोपाल।** रतलाम कलेक्टोरेट की जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब अक्षय ऊर्जा विभाग की ओर से प्रजेंटेशन देने एक मैकेनिक को भेज दिया गया। इस पर जिले के प्रभारी मंत्री और जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह नाराज हो गए और अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ी आपत्ति जताई। मंत्री विजय शाह ने इस लापरवाही को गंभीर बताते हुए अपने पीए को मुख्यमंत्री, चीफ सेक्रेटरी और कमिश्नर को पत्र लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जानबूझकर विभाग प्रमुखों को बैठक में न भेजना अनुशासनहीनता है। जब मैकेनिक संतोष तंवर कुछ कहने लगा तो मंत्री ने सख्त लहजे में उसे वहां से जाने को कहा। इसके बाद उन्होंने उसे पास बुलाकर हाथ मिलाया। धन्यवाद देकर बैठक से बाहर भेज दिया।

**मुझे जिला अधिकारी ने भेजा:** मामले में मैकेनिक संतोष तंवर ने बताया कि विभागीय कार्यालय मंदसौर में है। विभाग के जिला अधिकारी राजेंद्र गोयल हैं। उनके पास 7 जिलों का प्रभार है। वे उज्जैन में बैठते हैं। संतोष तंवर ने बताया- मेरे पास रतलाम और नीमच जिले के मैकेनिक पद का प्रभार है।

### विधायक के सवाल से खुली पोल

बैठक में जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के कार्यों की जानकारी मांगी। जवाब देने पहुंचे व्यक्ति से पद पूछा गया तो उसने खुद को मैकेनिक बताया। विधायक भड़क गए और इसे अपमान बताया। इसके बाद मंत्री विजय शाह ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि विभाग प्रमुखों की जगह मैकेनिक भेजना बैठक को हलके में लेना है। मंत्री ने एडीएम से सवाल किया कि मंत्री और विधायक मौजूद हैं, फिर भी विभाग प्रमुख क्यों नहीं आए। 35 साल से विधायक और 30 साल से मंत्री हूं, ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अवैध खनन करते एक पोकलेन व दो डंपर जब्त

**जागरण, खंडवा।** शहर में हाईवे कंस्ट्रक्शन कंपनी के अवैध खनन पर खनिज विभाग ने एक्शन लिया है। इस दौरान खनिज विभाग ने कंपनी की एक पोकलेन मशीन और दो डंपर जब्त किए। पोकलेन को मौके पर ही खड़ा कर दिया गया है, वहीं दो डंपरों को पुलिस थाने ले जाया गया। दरअसल मामला ओंकारेश्वर फोरलेन निर्माण से जुड़ा है, ठेकेदार द्वारा एक निजी भूमि पर बिना अनुमति के खनन किया जा रहा था। मामले की सूचना मिलने के बाद खनिज इंस्पेक्टर कंचन दांडेकर एक्शन में आए और उन्होंने मोरटक्का के पास उक्त जमीन पर दबिश दी। जहां पर एक पोकलेन मशीन खुदाई करती हुई मिली। अवैध रूप से खनन की गई मुरम का दो डंपरों से परिवहन किया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि ओंकारेश्वर से इंदौर मार्ग तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसका ठेका धनगांव से बलवाड़ा तक नेशनल हाईवे बना रही केदारेश्वर कंपनी ने लिया है। इसी कंपनी के दो डंपर और एक पोकलेन मशीन को खनिज इंस्पेक्टर दांडेकर ने जब्त किया है। टीम ने वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया है। आगे की कार्रवाई सोमवार को होगी।



# पूर्व मंत्री ने खोया आपा कार्यकर्ता को जड़े थप्पड़

**जागरण, राजगढ़।** प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष का गुस्सा देखने को मिला, जिसका शिकार एक कार्यकर्ता बना। इस दौरान पूर्व मंत्री ने यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता को थप्पड़ जड़ दिए, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, राजगढ़ में गोवंश की दुर्दशा को लेकर यूथ कांग्रेस ने बड़ा प्रदर्शन किया। जिसमें पूर्व ऊर्जा मंत्री और वर्तमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह भी शामिल थे। वे बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ राज्यपाल के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपने गए थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग कर सभी को रोक दया। बताया जा रहा है कि इस दौरान एक यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता उग्र हो गया और जबरन बैरिकेडिंग में चढ़ने की कोशिश करने लगा। तभी जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह भड़क उठे और कार्यकर्ता को थप्पड़ रसीद कर दिए।



# ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता को किया गिरफ्तार

## नरगिस के समर्थकों में भारी आक्रोश

**दुबई, जेएनएन।** ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को अचानक गिरफ्तार कर लिया है, इससे उनके समर्थकों में भारी आक्रोश पैदा हो गया है। नरगिस के नाम पर बनी एक संस्था ने शुक्रवार को बताया कि राजधानी तेहरान से करीब 680 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित मशहद में उनको उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वे एक मानवाधिकार वकील की स्मृति सभा में शामिल होने गई थीं। बता दें कि इस वकील की हाल ही में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। ईरान के एक अधिकारी ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। मगर यह स्पष्ट नहीं है कि इसके बाद 53 वर्षीय मोहम्मदी को तुरंत जेल भेजा जाएगा या नहीं। बता दें कि वे दिसंबर 2024 में चिकित्सीय कारणों से अस्थायी रिहाई पर थीं। अब नरगिस की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब ईरान बुद्धिजीवियों और अन्य लोगों पर सख्ती कर रहा है, क्योंकि देश प्रतिबंधों, खराब होती अर्थव्यवस्था और इजरायल के साथ फिर से युद्ध के डर से जूझ रहा है। मोहम्मदी की गिरफ्तारी से पश्चिमी देशों का ईरान पर दबाव बढ़ सकता है। क्योंकि इस दौरान ईरान बार-बार अपने परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की इच्छा जता रहा है, हालांकि यह अभी तक शुरू नहीं हुई है। नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी ने मोहम्मदी की गिरफ्तारी पर गहरी चिंता व्यक्त की है और ईरानी अधिकारियों से उनकी तुरंत और बिना शर्त रिहाई की मांग की है।









मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।